आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 34°C | 28°C |

इनसाइड न्यूज


रेखा तोमर की जगह रेखा पांडेय नाम होता तो अब तक चल गया होता...

उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

रविवार 14 सितंबर, 2025 / पेज: 12 / मूल्य: ₹3.00/- लखनऊ वर्ष: 16, अंक: 328 www.janexpresslive.com/epaper



अमित शाह करेंगे एएनटीएफ प्रमुखों के... 12

### मणिपुर में हिंसा के 2 साल बाद पीएम का दौरा, चुराचांदपुर में रिलीफ कैंप पहुंचे, इंफाल में हिंसा पीड़ितों से मिले

# शांति का रास्ता चुनें: पीएम मोदी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी।**
**इंफाल/चुराचांदपुर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को मणिपुर के चुराचांदपुर और इंफाल पहुंचे। उन्होंने चुराचांदपुर में 7,300 करोड़ औ इंफाल में 1,200 करोड़ से ज्यादा की विकास परियोजनाओं की शिलान्यास और उद्घाटन किया। मणिपुर में मई, 2023 में हिंसा भड़कने के बाद पीएम मोदी का यह पहला दौरा है। प्रधानमंत्री ने इंफाल में कहा- मणिपुर में किसी भी तरह की हिंसा दुर्भाग्यपूर्ण है। हमें राज्य को शांति और विकास के रास्ते पर लेकर जाना है।नचुराचांदपुर में पीएम ने कहा- मैं सभी संगठनों से शांति के रास्ते पर आगे बढ़ने की अपील करता हूं। मैं वादा करता हूं, मैं आपके साथ हूं। पीएम चुराचांदपुर में हिंसा पीड़ितों से मिलने रिलीफ कैंप गए। इंफाल में कार्यक्रम स्थल पर हिंसा पीड़ितों से बात की। चुराचांदपुर कुकी बहुल पहाड़ी इलाका है। इंफाल घाटी इलाका है और मैतेई समुदाय का गढ़ है। पिछले दो साल से, दोनों समुदायों की एक-दूसरे के इलाकों में आवाजाही बंद है।



### पीएम ने इंफाल में हिंसा प्रभावित लोगों से बातचीत की

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंफाल में जातीय हिंसा के कारण विस्थापित हुए लोगों से बातचीत की। अधिकारियों ने बताया कि मोदी ने इंफाल के ऐतिहासिक कांगला किला परिसर में विस्थापित लोगों के परिवारों की चिंताओं को सुना और उन्हें राज्य में शांति और सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए केंद्र की प्रतिबद्धता का आश्वासन दिया। अधिकारियों ने बताया कि इससे पहले दिन में प्रधानमंत्री ने चुराचांदपुर के पीस ग्राउंड में आंतरिक रूप से विस्थापित व्यक्तियों से बातचीत की। मोदी ने चुराचांदपुर में कहा, कुछ देर पहले, मैं एक राहत शिविर में प्रभावित लोगों से मिला। उनसे मिलने के बाद, मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि मणिपुर में आशा और विश्वास का एक नया सवेरा उग रहा है।

### इंफाल-चुराचांदपुर में पीएम मोदी की 5 बड़ी बातें...

- मणिपुर, मां भारती के मुकुट पर सजा मुकुट रत्न है। हमें मणिपुर की विकासवादी छवि को लगातार मजबूत करना है। मणिपुर में किसी भी तरह की हिंसा दुर्भाग्यपूर्ण है। ये हिंसा हमारे पूर्वजों और हमारी भावी पीढ़ी के साथ भी बहुत बड़ा अन्याय है।
- मणिपुर में सामर्थ्य की कोई कमी नहीं है। जरूरत इस बात की है कि हम संवाद का रास्ता निरंतर मजबूत करें। हमें पहाड़ी और घाटी के लोगों के बीच विश्वास का एक मजबूत सेतु बनाना है। मणिपुर के युवा की पहचान को हिंसा की काली छाया में नहीं डूबने देना चाहिए।
- मणिपुर आशा और उम्मीद की भूमि है। दुर्भाग्य से, हिंसा से इस शानदार इलाके को अपनी चपेट में ले लिया था। कुछ समय पहले, मैं राहत शिविरों में रह रहे प्रभावित लोगों से मिला। उनसे मिलने के बाद, मैं कह सकता हूं कि उम्मीद और विश्वास की नई सुबह मणिपुर में दस्तक दे रही है।
- किसी भी क्षेत्र में विकास के लिए शांति जरूरी है। पिछले 11 सालों में, पूर्वोत्तर में कई संघर्ष समाप्त हुए हैं। लोगों ने विकास को प्राथमिकता देते हुए शांति का मार्ग चुना है। मणिपुर में भी समझौता वार्ता शुरू हो गई है। यह संवाद, सम्मान और आपसी समझ के साथ शांति स्थापित करने की सरकार की पहल का एक हिस्सा है।
- मैं नेपाल में अंतरिम सरकार की प्रधानमंत्री के रूप में पदभार संभालने पर 140 करोड़ भारतवासियों की तरफ से सुशीला कार्की को हार्दिक बधाई देता हूं। मुझे विश्वास है कि वे नेपाल में शांति, स्थिरता और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करेंगी। आज, मैं नेपाल के हर उस व्यक्ति की प्रशंसा करूंगा, जिसने इतने अस्थिर वातावरण में भी लोकतांत्रिक मूल्यों को सर्वोच्च रखा है। पिछले कुछ दिनों से, नेपाल के युवाओं को नेपाल की सड़कों की सफाई और रंग-रोगन में कड़ी मेहनत करते देखा जा सकता है। मैंने सोशल मीडिया पर उनकी तस्वीरें भी देखी हैं।

### मोदी ने कहा- मणिपुर के खिलाड़ियों के बिना भारत के खेल अधूरे

प्रधानमंत्री ने कहा- मणिपुर के अनेक संतानें देश के अलग-अलग हिस्सों में मां भारती की रक्षा में जुटे हुए हैं। हाल ही में, ऑपरेशन सिंदूर में दुनिया ने भारत की सेना लोहा माना। हमारी सेना ने ऐसा कहर बरपाया कि पाकिस्तान त्राहि-त्राहि करने लगा। इसमें मणिपुर का भी बड़ा योगदान है। पीएम मोदी ने कहा- मैंने साल 2014 में कहा था कि मणिपुर की संस्कृति के बिना भारत की संस्कृति और यहां के खिलाड़ियों के बिना भारत के खेल अधूरे हैं। मणिपुर का युवा, तिरंगे की शान के लिए तन-मन-धन से समर्पित युवा है।

### प्रधानमंत्री ने कहा- इंफाल को विकसित भारत के शहरों में देखता हूं

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा- 21वीं सदी का यह समय नॉर्थ ईस्ट का है। इसलिए, भारत सरकार ने मणिपुर के विकास को निरंतर प्राथमिकता दी है। इसी का परिणाम है कि मणिपुर की विकास दर लगातार बढ़ रही है। 2014 से पहले, मणिपुर की विकास दर एक प्रतिशत से भी कम थी। अब, मणिपुर पहले से कई गुना तेजी से प्रगति कर रहा है। पीएम ने कहा- मणिपुर में बुनियादी ढांचे के निर्माण का एक नया दौर शुरू हो गया है। मुझे खुशी है कि मणिपुर में सड़कों और नेशनल हाईवे बनाने की रफ्तार कई गुना बढ़ी है। यहां गांव-गांव तक सड़कें पहुंचाने के लिए तेजी से काम हो रहा है। इंफाल संभावनाओं का शहर है। मैं इस शहर को विकसित भारत के उन शहरों के रूप में देखता हूं, जो हमारे युवाओं के सपनों को पूरा करेगा। देश के विकास को गति देगा।

### मणिपुर हिंसा हमारे पूर्वजों और भावी पीढ़ी के साथ अन्याय

पीएम ने इंफाल में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा- मणिपुर की हजारों वर्ष पुरानी समृद्ध विरासत है। यहां संस्कृति की मजबूत जड़े हैं। मणिपुर में किसी भी तरह की हिंसा दुर्भाग्यपूर्ण है। ये हिंसा हमारे पूर्वजों और हमारी भावी पीढ़ी के साथ बहुत बड़ा अन्याय है। हमें मणिपुर को लगातार शांति और विकास के रास्त पर लेकर जाना है।

### इंफाल में कार्यक्रम स्थल के पास कांग्रेस-एमपीपी यूथ विंग का प्रदर्शन

कांग्रेस और मणिपुर पीपुल्स पार्टी के यूथ विंग के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को इंफाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम स्थल के पास प्रदर्शन किया। युवाओं ने प्रधानमंत्री के दौरे का विरोध किया और इसे एक राजनीतिक चाल करार दिया। मणिपुर पीपुल्स पार्टी यूथ फंट के कार्यकर्ताओं ने अपने ऑफिस के पास पोस्टर लेकर नारे लगाए और दावा किया कि प्रधानमंत्री की यात्रा का मकसद राज्य में शांति और सामान्य स्थिति बहाल करना नहीं है। एमपीपी का ऑफिस कंगला किले के पास है, जहां प्रधानमंत्री कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और एक जनसभा करने वाले हैं। कांग्रेस की युवा शाखा के कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के कार्यक्रम स्थल से लगभग 100 मीटर दूर कांग्रेस भवन के सामने भी इसी तरह का विरोध प्रदर्शन किया।

### मणिपुर में पीएम का 3 घंटे रुकना करुणा नहीं, पीड़ितों का अपमान: खड़गे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मणिपुर दौरे को लेकर पीएम मोदी की आलोचना की। खड़गे ने एक्स पर लिखा- मणिपुर में आपका तीन घंटे का पड़ाव करुणा नहीं है। यह एक दिखावा और घायल लोगों का घोर अपमान है। आज इंफाल और चुराचांदपुर में आपका तथाकथित रोड शो, राहत शिविरों में लोगों की चीखें सुनने से बचने का एक कायराना प्रयास है। खड़गे ने कहा- मणिपुर में चुपचाप जाना कोई पश्चाताप नहीं है। यह अपराधबोध भी नहीं है। आप अपने लिए एक भव्य स्वागत समारोह आयोजित कर रहे हैं। यह उन लोगों के जख्मों पर एक हमला है जो अभी भी आपकी बुनियादी संवैधानिक जिम्मेदारियों से भागने के कारण पीड़ित हैं!

# इंटरव्यू दिए बिना मिली नियुक्ति

### कल्याण सिंह कैंसर संस्थान की भर्ती प्रक्रिया पर उठे सवाल




**जन एक्सप्रेस। राज्य मुख्यालय**

कल्याण सिंह कैंसर संस्थान की प्रतिष्ठा पर उस समय सवाल खड़े हो गए जब हालिया नियुक्ति प्रक्रिया में चौंकाने वाला खुलासा सामने आया। एनेस्थीसिया विभाग में नियुक्त की गईं डॉ. श्वेता का नाम चयनित अभ्यर्थियों की सूची में सबसे ऊपर दर्ज है, जबकि विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, उन्होंने इंटरव्यू में भाग ही नहीं लिया था। यह मामला तब उजागर हुआ जब कुछ असंतुष्ट अभ्यर्थियों ने नियुक्ति प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए इसकी शिकायत उच्च स्तर पर पहुंचाई। जांच के दौरान यह बात सामने आई कि न सिर्फ डॉ. श्वेता, बल्कि कुछ अन्य नाम भी ऐसे हैं, जो इंटरव्यू प्रक्रिया में शामिल नहीं हुए, फिर भी उन्हें नियुक्ति दे दी गई। यह मामला सामने आते ही चिकित्सा क्षेत्र में हलचल मच गई है। चयन प्रक्रिया की पारदर्शिता पर गंभीर प्रश्नचिह्न लग गया है और साथ ही संस्थान की विश्वसनीयता पर भी असर पड़ा है।

#### गुस्से में अभ्यर्थी, निष्पक्ष जांच की मांग

जो अभ्यर्थी पूरी तैयारी के साथ इंटरव्यू में शामिल हुए थे, उनका गुस्सा अब खुलकर सामने आ रहा है। उन्होंने इस पूरी प्रक्रिया को पूर्व निर्धारित और भ्रष्टाचार से प्रभावित बताया है। अभ्यर्थियों का कहना है कि यदि योग्य उम्मीदवारों को नजरअंदाज कर इस प्रकार की नियुक्तियां की जाती रहीं, तो यह न केवल चिकित्सा शिक्षा को नुकसान पहुंचाएगा, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता भी गिर जाएगी।

#### संस्थान की छवि को गहरा आघात

कल्याण सिंह कैंसर संस्थान को उत्तर भारत में कैंसर के उच्चस्तरीय उपचार केंद्र के रूप में स्थापित किया गया है। लेकिन नियुक्ति प्रक्रिया में सामने आई अनियमितताओं ने संस्था की छवि को धूमिल कर दिया है।


Kalyan Singh Super Specialty Cancer Institute
कल्याण सिंह अति विशिष्ट कैंसर संस्थान
C.G. City, Sultanpur Road, Lucknow-226002

Notification of Result

#### जांच में दोष सिद्ध होने पर होगी कड़ी कार्रवाई

स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को मामले की जानकारी दे दी गई है। बताया जा रहा है कि अब एक स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच की जा रही है। यदि जांच में दोष सिद्ध होता है, तो चयन समिति के सदस्यों और जिम्मेदार अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

#### डॉ. श्वेता की ओर से अब तक चुप्पी

मामले में घिरीं डॉ. श्वेता की ओर से अब तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। उनकी चुप्पी ने भी कई तरह के सवालों को जन्म दे दिया है।

#### विशेषज्ञों ने जताई चिंता

चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों ने इस पूरे घटनाक्रम पर चिंता व्यक्त की है। उनका कहना है कि सरकारी संस्थानों में यदि इस तरह की अनियमितताएं होती रहीं, तो इससे योग्य और मेहनती डॉक्टरों का मनोबल टूटेगा।

#### जनता को न्याय की उम्मीद

अब सबकी निगाहें स्वास्थ्य मंत्रालय और शासन की कार्रवाई पर टिकी हैं। आम जनता और अभ्यर्थियों को उम्मीद है कि दोषियों को सजा मिलेगी और संस्थान की साख को दोबारा बहाल किया जाएगा।

# पिछड़े गांवों में जाकर मरीज देखें डॉक्टर, निजी एंबुलेंस और रक्तदाताओं पर कसी जाएगी नकेल: सीएम योगी



**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लोहिया संस्थान ने अपना ग्रामीण प्रशिक्षण केंद्र जुग्गौर में बनाया है। बेहतर है कि किसी दूरदराज के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को संस्थान गोद ले या फिर किसी नए मेडिकल कॉलेज के साथ एमओयू कर उसका संचालन करे। डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के पांचवें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि यहां के डॉक्टर सप्ताह या दो सप्ताह में गोद लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र या नए मेडिकल कॉलेज में जाकर मरीज देखें। इसके बाद टेली कंसल्टेंसी के माध्यम से वहां नियमित रूप से जुड़ें। ऐसा होने पर राजधानी में मरीजों की भीड़ कम होगी और सुदूर क्षेत्र में काम करने का माहौल विकसित होगा।

#### टीम वर्क से हुआ इंसेफलाइटिस का खात्मा

मुख्यमंत्री ने कहा कि 1977 से 2017 के बीच 40 साल के दौरान पूर्वांचल में 50 हजार बच्चों की मौत इंसेफलाइटिस से हुई है। बरसात के मौसम में माताएं डरती थीं कि कहीं यह बीमारी उनके बच्चे की जान न ले ले। ऐसे में टीम बनाकर इस पर काम किया गया। वर्ष 2020 तक महज तीन साल में ही इस बीमारी का खात्मा हो गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के हर जनपद में मेडिकल कॉलेज खोले जा रहे हैं। एमबीबीएस की सीटों में ढाई गुना, पीजी व सुपर स्पेशियलिटी की सीटों में तीन-तीन गुना बढ़ोतरी हुई है। 72 जिलों में मुफ्त सीटी स्कैन और डायलिसिस की सुविधा सभी जिलों में मिलने लगी है।

#### इन परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास

- एडवांस न्यूरो साइंसेज सेंटर
- गामा नाइफ मशीन
- एडवांस रोबोटिक मशीन
- 440 बेड का बॉयज और 440 बेड का गर्ल्स हॉस्टल
- मुख्य भवन से एकेडमिक ब्लॉक को जोड़ने के लिए फुट ओवरब्रिज

#### इन शिक्षकों को किया गया सम्मानित

डॉ. भुवन चंद्र तिवारी, डॉ. ईश्वर राम धायल, डॉ. ममता हरजाई, डॉ.नम्रता पुनीत अवस्थी, डॉ. नवनीत पशरिचा, डॉ. एसएस नाथ, डॉ. मनीष राज कुलश्रेष्ठ।

#### निजी एंबुलेंस और पेशेवर रक्तदाताओं पर कसें नकेल

मुख्यमंत्री ने सरकारी अस्पतालों में निजी एंबुलेंस और दलालों के साथ ही पेशेवर रक्तदाताओं पर नकेल कसने के लिए कहा। उन्होंने बताया कि सेवा पखवाड़ा के तहत रक्तदान शिविर लगाए जाएंगे। लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित कर जरूरतमंदों की जान बचाई जा सकती है। मुख्यमंत्री के मुताबिक, निजी एंबुलेंस के सहारे अवैध अस्पताल मरीजों को लूटते हैं। इसलिए उन पर लगाम जरूरी है।

#### प्रदेश के शीर्ष संस्थान हैं केजीएमयू, पीजीआई और लोहिया

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि केजीएमयू, पीजीआई और लोहिया प्रदेश के तीन सर्वश्रेष्ठ संस्थान हैं। कोविड महामारी के समय प्रदेश के 36 जिलों में आईसीयू का एक भी बेड नहीं था। ऐसे में पीजीआई, केजीएमयू और लोहिया संस्थान ने वर्चुअल आईसीयू मॉडल अपनाकर लोगों की जान बचाई। इन तीनों संस्थानों में लोहिया संस्थान सबसे नया है। इसकी शुरुआत 19 साल पहले हुई थी। पांच साल पहले इसका नया अधिनियम बना। इसीलिए इसका पांचवां स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। 19 साल पहले 20 बेड से इसकी शुरुआत हुई थी। अब यहां 1,375 बेड हैं। संस्थान तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा को तकनीक से जोड़ने की जरूरत है। मेडिकल डिवाइस और फार्मा क्षेत्र में काफी अवसर हैं। इसके लिए संस्थानों को एमओयू करने चाहिए। गौतमबुद्धनगर मेडिकल डिवाइस पार्क और ललितपुर में फार्मा पार्क विकसित किया जा रहा है।

#### खाली जमीन पर होगा लोहिया संस्थान का विस्तार

समारोह के विशिष्ट अतिथि ब्रजेश पाठक ने कहा कि लोहिया संस्थान के विस्तार के लिए पास ही खाली पड़ी दूरदर्शन की जमीन के अधिग्रहण पर बातचीत चल रही है। यह जमीन मिलने के बाद वहां रैन बसेरा, वार्ड और इमरजेंसी का संचालन किया जाएगा। यह जमीन मिलने से मरीज हित की कई अन्य परियोजनाएं भी आगे बढ़ सकेंगी। समारोह के दूसरे विशिष्ट अतिथि चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने कहा कि लोहिया संस्थान को नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) में अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

## प्रदेश में दो दिन और सताएगी गर्मी-उमस

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

पूरे प्रदेश में दो दिन तक अभी उमस और परेशान करेगी। सोमवार देर शाम से मौसम में बदलाव की उम्मीद है। तापमान भी गिर सकता है। मौसम विभाग के अनुसार, मध्यांचल में सोमवार व मंगलवार को कहीं हल्की तो कहीं मध्यम बारिश की संभावना है। वहीं पूर्वांचल में भारी या मध्यम बारिश हो सकती है। आंचलिक मौसम विज्ञान विभाग के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि सोमवार देर शाम से पूर्वांचल में भारी बारिश की संभावना है जिसकी शुरुआत नेपाल बार्डर से सटे कुशीनगर व अन्य जिलों से हो सकती है। बारिश उत्तर से दक्षिण की ओर स्थानांतरित होगी। तीन से चार दिन तक बारिश के आसार हैं। तराई क्षेत्र में अच्छी बारिश की उम्मीद है लेकिन रविवार और सोमवार को प्रदेश में छिटपुट बूंदाबांदी के बीच उमस परेशान करती रहेगी। सोमवार के बाद से पश्चिमी राजस्थान में मानसून की विदाई शुरू हो जाएगी। उत्तर प्रदेश में फिलहाल अभी ऐसी स्थिति नहीं है। लो प्रेशर एरिया की वजह से सोमवार शाम से मध्यांचल में मध्यम बारिश हो सकती है लेकिन पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बारिश का खास असर देखने को नहीं मिलेगा।

# विकास नगर के ग्राम लाखनवाला में शिवलिंग विवाद का शांतिपूर्ण समाधान पूर्व ब्लॉक प्रमुख जसविंदर बिट्टू की अहम भूमिका

- ग्रामीण लाखनवाला अब सामूहिक रूप से शिवलिंग की पूजा-अर्चना की तैयारियों में जुटे हैं

**जन एक्सप्रेस। देहरादून**



**विकास नगर।** विकास नगर क्षेत्र के ग्राम लाखनवाला में हाल ही में शिवलिंग को लेकर उत्पन्न हुए विवाद ने स्थानीय लोगो को गंभीर रूप से प्रभावित किया था। यह विवाद ग्रामीणों के बीच तनाव का कारण बन गया था, लेकिन पूर्व ब्लॉक प्रमुख जसविंदर बिट्टू की सक्रिय भूमिका के कारण इसे शांतिपूर्ण ढंग से निपटाने में सफलता मिली। ग्रामीणों ने बिट्टू के प्रयासों की सराहना करते हुए उनका आभार व्यक्त किया है। विवाद की शुरुआत तब हुई जब गांव में कुछ पुरानी भूमि पर निर्माण कार्य के दौरान एक प्राचीन शिवलिंग प्राप्त हुआ। इससे दो पक्षों के बीच मतभेद उभर आए, जिसमें धार्मिक भावनाओं और भूमि स्वामित्व के मुद्दे प्रमुख थे। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, विवाद के दौरान तनाव इतना बढ़ गया था कि लोग सद्भाव पर असर पड़ने लगा। लेकिन पूर्व ब्लॉक प्रमुख जसविंदर बिट्टू ने तुरंत हस्तक्षेप किया। बिट्टू ने बताया, यह गांव हमारा अपना है और किसी भी प्रकार के विवाद से ग्रामीणों का नुकसान नहीं होना चाहिए। मैंने सभी पक्षों को समझाया कि धार्मिक स्थलों का सम्मान करते हुए समाधान निकाला जाए। अंततः सभी सहमत हो गए और विवाद का पटाक्षेप हो गया। उनके प्रयासों से न केवल शिवलिंग को उचित स्थान पर स्थापित करने का निर्णय हुआ, बल्कि भूमि विवाद को भी सुलझाने के लिए एक समिति गठित की गई। ग्रामीणों का कहना है कि बिट्टू की निष्पक्षता और नेतृत्व क्षमता ने इस संकट को अवसर में बदल दिया। गांव की एक बुजुर्ग महिला ने कहा, जसविंदर जी ने रात-दिन मेहनत की। हम सभी उनका धन्यवाद करते हैं। अब गांव में फिर से शांति है।÷ इसी तरह, युवा ग्रामीणों ने भी सोशल मीडिया पर उनके योगदान की प्रशंसा की है। यह घटना स्थानीय स्तर पर सामुदायिक सद्भाव को मजबूत करने का एक उदाहरण बन गई है। प्रशासन ने भी बिट्टू के प्रयासों का स्वागत किया है और भविष्य में ऐसे विवादों के समाधान के लिए उनकी सलाह लेने की बात कही है। विकास नगर के विधायक ने भी इस समाधान की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे नेताओं की जरूरत है जो जमीनी मुद्दों को नसमझें। ग्रामीण लाखनवाला अब सामूहिक रूप से शिवलिंग की पूजा-अर्चना की तैयारियों में जुटे हैं, जो विवाद के बाद एकता का प्रतीक बनेगा। यह घटना दर्शाती है कि संवाद और समझदारी से कोई भी विवाद सुलझाया जा सकता है।

## बस के टकराते ही कूद गए गए थे परिचालक रेहान ड्राइवर से होगी पूछताछ, हादसे में पांच की हुई थी मौत

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

काकोरी बेहता नदी पुल के पास रोडवेज बस की दुर्घटना के मामले में पुलिस आरोपी चालक से पूछताछ करेगी। आरोपी चालक ट्रॉमा सेंटर में भर्ती है, जिसका इलाज चल रहा है। काकोरी पुलिस का कहना है कि मथुरा के बिजहारी, अराया निवासी नरदेव के पिता चंद्रदेव ने मथुरा के बिजहारी, अराया निवासी नरदेव के पिता चंद्रदेव ने कैसरबाग डिपो की बस संख्या क्7/8 एलएन 1340 के चालक पर केस दर्ज कराया था। डीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव ने बताया कि छानबीन में सामने आया है कि बस अनिल कुमार वर्मा चला रहे थे। वहीं, बस पर परिचालक मो. रेहान थे। दुर्घटना के दौरान रेहान बस से कूद गए थे, जिससे उन्हें हल्की चोट आई। वहीं, अनिल गंभीर रूप से घायल हैं। अनिल की हालत में सुधार हो रहा है। अनिल से हादसे की वजह के बारे में पूछताछ की जाएगी। इसके आधार पर आगे की कार्यवाही होगी। उल्लेखनीय है कि तेज रफ्तार बस ने पांच लोगों को रौंद दिया था। हादसे में पांचों की मौत हो गई थी। वीहीं, बस में सवार 19 यात्री घायल हो गए थे।

# फूलचट्टी में धंसी सड़क बनी जानलेवा रास्ता, जानकीचट्टी तक यात्रा पड़ी ठप

**जन एक्सप्रेस। देहरादून**

- 200 मीटर सड़क में गहरा भू-धंसाव, दीवार पकड़कर निकलने को मजबूर लोग
- 20 दिन बाद भी यमुनोत्री हाईवे बाधित, प्रशासन के दावे जमीनी हकीकत से कोसों दूर
- लोनिवि अधिकारी फोन तक नहीं उठा रहे, वैकल्पिक मार्ग की भी नहीं व्यवस्था
- बोल्डरों की बारिश से बनास-नारदचट्टी मार्ग भी अवरुद्ध

यमुनोत्री धाम जाने वाले श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों के लिए फूलचट्टी के पास की सड़क अब एक खतरे का सबब बन चुकी है। जानकीचट्टी को जोड़ने वाली लोनिवि बड़कोट मार्ग पर करीब 200 मीटर क्षेत्र में सड़क धंस चुकी है, जिससे पैदल चलना भी जोखिम भरा हो गया है। लोग अब दीवार का सहारा लेकर किसी तरह रास्ता पार कर रहे हैं। हल्की सी चूक खाई में गिरने का कारण बन सकती है। पुरोहित समाज के पुरुषोत्तम उनियाल, मनमोहन उनियाल, प्यारे लाल, प्रदीप और सुनील उनियाल ने प्रशासन पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि प्रशासन यात्रा शुरू करवाने की बात तो कर रहा है, लेकिन न वैकल्पिक पैदल मार्ग बना है, न ही भू-धंसाव वाले हिस्से पर कोई कार्य शुरू हुआ है।

#### एनएच और लोनिवि दोनों ही नाकाम

यमुनोत्री हाईवे पर बनास से आगे राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की मशीनरी अब तक नहीं पहुंच पाई है। एनएच के ईई मनोज रावत का कहना है कि नारदचट्टी के पास बोल्डर गिरने से देरी हो रही है, लेकिन रविवार सुबह तक रास्ता खोलने की उम्मीद जताई गई है। वहीं लोनिवि बड़कोट के ईई तनुज कंबोज से संपर्क करने की कोशिश की गई लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। बारिश बनी मुसीबत, यात्रा पर फिर संकट इस बार बारिश ने यमुनोत्री हाईवे की हालत और भी खराब कर दी है। लगातार 19 दिनों से बाधित हाईवे अब 20वें दिन भी नहीं खुल पाया है। ऐसे में जिला प्रशासन द्वारा 13 सितंबर से यात्रा शुरू करने का दावा केवल कागजों तक ही सीमित नजर आ रहा है।जहाँ एक ओर श्रद्धालु यात्रा के लिए बेसब्री से इंतज़ार कर रहे हैं, वहीं भू-धंसाव, बोल्डर और लापरवाही मिलकर यमुनोत्री धाम तक की यात्रा को नामुमकिन बना रहे हैं। ज़रूरत है कि प्रशासन वास्तविकता का संज्ञान ले और तुरंत समाधान की दिशा में काम करे।



# राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह-समझौते से कराया गया 1,09,781 वादों का निस्तारण

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**




राष्ट्र विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में शनिवार को जिला न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 1,09,781 वादों का निस्तारण करते हुये कुल 6,32,82,826 रु (छः करोड बत्तीस लाख बयासी हजार आठ सौ छब्बीस रुपये) अर्थदण्ड, प्रतिकर व बैंक ऋण वसूली के रूप में वसूल किया गया।

राष्ट्रीय लोक अदालत में श्रीकृष्ण यादव मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण द्वारा 40 वादों का निस्तारण करते हुये 2,15,29,444 रुपये प्रतिकर के रूप में दिलाया गया, राकेश कुमार यादव प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय द्वारा 26 वादों का निस्तारण करते हुये 8,00,000 रुपये आपसी सुलह समझौते के आधार पर वादिया को दिलाया गया। इसके अलावा कई वर्षों से एक-दूसरे से अलग हुये 23 जोडों को आपस में सुलह कराकर एक साथ भेजा गया।

राममणि पाठक विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट द्वारा चार वादों का निस्तारण करते हुये 2000 रुपये अर्थदण्ड व रेनू मिश्रा विशेष न्यायाधीश पाक्सो द्वारा एक वाद का निस्तारण करते हुये 500 रुपये अर्थदण्ड वसूला गया। नीरज श्रीवास्तव अपर जिला जज द्वितीय द्वारा तीन व नीलू मैनवाल अपर जिला न्यायाधीश एफटीसी द्वारा 156 वादों का निस्तारण किया गया। राजेन्द्र प्रसाद भारती मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा फौजदारी के 966 वादों का निस्तारण करते हुये 1,29,020 रुपये अर्थदण्ड, सचिन कुमार दीक्षित सिविल जज (सीडि) द्वारा फौजदारी के 77 वादों का निस्तारण करते हुये 8,600 रुपये वसूला गया व तीन सिविल वादों का निस्तारण करते हुये 6,95,511 रुपये पक्षकारों को दिलाया गया। इला चैधरी सिविल जज (सीडि) एफटीसी द्वारा 107 फौजदारी वादों का निस्तारण करते हुये 3,030 रुपये अर्थदण्ड वसूला गया व दो एनआई एक्ट के वादों का निस्तारण करते हुये 1,37,094 रुपये पक्षकारों को दिलाया गया तथा एक उत्तराधिकार वाद का निस्तारण करते हुये 7,49,504 रुपये का प्रमाण पत्र जारी किया गया। सैफाली यादव सिविल जज (जूडि) द्वारा 31 फौजदारी वादों का निस्तारण करते हुये 1,550 रुपये अर्थदण्ड वसूला गया व तीन उत्तराधिकार वादों का निस्तारण करते हुये 7,62,793 रुपये का प्रमाण पत्र जारी किया गया। विदिशाभूषण न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम द्वारा 41 वादों का निस्तारण करते हुये 6,600 रुपये अर्थदण्ड वसूला गया। अंजलिका प्रियदर्शिनी न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय द्वारा 28 वादों का निस्तारण करते हुये 270 रुपये अर्थदण्ड वसूला गया। एस. आनन्द सिविल जज (जूडि) मऊ द्वारा 152 वादों का निस्तारण करते हुये 910 रुपये अर्थदण्ड वसूला गया। अंशुमान यादव न्यायाधिकारी ग्राम न्यायालय मानिकपुर द्वारा 133 वादों का निस्तारण करते हुये 1,330 रुपये अर्थदण्ड वसूला गया। सचिन कुमार दीक्षित प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 109781 वादों का निस्तारण करते हुये कुल 6,32,82,826 रु (छः करोड बत्तीस लाख बयासी हजार आठ सौ छब्बीस रुपये) अर्थदण्ड, प्रतिकर व बैंक ऋण वसूली के रूप में वसूल किया गया।

इस मौके पर अनुराग शर्मा अग्रणी जिला प्रबन्धक इण्डियन बैंक, अशोक कुमार गुप्ता अध्यक्ष, पंकज त्रिपाठी महासचिव, जिला बार एसोसिएशन आदि मौजूद रहे।

# सद्गुरू नेत्र चिकित्सालय में समारोह का आयोजन कर किया गया नेत्रदाताओं के परिजनों का सम्मान



**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

धर्मनगरी स्थित सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय में शनिवार नेत्रदाता परिजन सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सभी नेत्रदाताओं के परिजनों को साल, स्मृति चिन्ह एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया।

सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत समाज में फैली नेत्रदान की तमाम गलत भ्रतियों को दूर करते हुए जिन्होंने अपने नेत्रदान से समाज के किन्हीं दो अंधे व्यक्तियों को रोशनी देने का महान और पुण्य काम किया है, उनके परिजनों का इस महादान में बखूबी सहयोग करने के लिए ये नेत्रदाता परिजन सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

सम्मान समारोह में सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट के ट्रस्टी पद्मश्री डॉ बीके जैन ने सभी नेत्रदाताओं के परिजनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज में नेत्रदान को लेकर फैली तमाम तरह की भ्रांतियों को दूर करके ज्यादा से ज्यादा लोगों को नेत्र दान के लिए प्रेरित करें। चिकित्सालय स्थित कार्निया विभाग के प्रमुख डॉ गौतम सिंह परमार ने कहा कि ये पुण्य का कार्य है, इसमें सबको बढ़-चढ़कर भागेदारी करनी चाहिए और ज्यादा से ज्यादा इस मिशन को बढ़ावा देना चाहिए, जिससे अंधे लोगो को रोशनी मिल सके। बताया कि वर्ष 2007 में सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय में आई बैंक स्थापित किया गया था, तब से लेकर आज तक लगातार नेत्रदान के कार्यक्रम आयोजित हो रहे है। चिकित्सालय में अब तक लगभग नौ हजार नेत्रदान हो चुके है और इतने ही लोगो को पुतली लगाकर रोशनी प्रदान की गई है।

इस मौके पर जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, व्यापाल मण्डल के जिलाध्यक्ष राजीव अग्रवाल, व्यापारी नेता शानू गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# जालसाजी के मामले में बैंक मैनेजर जितेंद्र कुमार, सर्वेयर आशीष कुमार सहित तीन लोगों के खिलाफ हुई एफआईआर दर्ज

**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**




सरीला तहसील के चिकासी थाना क्षेत्र के बंधौली निवासी अरूण कुमार पुत्र बाबूराम ने जिलाधिकारी घनश्याम मीना से शिकायत कर बताया कि उसके अभिलेखों में हेराफेरी कर उसकी जमीन के साथ ही उसके नाम पर गाँव के बैंक की मिलीभगत से फर्जी तौर पर किसी जालसाज ने बैंक से कर्ज लेकर भुगतान भी निकाल लिया है, जबकि उसने बैंक से कर्ज लेने के लिये न तो कोई प्राथर्ना पत्र दिया है,और न ही कोई फार्म भरा है। और न ही कोई कर्ज लिया है। शिकायतकर्ता ने जिलाधिकारी को ये भी बताया कि उसके आधार और जमीन का गलत इस्तेमाल कर उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक खेड़ा शिलाजीत ब्रांच के बैंक मैनेजर ने किसी दूसरे व्यक्ति का फर्जी किसान कार्ड बनाकर उसे गलत तरीके से रूपयों का भुगतान भी कर दिया है। चूंकि शिकायत गम्भीर थी, इसलिये पीड़ित की शिकायत के बाद जिलाधिकारी घनश्याम मीणा ने तेज तर्रार एसडीएम सरीला बलराम गुप्ता के साथ ही एलडीएम हमीरपुर से इस संगीन मामले की गहराई से जांच कराई गई, तो जांच में पाया गया कि अभिलेखों में फर्जी तरीके से हेराफेरी कर असली अरुण कुमार पुत्र बाबूराम के नाम पर आधार कार्ड, पैन कार्ड बनाने के साथ उन्हीं की असली खतौनी और खसरा सीएचसी से निकलवाकर उसे बैंक की ब्रांच में दाखिल कर फर्जी तौर से कर्ज निकाला गया है। एसडीएम सहित एलडीएम की जांच रिपोर्ट में सामने आया कि, इस मामले में उ0प्र0 ग्रामीण बैंक खेड़ा शिलाजीत के तत्कालीन ब्रांच मैनेजर जितेन्द्र कुमार के साथ ही वो अज्ञात व्यक्ति, जिसने पीड़ित का फर्जी आधार कार्ड, पैन कार्ड बनाया है, इसके साथ ही वो अज्ञात व्यक्ति भी जिसने फर्जी आधार कार्ड सहित पैन कार्ड का अपने फायदे के लिये इस्तेमाल किया गया है, इस मामले में मिलीभगत साफ नजर आ रही है। इस संगीन मामले की जांच के बाद पीड़ित की तहरीर पर जरिया थाने में बीएनएस 2023 की धारा 319(2), 318 (4), 338, 336 (3) व 340(2) के तहत बैंक मैनेजर जितेंद्र कुमार, सर्वेयर आशीष कुमार, अज्ञात सहित तीन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। वही धोखाधड़ी के इस संगीन मामले की जांच एस आई रोहित यादव को सौंपी गई है। जबकि एफआईआर दर्ज होने के बाद मामले से जुड़े बैंक अधिकरियों, कर्मचारियों सहित फर्जी मामलों को अंजाम देने वाले जालसाज़ो के गिरोह में हड़कंप मच गया है।

# जीआरपी बांदा पुलिस ने ट्रेन से चोरी सरकारी टैबलेट को ढूंढ कर लौटाया

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



दिनाँक 19अगस्त को आवेदक अभिषेक कुमार यादव पुत्र ओम प्रकाश यादव निवासी 9A/B/43 रोशन विहार कॉलोनी आगरा थाना सदर बाजार जिला आगरा प्रदेश उत्तर प्रदेश द्वारा ट्रेन नं0 12448 उ0प्र0 संपर्क क्रान्ति एक्सप्रेस से एक पिट्ठू बैग जिसमे टैबलेट व कपड़े गुम होने के सम्बन्ध प्रार्थना पत्र दिया था।और थाना प्रभारी को अवगत कराया था। कि मेरी पोस्टिंग नगर विकास विभाग डायरेक्टरेट लखनऊ में है जो टैबलेट गुम हुआ है वह सरकारी है। आप उसको बरामद कराने की कृपा करे। उक्त मामलें में त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना प्रभारी मय हमराह का0 कामता सिंह के साथ शहर व कस्बों में स्थित समस्त मोबाइल शॉप पर जाकर उक्त टैबलेट से सम्बन्धित सभी जानकारियां मोबाइल शॉप के दुकानदारों से साझा कर बताया कि अगर उक्त टैवलेट के सम्बन्ध मे कोई भी जानकारी प्राप्त होती है तो आप लोग अबिलम्ब हमको अवगत करायेगे। इसके अतिरिक्त आवेदक से टैबलेट का Gmail ID व पासवर्ड प्राप्त किया गया ताकि अगर टैबलेट चालू हो तो उसकी लोकेशन मिल सके।

निरन्तर उक्त टैबलेट की सुरागरसी पतारसी की गयी। दिनांक 13सितम्बर मुझ थाना प्रभारी को सूचना प्राप्त हुई कि एक कबाड़ उठाने वाला बच्चा एक टैबलेट को अपने साथ लिये है। त्वरित उस बच्चे से टैबलेट प्राप्त किया गया और पूछा गया तो बताया कि मुझे यह टैबलेट क्रेटरा क्रासिंग के पास घूरे (कचरा) मे पड़ा मिला था।उस बच्चे से आवश्यक पूछतांछ के बाद आवेदक को टैबलेट मिलने की सूचना देकर टैबलेट सकुशल आवेदक को सुपुर्द किया गया। आवेदक द्वारा थाना जीआरपी बांदा पुलिस की प्रशंसा कर आभार प्रकट किया।

# शराब के नशे में युवक ने लगाई फांसी, परिवार में मचा कोहराम

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

कस्बा जसपुरा में शुक्रवार की रात एक 24 वर्षीय युवक ने अपने ही घर में किचन के पाइप में दुपट्टा से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों के अनुसार, युवक पिछले तीन महीनों से शराब का आदी था और नशे की हालत में यह कदम उठाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और जांच शुरू कर दी है। कस्बे निवासी रिंकू (24) पुत्र रामकिशोर ने शुक्रवार की रात करीब 9 बजे भोजन किया और अपने कमरे में सोने चला गया। सुबह जब वह काफी देर तक नही जगा तो परिजनों ने देखा कि किचन में, रिंकू का शव फंदे से लटका मिला। पिता रामकिशोर ने बताया कि रिंकू बीते तीन माह से शराब पीने का आदी हो गया था।

शुक्रवार रात भी उसने शराब का सेवन किया था। मृतक अविवाहित था। और छह भाइयों व चार बहनों में दूसरे नंबर का था। भाइयों में रामबहादुर, रामबाबू, रामू, शानू, पुष्पेंद्र हैं, जबकि बहनों में नीतू, रीतू, सुनीता, सुशीला शामिल हैं।तीन बहनें विवाहित हैं। एक बहन अविवाहित है। परिजनों ने तत्काल घटना की सूचना थाना जसपुरा को दी। मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया, जिसने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए।

## आज आएंगे उप मुख्यमंत्री

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य रविवार को 11 बजे हेलीकाप्टर से चित्रकूट एयरपोर्ट में आएंगे। यहां से वह जिला मुख्यालय स्थित लोनिवि के निरीक्षण गृह पहुंचकर पार्टी पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से मुलाकात करेंगे। इसके बाद दोपहर एक बजे पुरानी कोतवाली के समीप डॉ रत्नप्पा कुम्हार की 116वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित प्रजापति महासम्मेलन एवं भव्य शोभा यात्रा में हिस्सा लेंगे। यह जानकारी विधायक डॉ मनोज कुमार प्रजापति ने दी है।

## प्रयागराज के तीन टायर चोरों को पुलिस ने चोरी के सामान के साथ दबोचा

**मऊ, चित्रकूट।** मऊ पुलिस टीम ने तीन आरोपियों को चोरी के दो रिम सहित ट्रक टायर, चोरी में प्रयोग होने वाली बोलेरो पिकअप, दो लोहे के जैक व एक टूल बाक्स के साथ गिरफ्तार किया। मऊ थाना प्रभारी दुर्गविजय सिंह ने बताया कि बीते गुरुवार को नगर पंचायत मऊ निवासी कैसर खान पुत्र अख्तर खान ने सूचना दी कि उनका ट्रक सड़क के किनारे खडा था। इस दौरान रात्रि में अज्ञात लोग ट्रक के पिछले रिम सहित चारो टायर खोलकर बोलेरो पिकअप में लाद रहे थे, आवाज से नीद खुलने पर देखने से वह लोग दो टायर वही छोडकर बाकी टायर पिकअप में लाद कर भाग गए। इस सूचना पर थाने में सम्बन्धित धाराओं के तहत मामला पंजीकृत किया गया तथा आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम को लगाया गया। मामले की विवेचना के दौरान थाना मऊ के अपराध निरीक्षक अंजनी कुमार सिंह, उपनिरीक्षक सूबेदार बिन्द, मुन्नीलाल व आरक्षी राकेश कुमार ने तीन आरोपियों को बोलेरो पिकअप, टायर व टूल किट के साथ गिरफ्तार किया गया। पूछताछ करने पर आरोपियों ने अपना नाम संगम लाल निवासी कुकुड़ी थाना माण्डा जनपद प्रयागराज, दीपक गौतम निवासी रामपुर थाना औद्योगिक क्षेत्र जनपद प्रयागराज, गोली उर्फ गोलू उर्फ दीपक कुशवाहा निवासी मुंगारी रामपुर थाना औद्योगिक क्षेत्र प्रयागराज बताया।

# सर्वाधिक सुलह कराने पर सम्मानित किए गए वरिष्ठ अधिवक्ता

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



13 सितंबर विभिन्न वाहन बीमा कंपनियों के विधि सलाहकार के रूप में काम करते हुए मोटर दुर्घटना दावा से संबंधित सर्वाधिक मामलों में सुलह कराने के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता कामता प्रसाद निगम को एक बार फिर से सम्मानित किया गया।बता दें कि केपी निगम को यह सम्मान इसके पहले भी तीन बार मिल चुका है।

उनकी इस उपलब्धि पर अधिवक्ताओं समेत उनके चाहने वालों ने शुभकामनाएं दी हैं।लोक अदालत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कामता प्रसाद निगम उर्फ केपी ने बीमा कंपनियों के विधिक सलाहकार के रूप में अधिकाधिक मामलों को सुलह समझौता से निस्तारित कराया। जिसके लिए उन्हें भाई संजीव कुमार सिंह (प्रथम न्यायाधीश मोटर दुर्घटना दावा प्राधिकरण) ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।बता दें कि इसके पहले अधिवक्ता केपी निगम को 11 दिसंबर 2021,9 दिसंबर 2023 व 14 सितंबर 2024 को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए तत्कालीन पीठासीन अधिकारियों ने सम्मानित किया था। यह पुरस्कार बीमा कंपनी के अधिवक्ता कामता प्रसाद निगम को एवं याचीगण के अधिवक्ता रामेन्द्र कुमार तिवारी को राष्ट्रीय लोक अदालत में सर्वाधिक मुकदमों को निर्णित करवाने में मिला है। इस अवसर पर द्वारकेश मंडेला अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ, विनय श्रीवास्तव, राघवेन्द्र भदौरिया, राजीव चतुर्वेदी, रामेन्द्र कुमार तिवारी एवं जगदीश प्रसाद तिवारी वरिष्ठ अधिवक्तागण उपस्थित रहे। वरिष्ठ अधिवक्ता रामेन्द्र कुमार तिवारी व केपी निगम की इस उपलब्धि के लिए जहां अधिवक्ताओं ने बधाई दी है, वहीं उनके चाहने वालों ने उनकी उत्तरोत्तर प्रगति की कामना की है।

# महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक तौर पर मजबूत बनाना हमारा मकसद होना चाहिये: आशारानी कबीर

**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**




कुरारा कस्बे के शिव नारायण तिवारी के निवास पर महिला सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर नगर पंचायत कुरारा अध्यक्ष आशारानी कबीर ने बड़ी तादाद में मौजूद महिलाओं से रुबरु होते हुये कहा कि आज के वख्त में नारी शक्ति हर क्षेत्र में अपनी कामयाबी के झंडे गाड़ रही हैं। उन्होंने कहा कि हर क्षेत्र में महिलायें अपना बड़ा योगदान दे रही है। साथ ही कहा कि ये कार्यक्रम नारी सशक्तिकरण के साथ ही उनके सम्मान को समर्पित एक प्रेरणादायक पहल रहा, कार्यक्रम में महिलाओं की बड़ी तादाद में हिस्सेदारी रही, अध्यक्ष ने कहा कि हम सब को चाहिये कि नारी शक्ति के इस उत्सव को और आगे बढ़ाते हुये महिलाओं को ताकतवर और आत्मनिर्भर बनाने के साथ ही उन्हें आर्थिक और सामाजिक तौर से मजबूत बनाना हमारा मकसद होना चाहिये। वही मुसीबत या परेशानी के वख्त महिलाओं की मदद करने के साथ ही उन्हें अपने पैरों पर खड़ा करने की की अहम जिम्मेदारी हम सबकी है।

# नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी के उपयोग से ही हो सकता है संतुलित उर्वरक उपयोग, किसानों को किया जागरूक

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

इंडियन फारमर्स फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव लिमिटेड द्वारा नैनो यूरिया, नैनो डीएपी उर्वरक के प्रचार-प्रसार के लिए पहाड़ी ब्लाक के ग्राम बेराउर स्थित सहकारी समिति भदेहदू में किसान सभा का आयोजन किया गया। जिसमें 150 क्षेत्रीय किसानों ने भाग लिया। किसान सभा में इफको के उप क्षेत्रीय प्रबंधक राजवीर सिंह ने उपस्थित किसानों को संतुलित उर्वरक उपयोग, जल विलेय उर्वरक, सागरिका, कंसोर्टिया, बायोडिकंपोजर, नैनो यूरिया, नैनो डीएपी व नैनो जिंक इत्यादि उर्वरकों के उपयोग की सही प्रयोग विधि समझाई। उन्होंने बताया कि नैनो डीएपी से बीज उपचार करने के लिए 100 किलो बीज में एक बोतल नैनो डीएपी 500 मिलीलीटर मिलकर बीज का मोयन करने के बाद परंपरागत डीएपी की मात्रा को आधा ही डालना चाहिए एवं फसल के 30 से 35 दिन के होने पर नैनो डीएपी, नैनो यूरिया, नैनो जिंक को 100 से 125 लीटर पानी में मिलाकर प्रति एकड़ फसल के ऊपर छिड़काव करना चाहिए। बताया कि सामान्यतः छिड़काव के लिए शाम का समय सर्वोत्तम होता है। यदि छिड़काव के 8 घंटे में बारिश हो जाए, तो पुनः छिड़काव आवश्यक है। इस प्रकार से खेती करने पर खेती की लागत घटती है व उत्पादन में बढ़ोतरी होती है तथा उत्पाद भी गुणवत्ता युक्त होता है। इस दौरान प्रगतिशील किसानों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि उन्होंने किस प्रकार से नैनो यूरिया, नैनो डीएपी उर्वरकों का उपयोग करते हुए अपनी दानेदार उर्वरक की मात्रा में कमी की है एवं लाभ में बढ़ोतरी पाई है। किसानों ने कहा कि सहकारी समितियां सभी किसानों को आवश्यक रूप से नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी उर्वरक उपलब्ध करायें। सभा में उपस्थित किसानों को जैव बायो डीकंपोजर वितरित किया गया, जिससे वह अपने गोबर की खाद को सडाकर कंपोस्ट खाद बना सकें। सभा के साथ ही किसान अशोक सिंह के धान के खेत में नैनो यूरिया, नैनो डीएपी, सागरिका एवं नैनो जिंक आधारित प्रदर्शनी भी लगाई गई ताकि किसान भाई नैनो उर्वरकों के उपयोग के प्रति और अधिक जागरूक हो सके। इस मौके पर एग्री जंक्शन राजापुर के संचालक लवलेश सिंह, एग्री जंक्शन चनहट राजापुर के संचालक अनिल सोनी, इफको एसएफए आदित्य पटेल, सहकारी समिति से सचिव संगम लाल करवरिया, विक्रेता विकास द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

## कवि सम्मेलन आज

**चित्रकूट।** जिला मुख्यालय कर्वी में पेशवा कालीन किले के सामने रविवार को अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन योगेन्द्र दत्त द्विवेदी एजुकेशन सोसायटी, साहित्य साधना ग्रुप एवं चित्रकूट धाम कर्वी नगर पालिका परिषद के संयुक्त तत्वाधान में हिंदी दिवस के अवसर पर कराया जाएगा। यह जानकारी आयोजक मनोज कुमार द्विवेदी ने दी है।

## बांदा का गैंगेस्टर पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/पहाड़ी, चित्रकूट।** बढ़ते अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना पहाड़ी, राजापुर व एसओजी की संयुक्त टीम ने लूट की घटना के आरोपी को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक ने मुठभेड़ स्थल का निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि बीते शुक्रवार को थाना पहाड़ी क्षेत्रांतर्गत ग्राम बकटा बुजुर्ग के पास बदमाशों के होने की सूचना मिलने पर त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना पहाड़ी, थाना राजापुर एवं एसओजी की संयुक्त टीम को मौके पर भेजा गया, जहां एक संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया। पुलिस ने रोकने का प्रयास किया तो, गाड़ी पर फायर कर दिया तथा भागने का प्रयास किया। इस दौरान आत्मरक्षा के लिए की गई पुलिस कार्यवाही में संदिग्ध गोली लगने से घायल हो गया। जिसके बाद उसे तत्काल इलाज के लिए सीएचसी पहाड़ी ले जाया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है। संदिग्ध की पहचान राजेन्द्र यादव निवासी कमासिन जनपद बांदा के रूप में हुई है, जो गैंगस्टर एक्ट सहित कई संगीन मामलों का आरोपी है।

# खेल मैदान बचाओ संघर्ष समिति 15 सितंबर को मंडलायुक्त को सौंपेगी ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



राइफल क्लब (खेल मैदान) बचाओ संघर्ष समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक शहर के राइफल क्लब खेल मैदान बाबूलाल चौराहे में आयोजित की गई। जिसमें समस्त खेल के खिलाड़ियों, खेल प्रेमियों, समाजसेवियों एवं बुद्धिजीवियों ने प्रतिभाग किया। सभी की सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि बांदा विकास प्राधिकरण द्वारा शासन प्रशासन को भ्रमित करके खेल के मैदान को व्यावसायिक परिसर बनाकर बेचने का प्रस्ताव पारित किया गया था। जिसको लेकर सभी खिलाड़ियों, खेल प्रेमियों, समाजसेवियों, शहर की जागरूक जनता ने विरोध किया है। इस विरोध के क्रम में सभी ने निर्णय लिया है कि 15 सितंबर को समस्त खिलाड़ी, खेल प्रेमी, समाजसेवी उपस्थित होकर एक ज्ञापन मंडलायुक्त (कमिश्नर) को सौंपेंगे।

# जनपद के सभी थानों पर थाना समाधान दिवस का किया गया आयोजन

- डीआईजी ने थाना मटौंध तो जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने थाना कोतवाली नगर में की थाना समाधान दिवस की सुनवाई
- पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीमों द्वारा जनता की शिकायतें सुन किया गया उनका निस्तारण

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



पुलिस उपमहानिरिक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा द्वारा थाना मटौंध में तथा जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना कोतवाली नगर में जनता की शिकायतों को सुन उनके निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। जनशिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु मुख्यमंत्री उ0प्र0 शासन योगी आदित्यनाथ द्वारा दिये आदेशों के क्रम में दिनांक 13सितम्बर को जनपद के समस्त थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

जिसमें पुलिस व राजस्व विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम द्वारा समस्त थानों में जनता की शिकायतें सुन उनका निस्तारण किया गया। थाना समाधान दिवस पर पुलिस उपमहानिरिक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा राजेश एस द्वारा थाना मटौंध में तथा जिलाधिकारी जे0 रीभा व पुलिस अधीक्षक पलाश बसंल द्वारा थाना कोतवाली नगर में जनता की शिकायतों को सुन उनके निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। इसी क्रम में जनपद के समस्त थानों पर जनसुनवाई की गयी तथा जनता की शिकायतों /समस्याओं को सुन उनका निस्तारण किया गया।

थाना समाधान दिवस पर जनपद में कुल 91 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें 38 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया जबकि शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु टीमों का गठन किया गया।



### भूपेन हजारिका के जन्म शताब्दी समारोह...

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को मणिपुर दौरे के बाद असम पहुंचे। उन्होंने गुवाहाटी में भारत रत्न भूपेन हजारिका की 100वीं जयंती पर आयोजित समारोह में भाग लिया। इस मौके पर उन्होंने भूपेन हजारिका को श्रद्धांजलि अर्पित की। इससे पहले, प्रधानमंत्री मोदी ने गुवाहाटी... पढ़ें पेज 12 पर...

# गैस सिलेंडरों में काला खेल

## शीला इंडेन एजेंसी पर सिमट रहा उपभोक्ताओं का सब्र, मैनेजर राज किशोर पर संगीन आरोप

जन एक्सप्रेस। लखनऊ




कृष्णा नगर स्थित शीला इंडेन गैस सर्विस में उपभोक्ताओं का विश्वास टूट चुका है। आरोप हैं कि एजेंसी के मैनेजर राज किशोर ने सरकारी गैस आपूर्ति को मुनाफाखोरी और हिस्सेदारी के धंधे में तब्दील कर दिया है। डिलीवरी मैनों को खुला छूट दे दिया गया जैसे चाहो वैसे सिलेंडर बाँटो, पर मेरा हिस्सा तो तय होना चाहिए। स्थानीय सूत्र बताते हैं कि एजेंसी में औपचारिक तौर पर करीब 15 डिलीवरीमैन रजिस्टर्ड हैं, जिनके जरिए प्रतिदिन लगभग 700 सिलेंडर वितरण होते हैं। पर असलियत कहीं और है हर डिलीवरी मैन ने अपने हिस्से का काम बाहर हाकरों को दे रखा है और उनके साथ मिलकर हर रिफिलिंग पर हिस्सा बांटा जाता है। इन हाकरों को मजदूरी के बदले प्रति शिफ्ट 500 रुपये दे दिए जाते हैं – यानि एजेंसी आधिकारिक कर्मचारियों को भुगतान करने के बजाय गुप्त ठेका और हिस्सेदारी के जरिए कमाई कर रही है।

### शिकायतें नाकाम, उपभोक्ता बेहाल

ग्रामीण और शहरी दोनों इलाकों के नागरिक बताते हैं कि बिना पैसे देने पर सिलेंडर महीनों का इंतज़ार कराना सामान्य बात हो चुकी है। वहीं पैसे चुकाने पर सप्लाई तुरंत। उपभोक्ता और स्थानीय लोग पूछते हैं – जब गड़बड़ी की जड़ एजेंसी मैनेजर है, तो शिकायत लेकर किसके पास जाएं? प्रशासन और इंडेन कंपनी दोनों की खामोशी उपभोक्ताओं में एक प्रश्न छोड़ जाती है क्या ऊपर से मिलीभगत है? एक स्थानीय निवासी ने कहा पैसे दो तो सिलेंडर, नहीं तो लाइन में सड़ो। तो एक वृद्ध महिला ने कटाक्ष किया जिस देश का राजा अंधा हो, वहाँ प्रजा भूखी मरती है। ये शब्द कृष्णा नगर के नज़ारे का करारा प्रतिबिंब हैं।


गैस रिफिलंग करता हुआ हॉकर

### प्रशासन की निष्क्रियता पर सवाल

आपूर्ति विभाग, इंडेन कंपनी और जिला प्रशासन की भूमिका संदिग्ध बनी हुई है। रोजाना सैकड़ों सिलेंडरों में चल रही इस कालाबाज़ारी पर अंकुश लगाने की जिम्मेदारी सीधे-सीधे इन संस्थाओं की है पर कार्रवाई न होना यह दर्शाता है कि कहीं न कहीं सिस्टम में सेंध लगा दी गई है। अगर संबंधित विभाग और कंपनी आज नहीं रोकते तो मिलीजुली लूट का खेल जारी रहेगा और उपभोक्ता शर्मनाक हालात में परेशान होते रहेंगे।

### क्या किया जाना चाहिए, तुरन्त कदम

1. **तत्काल जांच:** इंडेन कंपनी और जिला प्रशासन मिलकर शीला एजेंसी की आपूर्ति श्रृंखला व बिलिंग का ऑडिट कराएँ।
2. **अस्थायी निलंबन:** मैनेजर राज किशोर को तब तक निलंबित किया जाए जब तक जांच पूरी न हो।
3. **डिलीवरीमैनों का सत्यापन:** रजिस्टर्ड कर्मचारियों व बाहरी हाकरों के रिकॉर्ड का मिलान कर वास्तविकता खोली जाए।
4. **पारदर्शी शिकायत प्रणाली:** उपभोक्ताओं के लिए हॉटलाइन/ऑनलाइन पंजीकरण और त्वरित निगरानी सुनिश्चित की जाए।
5. **कठोर कार्रवाई:** मिलीभगत या भ्रष्टाचार पाए जाने पर एफआईआर व सख्त प्रशासनिक कार्रवाई की जाए।

### मुनाफ़ाखोरी के जरिए जनता का हक छीनता

कृष्णा नगर की यह कहानी सिर्फ एक गैस एजेंसी की समस्या नहीं, बल्कि उस प्रतिसादी तंत्र की गवाही है जो सुविधाएँ देने के बजाय मुनाफ़ाखोरी के जरिए जनता का हक छीनता है। अगर अब भी प्रशासन आंखें बंद रखता है तो उपभोक्ता का गुस्सा विनाशक रूप ले सकता है और तब किसी न किसी को जवाबदेह बनकर खड़ा होना पड़ेगा।

### जनता का अल्टीमेटम

कृष्णा नगर के उपभोक्ता अब साफ-साफ चेतावनी दे रहे हैं अगर जल्द प्रभावी कार्रवाई न हुई तो वे सड़क पर उतरकर प्रदर्शन करेंगे। उनका कहना है या तो प्रशासन हमारी सुनवाई करे, या हम एजेंसी के ताले खुद तोड़कर जवाब माँगेंगे। यह बयान किसी क्रोध की नहीं, अब तक की विफलता के प्रति जनता के हौसले का संकेत है।

# रेखा तोमर की जगह रेखा पांडेय नाम होता तो अब तक चल गया होता बुल्डोजर

- गबनखोरों पर क्यों पस्त पड़ गया योगी का बुलडोज़र?
- 7.92 लाख का गबन सिद्ध, आरोपी चिन्हित फिर भी कार्रवाई ठप

जन एक्सप्रेस। लखनऊ




अवैध निर्माण ढहाने और माफ़ियाओं की कमर तोड़ने वाले योगी सरकार के बुलडोज़र की धार जब स्वास्थ्य विभाग के भ्रष्टाचार तक पहुँचती है, तो अचानक कुंद क्यों हो जाती है? यही सवाल आज जनता पूछ रही है। सात लाख बान्नबे हज़ार रुपये (7,92,000) का यूज़र चार्जेज गबन, दस्तावेज़ों और जाँच में साफ़-साफ़ सिद्ध हो चुका है। आरोपी के रूप में स्वास्थ्य विभाग की कर्मचारी रेखा तोमर का नाम दर्ज है। फिर भी गिरफ्तारी तो दूर, अब तक विभागीय कार्रवाई तक शुरू नहीं हुई।

### क्या नाम बदलने से चल जाता बुलडोज़र?

जनता का तंज़ तीखा है अगर आरोपी का नाम रेखा तोमर की जगह रेखा पांडेय होता, तो क्या अब तक मकान ज़मींदोज़ न हो चुका होता? यह सवाल सीधे तौर पर सरकार के बुलडोज़र न्याय की चुनिंदा दिशा पर चोट कर रहा है।


7.92 लाख का गबन और फाइल बंद!
सरकारी अस्पताल में धन की हेराफेरी, जांच पर उठे सवाल

### अफसरशाही की मिलीभगत

पूरे मामले में सीएमओ ऑफिस, लखनऊ के डॉ. एन.बी. सिंह का नाम खुलकर सामने आ रहा है। आरोप है कि उनकी सीधी मिलीभगत और संरक्षण के बिना इतनी बड़ी हेराफेरी संभव ही नहीं थी।

### महानिदेशालय भी कठघरे में

स्वास्थ्य महानिदेशालय लखनऊ पर भी सवाल उठ रहे हैं। आरोप है कि विभाग आरोपी को बचाने के लिए ढाल बन बैठा है। कार्रवाई की बजाय फाइलों की बाज़ीगरी और लीपापोती का खेल खेला जा रहा है।

### असली तस्वीर

जनता साफ़ देख रही है बुलडोज़र की दिशा अब जाति और पहचान देखकर तय हो रही है। गबनखोरों पर सरकार का बुलडोज़र पस्त है। और यही तस्वीर योगी सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति की असलियत बयान कर रही है।

### सरकार की खामोशी

जब गबन सिद्ध है तो गिरफ्तारी क्यों नहीं? बुलडोज़र यहाँ क्यों बेअसर हो जाता है? क्या जीरो टॉलरेंस का दावा सिर्फ़ नारा है?

# डॉ. अरविंद कुमार मिश्रा, डिप्टी सीएमओ हरदोई को मिला डिजिटल हेल्थ मिशन का प्रमाण पत्र



- प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा देंगे, लखनऊ में आयोजित प्रशिक्षण में हासिल की बड़ी उपलब्धि

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

हरदोई जिले के उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरविंद कुमार मिश्रा ने प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं में बदलाव की राह खोलते हुए नई उपलब्धि अपने नाम की है। राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान, इंदिरा नगर लखनऊ में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में उन्होंने सफलता हासिल की और उन्हें एबीडीएम एचएमआईएस कार्यान्वयन पर लीडरशिप प्रशिक्षण प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। यह उपलब्धि आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत हो रहे राज्य स्तरीय प्रयासों में अहम मानी जा रही है। अधिकारियों का मानना है कि इससे हरदोई सहित पूरे प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा और गति मिलेगी।

### डिजिटल युग में कदम रखता स्वास्थ्य तंत्र

प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञों ने कहा कि डिजिटलाइजेशन से स्वास्थ्य सेवाएं न सिर्फ पारदर्शी होंगी बल्कि मरीजों के लिए आसान और तेज़ भी बनेंगी। अब अस्पतालों में मरीजों का पंजीकरण ऑनलाइन होगा, दवा वितरण कंप्यूटराइज्ड होगा और लैब रिपोर्ट भी ऑनलाइन उपलब्ध रहेगी।

सरकारी योजनाओं की मॉनिटरिंग डिजिटल प्लेटफार्म से तेज़ और सटीक हो सकेगी। अधिकारियों ने कहा कि इस पहल से सरकारी अस्पतालों की छवि मजबूत होगी और गड़बड़ी की संभावनाएं भी घटेंगी। डॉ. अरविंद ने कहा कि यह प्रशिक्षण मरीजों को सीधा लाभ देगा और स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक भरोसेमंद बनाएगा। हरदोई सहित प्रदेश के अन्य जिलों में इस मॉडल को लागू करने की तैयारी है। विशेषज्ञों का मानना है कि डॉ. अरविंद की यह उपलब्धि सरकारी अस्पतालों में डिजिटलाइजेशन को गति देगी और आम जनता को सुविधाजनक स्वास्थ्य सेवाओं की नई उम्मीद मिलेगी।




### अधिकारियों ने किया सम्मान, बढ़ाया हौसला

कार्यक्रम के समापन पर निदेशक अर्चना वर्मा, उप निदेशक (प्रशासन) डॉ. मोहित कुमार सिंह और कोऑर्डिनेटर आशीष चंद्र सोनकर ने संयुक्त रूप से डॉ. अरविंद को प्रमाणपत्र देकर उनका हौसला बढ़ाया। अधिकारियों ने कहा कि डिजिटल हेल्थ मिशन केवल तकनीकी बदलाव नहीं, बल्कि मरीजों की सेवा का नया अध्याय है।

# एसबीआई का ग्रीन मैराथन आज, भाग लेंगे चार हजार धावक

- स्वच्छता, पर्यावरण और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता फैलाना मैराथन का मकसद

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के तत्वावधान में एसबीआई ग्रीन मैराथन का आयोजन 14 सितम्बर को लखनऊ में होने जा रहा है। मैराथन का शुभारंभ प्रातः 5 बजे 1090 चौराहा गोमती नगर से किया जाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य शहरवासियों में स्वच्छता, हरित पर्यावरण और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता फैलाना है। यह दौड़ केवल खेल प्रतियोगिता नहीं बल्कि एक सामाजिक संदेश है कि हम सब मिलकर अपने शहर और देश को स्वच्छ और प्रदूषणमुक्त बनाने में योगदान दें।इस वर्ष का आयोजन विशेष रहेगा क्योंकि इसमें 4000 धावक भाग लेंगे। इनमें लखनऊ के जाने-माने और सम्मानित रनर्स जैसे चंदन सिंह ब्रांड एम्बेसडर शाद खान, ज्ञान प्रकाश, मोहित टंडन और अमृत्य सिन्हा शामिल हैं। इन धावकों की मौजूदगी से युवा और आमजन दोनों को ही स्वास्थ्य और फिटनेस के साथ-साथ सामाजिक उत्तरदायित्व की दिशा में प्रेरणा मिलेगी।प्रतियोगिता में 21 किमी टाइम्ड रन, 10 किमी टाइम्ड रन और 5 किमी नॉन-टाइम्ड रन का आयोजन होगा। प्रतिभागियों को ऑर्गेनिक टी-शर्ट, फिनिशर मेडल और ई-सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा। दौड़ पूरी करने के बाद प्रतिभागियों के लिए पौष्टिक नाश्ते की भी व्यवस्था रहेगी।इस आयोजन को सफल बनाने में कई संस्थान सहयोग कर रहे हैं। रेडियो मिर्ची इस मैराथन का रेडियो पार्टनर है, जो पूरे शहर में कार्यक्रम की जानकारी और जोश जगाने का कार्य कर रहा है। शेखर हॉस्पिटल आयोजन का मेडिकल पार्टनर है। शेखर हॉस्पिटल के निदेशक सुनील दत्त त्रिपाठी ने इस अवसर पर कहा,ऐसे बेहतरीन आयोजन से जुड़कर पूरा हिंद समूह अत्यंत उत्साहित और गौरवान्वित महसूस कर रहा है। एसबीआई ग्रीन मैराथन जैसे कार्यक्रम न केवल फिटनेस और खेल संस्कृति को प्रोत्साहित करते हैं बल्कि समाज को पर्यावरण संरक्षण और सामूहिक जिम्मेदारी का गहरा संदेश भी देते हैं।

# हाईटेंशन लाइन बनी मौत का फंदा

## 11 साल की मासूम जिंदगी और मौत से जंग, डॉक्टर बोले, हाथ-पैर काटना पड़ सकता है



जन एक्सप्रेस। लखनऊ

बिजली विभाग की लापरवाही ने मासूम बच्ची का जीवन अंधेरे में धकेल दिया। शनिवार को छत पर कपड़े उतारने गई 11 वर्षीय बच्ची हाईटेंशन लाइन से करंट की चपेट में आ गई। झटके से उसका पूरा शरीर झुलस गया। बच्ची को गंभीर हालत में केजीएमयू के प्लास्टिक सर्जरी विभाग में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों का कहना है कि इलाज के दौरान उसका एक हाथ और एक पैर काटना भी पड़ सकता है। बच्ची के पिता ने बताया कि घर की छत से होकर हाईटेंशन लाइन गुजर रही थी। सात महीने पहले ही बिजली विभाग को लिखित में आवेदन दिया गया था कि लाइन हटाई जाए, लेकिन विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की। आज उसी लापरवाही का खामियाजा उनकी बेटी को भुगतना पड़ रहा है। मां का रो-रोकर बुरा हाल है, पिता बार-बार यही कह रहे हैं समय रहते कदम उठाए होते तो आज बेटी का बचपन न उजड़ता।

### जवाबदेही का सवाल

यह हादसा केवल एक बच्ची की पीड़ा नहीं, बल्कि व्यवस्था पर सवाल है। क्या सरकार पीड़ित परिवार की मदद करेगी? क्या बिजली विभाग के अधिकारियों पर कार्रवाई होगी? या फिर यह मामला भी कागजों में दबकर रह जाएगा?

### पीड़ित परिवार की मांगें

- बच्ची का पूरा इलाज सरकार कराए।
- जिम्मेदार अफसरों पर कार्रवाई हो।
- परिवार को आर्थिक मदद दी जाए।

### बिजली विभाग की लापरवाही

- 7 महीने पहले एप्लीकेशन देने के बाद भी लाइन नहीं हटाई गई।
- विभाग की चुप्पी ने बच्ची को जिंदगी भर का दर्द दे दिया।

### डॉक्टरों की राय

- बच्ची के हाथ-पैर गंभीर रूप से झुलसे।
- सर्जरी के दौरान एक हाथ और पैर काटना पड़ सकता है।

### मां सरस्वती की वरदान है हिन्दी

मां सरस्वती की वरदान है हिन्दी
ये सभी गुणों की खान है हिन्दी
देती अविरल धारा ज्ञान है हिन्दी
जन जीवन जग प्रज्ञान है हिन्दी
सर्व-धर्म समभाव है हिन्दी
मानवता की नाव है हिन्दी
सर्व रसों का पान है हिन्दी
जीवन का सोपान है? हिन्दी
हिंदी के हीरा तुलसी औ मीरा
दिव्य दृष्टि के हैं सूरदास कबीरा
इनसे बड़ा कोई रत्न ना हीरा
महादेवी मैथिली प्रसाद पंत निराला
हिंदी जगत के हैं दिव्य उजियाला
प्रेमचंद्र अश्क अज्ञेय द्विवेदी आला
उपन्यासरत्न साहित्य के रखवाला
इनके सपनों से सृजित है हिन्दी
ये अमृत रसों से रचित है हिन्दी
चमके माथे पर बनकर है बिन्दी
अनुपम अपनी अनमोल है हिन्दी
हिंदुस्तानी दिलों की बोल है हिन्दी
नित नव नूतन नवगान है हिन्दी
भारत का गर्व अभिमान है हिन्दी


रवीन्द्र कुशवाहा
कवि कलाकार
मा0 सदस्य राज्य ललित कला अकादमी संस्कृति मंत्रालय उत्तर प्रदेश

# सिटी लॉ कॉलेज में आयोजित हुआ विचारमंथन

- सोशल मीडिया और अभिव्यक्ति की आजादी पर परिचर्चा

जन एक्सप्रेस। राज्य मुख्यालय

सिटी लॉ कॉलेज, जानकीपुरम में शनिवार को सोशल मीडिया और अभिव्यक्ति की आजादी विषय पर परिचर्चा और वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के राज्य सूचना आयुक्त डॉ. दिलीप अग्निहोत्री ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने कहा कि भारत की संवैधानिक व्यवस्था सुदृढ़ है, लेकिन अभिव्यक्ति की आजादी पूर्णतः निर्बाध नहीं हो सकती। संविधान के अनुच्छेद 19 में स्पष्ट प्रावधान है कि यह स्वतंत्रता कुछ युक्तियों और मर्यादाओं के अंतर्गत ही है। राज्य सूचना आयुक्त ने सोशल मीडिया की भूमिका पर चर्चा करते हुए कहा कि आज के दौर में सोशल मीडिया एक शक्तिशाली माध्यम बन चुका है, लेकिन इसके प्रयोग में आत्मसंयम अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया का उपयोग समाज और राष्ट्रहित को ध्यान में रखकर किया जाना चाहिए। कार्यक्रम के आयोजन में प्रमुख भूमिका निभाने वाले विवेक दीक्षित (संस्थापक, लॉलिशियस) ने कहा कि ऐसे आयोजनों से छात्रों में संवैधानिक समझ और अभिव्यक्ति कौशल का विकास होता है। इस अवसर पर सिटी ग्रुप ऑफ कॉलेजेज की निदेशिका ममता श्रीवास्तव, कुलदीप सिंह सिकरवार, डॉ. सरिता सिंह, डॉ. सोनाली राय चौधरी, श्वेता शाही, फहील अनवर अंसारी, आशु मिश्रा, दिव्यांशु रंजन, शरवीन सय्यद, कश्वी सिंह, राधा राय, अस्तित्व राज, और आराध्या सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने विषय से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर प्रभावशाली विचार रखे। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अवलीन सोढ़ी (सिटी लॉ कॉलेज, बी.ए. एलएल.बी., सेमेस्टर 3) ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान अभिषेक दीक्षित और तृतीय स्थान प्रेक्षा त्रिपाठी को मिला। विजेताओं को राज्य सूचना आयुक्त डॉ. अग्निहोत्री द्वारा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की सीमाओं और जिम्मेदारियों से परिचित कराना था। कॉलेज प्रशासन ने भविष्य में भी इस प्रकार की बौद्धिक गतिविधियों के आयोजन की प्रतिबद्धता दोहराई।



# पत्रकारों को पेंशन देने की माँग पर उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से की विशेष पहल की अपील

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

उत्तर प्रदेश के पत्रकारों के हितों की लगातार सेवा और पत्रकारिता क्षेत्र में सुधार हेतु समर्पित प्रयास करने वाले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति की ओर से एक महत्वपूर्ण पत्र भेजा गया है। पत्र के माध्यम से प्रदेश के पत्रकारों को पेंशन देने की माँग दोहराई गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सशक्त नेतृत्व क्षमता और जनहित में किए गए निर्णयों की देशभर में सराहना होती रही है। पत्रकारिता के क्षेत्र में भी उनके प्रशासनिक दृष्टिकोण को सकारात्मक माना जाता है। पत्र में समिति के प्रदेश महासचिव अरुण कुमार त्रिपाठी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अवगत कराया है कि कई वर्षों पूर्व राज्य सरकार द्वारा पत्रकारों को पेंशन देने की घोषणा की गई थी। लेकिन अभी तक इस दिशा में कोई ठोस शासनादेश नहीं जारी हुआ है। समिति के अनुसार, देश के अन्य कई राज्यों में पत्रकारों को पेंशन देने की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और राज्य सरकारों ने उन्हें आर्थिक सुरक्षा प्रदान कर दी है। पत्र में विशेष रूप से अनुरोध किया गया है कि संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करके शासनादेश को शीघ्र जारी किया जाए ताकि पत्रकार जीवन में सम्मानजनक व स्थायी आर्थिक सुरक्षा पा सकें। इससे न केवल पत्रकारिता की स्वतंत्रता और गुणवत्ता में वृद्धि होगी, बल्कि पत्रकार समाज को भी आत्मनिर्भर बनाने में मदद मिलेगी।


अरुण कुमार त्रिपाठी, महासचिव
उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति

पत्र में आगे लिखा गया है, ज्ञातव्य हो कि देश के अनेक राज्यों ने पत्रकारों को पेंशन प्रदान कर रखी है। आपसे निवेदन है कि आप संबंधित अधिकारियों को पेंशन जारी करने की घोषणा को क्रियान्वित करने हेतु निर्देशित करने की अनुकम्पा करें। उत्तर प्रदेश में पत्रकार समाज अनेक सामाजिक, आर्थिक और प्रशासनिक समस्याओं का सामना करता आ रहा है। ऐसे समय में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का लगातार पत्रकारों के हितों के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण प्रदेश में सकारात्मक संदेश फैला रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पिछली योजनाओं जैसे जनकल्याणकारी कार्यक्रम, स्वच्छता अभियान और आर्थिक सुधारों के सफल क्रियान्वयन से प्रदेश की तस्वीर देशभर में उज्ज्वल हुई है। उनके प्रशासन में पारदर्शिता, न्यायप्रियता और विकासशील सोच के चलते जनता के बीच उनका विश्वास लगातार बढ़ा है। उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति के महासचिव अरुण कुमार त्रिपाठी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से इस मांग पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए शीघ्र पेंशन संबंधी शासनादेश जारी करने की अपेक्षा व्यक्त की है। समिति ने यह भी आश्वस्त किया है कि यदि यह पेंशन योजना क्रियान्वित होती है, तो यह प्रदेश के पत्रकार समाज को आत्मविश्वास और सम्मान के साथ कार्य करने का सशक्त मार्गदर्शन प्रदान करेगी। इस विशेष अपील से प्रदेशभर में पत्रकार समुदाय में आशा की नई लहर दौड़ गई है। विश्लेषक मानते हैं कि यदि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा सकारात्मक पहल की जाती है, तो यह पत्रकारिता के क्षेत्र में ऐतिहासिक निर्णय होगा, जिससे यूपी के पत्रकार भविष्य में अपने कार्य को और भी आत्मनिर्भर व सम्मानजनक रूप से कर सकेंगे। प्रदेश के पत्रकारों की दशा को सुधारने की दिशा में यह कदम बेहद महत्वपूर्ण साबित होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में विकास, पारदर्शिता और जनकल्याणकारी नीतियाँ लगातार प्रभावी रूप से लागू हो रही हैं। अब इस अपील के बाद सबकी नजरें इस पर होंगी कि कब तक पत्रकारों को पेंशन योजना का लाभ मिल सकेगा।

# बीकेटी: चौथी कार्यक्रम में छेड़छाड़ से मचा बवाल

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

बीकेटी थाना क्षेत्र के एक गांव में शनिवार रात चौथी कार्यक्रम के दौरान उस समय हंगामा खड़ा हो गया जब कार्यक्रम में शामिल कुछ लोगों ने लड़की से छेड़छाड़ कर दी। घटना से गुस्साए परिजनों और स्थानीय लोगों ने विरोध किया, जिसके बाद दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। बवाल में आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, चौथी कार्यक्रम में शामिल होने खुर्रम नगर, लखनऊ से कुछ लोग शिवपुरी गांव पहुंचे थे। इसी दौरान लड़की से छेड़छाड़ की घटना हुई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और लाठी-डंडे चलने लगे। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने हालात को किसी तरह काबू में किया। सभी घायलों को एंबुलेंस की मदद से रामसागर मिश्र अस्पताल में भर्ती कराया गया। फिलहाल पुलिस ने पीड़ित पक्ष की तहरीर लेकर जांच शुरू कर दी है।

# मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत छात्राओं को किया जागरूक

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के तहत जनपद में महिला सशक्तिकरण एवं सुरक्षा को लेकर व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं में आत्मविश्वास, सुरक्षा की भावना और उनके अधिकारों को लेकर जागरूकता फैलाना रहा। लखनऊ कमिश्नर अमरेंद्र कुमार सेंगर के निर्देशन में जिले के सभी थानों द्वारा प्रमुख बाज़ारों, कस्बों, चौराहों, स्कूलों, कॉलेजों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिस कर्मियों की टीमों ने भ्रमण कर महिलाओं और छात्राओं को जागरूक करने का काम कर रही है। इस अभियान में लखनऊ के महिला थाना द्वितीय की टीम ने बीकेटी के करियर ग्लोबल स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम चलाया इस दौरान स्कूल में पढ़ने वाली छात्राओं को वीमेन पावर लाइन-1090, यूपी पुलिस आपातकालीन सेवा-112, महिला हेल्पलाइन-181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन-1930, एम्बुलेंस सेवा-108, सीएम हेल्पलाइन-1076 , गुड टच और बैंड टच सहित विभिन्न आपातकालीन व सरकारी सहायता नंबरों की जानकारी दी गई। थाना प्रभारी मेनका सिंह ने जागरूकता अभियान में आत्मनिर्भर और जागरूकता के महत्व पर जोर दिया।

# भारत-नेपाल सीमा पर पुलिस, पीएसी व एसएसबी की संयुक्त टीम ने किया गस्त

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर



शनिवार को इंडो-नेपाल बॉर्डर क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर बलरामपुर पुलिस टीम, पीएसी व एसएसबी की संयुक्त टीम द्वारा लगातार भ्रमण व पैदल गस्त कर सभी चेक पोस्टों पर प्रत्येक आने-जाने वाले व्यक्तियों तथा वाहनों की सघन जांच की जा रही है। जानकारी के अनुसार 13 सितंबर को पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय के पर्यवेक्षण में इंडो-नेपाल बॉर्डर क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर बलरामपुर पुलिस टीम, पीएसी व एसएसबी की संयुक्त टीम द्वारा लगातार भ्रमण व पैदल गस्त कर सभी चेक पोस्टों पर प्रत्येक आने-जाने वाले व्यक्तियों तथा वाहनों की सघन जांच की जा रही है। साथ ही बॉर्डर एरिया की संदिग्ध गतिविधियों पर पूर्ण विराम लगाने हेतु सीमावर्ती थाना पुलिस, पीएसी व एसएसबी तथा नेपाल पुलिस की संयुक्त टीम के साथ समन्वय स्थापित किया गया। इंडो नेपाल बॉर्डर के मुख्य मार्ग पर स्थित पुलिस तथा एसएसबी चेक पोस्टों को सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत भारत-नेपाल के मध्य मार्ग के रास्ते आने-जाने वाले व्यक्तियो व वाहनों की सतर्कता के साथ सघन चेकिंग करते हुए संयुक्त टीम द्वारा सक्रिय भूमिका निभाई जा रही है। नेपाल राष्ट्र की सीमा पर सतर्क दृष्टि रखने हेतु सीमा से सटे हुए गावों के ग्राम सुरक्षा समिति व सम्भ्रान्त व्यक्तियों को मादक पदार्थों की तस्करी, मानव व गौ तस्करी, अवैध कटान व अन्य संदिग्ध गतिविधियों के बारे में जागरूक करने तथा संदिग्ध व्यक्तियों की सूचना तत्काल उच्चाधिकारियों को देनें के बारें मे बताया गया, जिससे पुलिस द्वारा इस तरह की गतिविधियों में संलिप्त असामाजिक तत्वों पर प्रभावी अकुंश लगाया जा सके।

## प्रशासन द्वारा किसानों की समस्याओं का हल न होने पर अनिश्चित काल के लिये धरना पर बैठे किसान

**जन एक्सप्रेस/राबयेरली।** भारतीय किसान यूनियन जनपद रायबरेली विकासखंड छतोह के मेहंदी गंज चौराहे पर किसानोकी समस्याओं से संबंधित ज्ञापन ब्लॉक अध्यक्ष मोइनुद्दीन द्वारा उप जिला अधिकारी महोदय सलवान को दिया गया था ज्ञापन में कहा गया था की पंचायत में किसानों की समस्याओं का निराकरण न किया गया तो पंचायत अनिश्चितकालीन धरने में तब्दील कर दी जाएगी शाम 5:00 बजे तक किसी सक्षम अधिकारी द्वारा ज्ञापन लेने की व्यवस्था नहीं सुनिश्चित की गई जिससे किसानों में आक्रोश फैल गया और पंचायत को अनिश्चितकालीन धरने में तब्दील कर दिया धरने का नेतृत्व ब्लॉक अध्यक्ष मोइनुद्दीन करेंगे धरना शांतिपूर्ण ढंग से जारी है इस मौके पर मंडल उपाध्यक्ष मदन सिंह परिहार मंडल सचिव राजेश कुमार विश्वकर्मा राम सजीवन शर्मा जिला अध्यक्ष द्वारा प्रतिनिधि बनाकर भेजे गए।

# विज्ञान प्रदर्शनी में दिखी छात्राओं की प्रतिभा

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर



जनपद के महारानी देवेंद्र कुंवरि बालिका इंटर कालेज में शनिवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में छात्राओं ने अपने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जानकारी के अनुसार 13 सितंबर को एमडीके बालिका इंटर कॉलेज में विद्यालय स्तर पर विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत समग्र शिक्षा (माध्यमिक) के द्वारा राष्ट्रीय आविष्कार अभियान विज्ञान प्रदर्शनी 2025-2026 का अनुमोदन किया गया। प्रदर्शनी में कक्षा 9 से लेकर 12 तक के छात्र-छात्राओं को सम्मिलित किया गया। विज्ञान प्रदर्शनी में कक्षा 10 की छात्रा सदिया बानो ने डिजास्टर मैनेजमेंट के अंतर्गत स्मार्ट सिटी को प्रदर्शित किया है, जिसमें वह विद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसी क्रम में द्वितीय स्थान ऊर्जा संरक्षण पर कक्षा 9 की मानवी सिंह रहीं। तृतीय स्थान कक्षा 10 की बब्बी कनौजिया ने पानी सन सूचक (डिटेक्टर) पर आधारित है। विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन विद्यालय की प्रधानाचार्या साधना पांडे व नीलम भारती द्वारा किया गया। बच्चों की प्रस्तुतीकरण बहुत ही बेहतर ढंग से रहा। विज्ञान प्रदर्शनी के आयोजन में प्रदर्शन प्रभारी सर्वेश सिंह व सहयोगी अध्यापिका संतोष श्रीवास्तव का योगदान रहा।

# गन्ना समिति के वार्षिक साधारण सभा की बैठक का आयोजन

जन एक्सप्रेस। तुलसीपुर बलरामपुर



जनपद बलरामपुर के सहकारी गन्ना समिति लिमिटेड तुलसीपुर की वार्षिक साधारण सभा गन्ना सुरक्षण बैठक का आयोजन शनिवार को स्थानीय रिसोर्ट में किया गया। बैठक की अध्यक्षता समिति की चेयरमैन नीलम सिंह ने किया।

जानकारी के अनुसार 13 सितंबर को सरकारी गन्ना समिति की वार्षिक बैठक के मुख्य अतिथि तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला ने कहा कि किसान देश के अन्नदाता है। देश की अर्थव्यवस्था में किसानों का महत्वपूर्ण भूमिका है। सदर विधायक पलटू राम ने कहा कि उत्तर प्रदेश में किसान गन्ने की खेती प्रमुख रूप से करते हैं। सीएम योगी किसानों के लिए कई जनकल्याण कारी योजनाएं चला रहे। भाजपा जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा ने कहा कि देश व प्रदेश में भाजपा की डबल इंजन की सरकार है। किसान नई नई तकनीक से कम लागत में अधिक फसल की पैदावार कर सकते हैं। किसानों को तकनीक के बारे में जागरूक होना चाहिए। पूर्व जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने कहा कि गन्ना किसान अपनी समस्याओं का समाधान समिति के माध्यम से कर सकते हैं। गन्ना पर्ची के लिए किसान ऑनलाइन पोर्टल पर जानकारी उपलब्ध कर सकते हैं। वहीं समिति किसानों के समस्याओं को दूर करने का निरंतर प्रयास कर रही है। इस अवसर पर गन्ना समिति उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद शुक्ला, गन्ना डायरेक्टर मनराज सिंह, माधव चौधरी, राजकुमार पाल, मंसाराम यादव, दीपक कुमार, रोहित तिवारी, चीनी मिल तुलसीपुर मुख्य प्रबंधक सुधीर कुमार, बलरामपुर चीनी मिल एजीएम संजय सिंह, योगेंद्र शुक्ला, गन्ना प्रबंधक केपी सिंह, आशीष सिंह, चीनी मिल इटई मैदा प्रबंधक आरपी शाही, गन्ना समिति तुलसीपुर सचिव राजेश कुमार, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक राकेश कुमार, जिला उपाध्यक्ष बृजेंद्र तिवारी, जिला महामंत्री विष्णु देव गुप्ता, जिला मंत्री अवधेश त्रिपाठी तरुण, भाजपा वरिष्ठ नेता अमरनाथ शुक्ला, बृज गोपाल पाण्डेय व आनंद कुमार अन्नू मौजूद रहे।

## सड़क हादसा: मेडिकल कॉलेज के सामने ट्रैक्टर-ट्रॉली और बाइक की टक्कर, मजदूर की मौत

**जन एक्सप्रेस/अमेठी।** तिलोई तहसील क्षेत्र में नवनिर्मित मेडिकल कॉलेज के सामने शुक्रवार की देर शाम ट्रैक्टर-ट्रॉली और मोटर साइकिल की आमने-सामने की भिड़ंत में 26 वर्षीय मजदूर की मौके पर मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान अर्जुन गोस्वामी निवासी ग्राम बारयूं, जनपद बाराबंकी के रूप में हुई है। अर्जुन तिलोई में बन रहे मेडिकल कॉलेज की निर्माणाधीन इमारत में मजदूरी करता था।शुक्रवार शाम काम खत्म होने के बाद वह अपने साथी प्रवेश कुमार गोस्वामी के साथ मोटरसाइकिल से लौट रहा था। इसी दौरान मेडिकल कॉलेज के सामने अचानक उनकी बाइक ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई। हादसा इतना भीषण था कि अर्जुन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि प्रवेश गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी।मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को तत्काल रेफरल हॉस्पिटल तिलोई में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा चलाया गया यातायात नियम जागरूकता अभियान

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर




जनपद बलरामपुर के एमएलके पीजी कॉलेज में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक तथा स्वयं सेविकाओं ने शनिवार को यातायात नियमों के पालन हेतु जागरूकता अभियान चलाया।

जानकारी के अनुसार 13 सितंबर को एमएलके पीजी कॉलेज प्राचार्य प्रो जनार्दन प्रसाद पाण्डेय के निर्देशानुसार, राष्ट्रीय सेवा योजना के सरोजनी नायडू इकाई, कल्पना चावला इकाई तथा डॉ कलाम इकाई के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ रमेश कुमार शुक्ल, डॉ अनामिका सिंह तथा डॉ जितेन्द्र भट्ट के संयोजकत्व मे यातायात नियमो के पालन के लिए जागरूकता अभियान विषय पर एक कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के सभागार मे किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ वैदिक मंगलाचरण, मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन से हुआ। गिरजा, शिखा तथा स्नेहा ने वैदिक मंगलाचरण तथा सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के प्रारंभ मे राष्ट्रीय सेवा योजना के सरोजनी नायडू ईकाई के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ रमेश शुक्ल ने सडक सुरक्षा सप्ताह के महत्व के विषय मे छात्र छात्राओं तथा स्वयंसेवक एवम स्वयं सेविकाओं ने को जानकारी दी। डॉ शुक्ल ने कहा कि ट्रेफिक रूल्स की जानकारी का अभाव सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि का एक प्रमुख कारण है। डॉ शुक्ल ने कहा कि किशोरावस्था मे छात्र सड़क को रेस कोर्स न समझे तथा बिना लाइसेंस एवम हैलमेट के वाहन किसी भी स्थिति में न चलाएं। उन्होने स्वयंसेवक तथा स्वयं सेविकाओं से कहा कि वे इस संबंध मे जागरूकता का प्रचार समाज मे करें। डॉ शुक्ल ने कहा कि भारत मे सडक दुर्घटनाओं मे होने वाली मृत्यु और गंभीर चोट को कम किया जा सकता है अगर चालक ट्रैफिक नियमों का पालन सावधानीपूर्वक करें। इस अवसर पर डॉ अनामिका सिंह के नेतृत्व मे यातायात के नियमो के पालन से संबधित शपथ ग्रहण छात्र-छात्राओं तथा स्वयंसेवक एवं स्वयं सेविकाओं के द्वारा किया गया। इस अवसर पर स्वयंसेवक तथा स्वयं सेविकाओं द्वारा इस विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता व भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर आसपास के क्षेत्रों मे कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ रमेश कुमार शुक्ल के नेतृत्व मे एक जागरूकता रैली निकाली गई।

कार्यक्रम मे डॉ ए के दीक्षित, डॉ दिनेश तिवारी, डॉ बी एल गुप्ता, डॉ अभय नाथ ठाकुर, शिवम सिंह, आर्या तिवारी, सिद्धार्थ मोहंता उपस्थित थे। स्वयंसेवक तथा स्वयं सेविकाओं मे शिवम, ओम कश्यप, अनिमेष, गिरीजा, दिलीप शर्मा, विकास, ओम मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

## सुप्रीम कोर्ट के किस आदेश को रायबरेली के अधिवक्ताओं ने सराहा

**जन एक्सप्रेस/राबयेरली।** सुप्रीम कोर्ट की ओर से देश भर की हाईकोर्ट्स और ट्रायल कोर्ट्स को निर्देश दिया है कि वह जमानत और अग्रिम जमानत से जुड़ी याचिकाओं को तीन से छह महीने के भीतर निपटाएं। जिसका जिले के अधिवक्ताओं ने स्वागत किया है। अधिवक्ताओं का कहना है कि इससे न्याय प्रक्रिया में पारदर्शिता आएगी और लोगों को जल्दी न्याय मिल सकेगा। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की खंडपीठ ने कहा कि जमानत और अग्रिम जमानत की याचिकाएं सीधे तौर पर व्यक्तिगत स्वतंत्रता से जुड़ी होती हैं। इसलिए इन्हें वर्षों तक लंबित नहीं छोड़ा जा सकता। ऐसी याचिकाओं को हर हाल में तीन से छह महीने तक निपटारा होना चाहिए। ऐसा निर्देश उन्होंने सभी हाईकोर्ट व ट्रायल कोर्ट को दिया है। जिसका अधिवक्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया है।

# अवैद्यनाथ की पुण्यतिथि पर देवीपाटन में समरसता संगोष्ठी का आयोजन

जन एक्सप्रेस। तुलसीपुर, बलरामपुर



जनपद में राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की 11वीं पुण्यतिथि पर विश्व हिंदू महासंघ, जनपद बलरामपुर द्वारा शनिवार को देवीपाटन मंदिर स्थित गोरख मंडपम में सामाजिक समरसता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जानकारी के अनुसार 13 सितंबर को आयोजित समरसता संगोष्ठी कार्यक्रम से पहले जिला अध्यक्ष चौधरी विजय सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ता केसरिया ध्वज से सजे दोपहिया और चौपहिया वाहनों के साथ नगर भ्रमण करते हुए मंदिर परिसर पहुंचे। रास्ते भर **जय महंत मिथलेश नाथ जी की जय, प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति जिंदाबाद** और **जय श्रीराम** के नारे गूंजते रहे। गोरख मंडपम में सर्वप्रथम महंत अवेद्यनाथ के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया और ध्वजगान के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। विशिष्ट अतिथि व मुख्य वक्ता प्रदेश महामंत्री दिग्विजय सिंह राणा, प्रदेश उपाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह तथा प्रदेश अध्यक्ष (सोशल मीडिया) गंगा शर्मा कौशिक ने संत की जीवन यात्रा और उनके योगदान पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी ने सदैव सामाजिक समरसता का संदेश दिया। उन्होंने राम मंदिर निर्माण की पहली ईंट एक दलित कार्यकर्ता के हाथों रखवाई और कभी जात-पात का भेदभाव नहीं किया। उनके बताए रास्ते पर चलकर संगठन को और मजबूत करना होगा। मुख्य वक्ता श्री राणा ने सीमा क्षेत्र में बढ़ते धर्मांतरण पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि अगर हम संगठित रहेंगे तो इससे निजात पा सकेंगे, विभाजन हमें कमजोर करेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष चौधरी विजय सिंह ने की और संचालन जिला उपाध्यक्ष मिथलेश गिरी ने किया। संगोष्ठी को जिला महामंत्री रामकिशन चौधरी, मातृशक्ति जिलाध्यक्ष सुनीता तिवारी, जिला उपाध्यक्ष रवि प्रताप सिंह, जिला मंत्री राधेश्याम कौशल सहित कई पदाधिकारियों ने संबोधित किया। इस मौके पर प्रदेश महामंत्री दिग्विजय सिंह राणा, प्रदेश उपाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह, प्रदेश अध्यक्ष सोशल मीडिया गंगा शर्मा कौशिक, मंडल प्रभारी राकेश दुबे, नवनियुक्त जिला प्रभारी योगेंद्र बहादुर सिंह सहित संगठन के सैकड़ों पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## तीन मनबढ़ों द्वारा स्कूली बच्चों के अपहरण की कोशिश, लोगों ने दबोचा

**जन एक्सप्रेस/राबयेरली।** जनपद के सिसवा नगर के गांधीनगर वार्ड में शनिवार सुबह एक सनसनीखेज घटना सामने आई। जहां पंडितपुर टोला निवासी अनिल के दो बेटे, आकाश (10) और रितेश (7) स्कूल जा रहे थे। तभी हरियाणा नंबर की कार में सवार तीन युवकों ने दोनों बच्चों को जबरन कार में बैठाने का प्रयास किया। बच्चों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर दौड़ पड़े। सूत्रों के मुताबिक, बचने के लिए आरोपी कार लेकर भागने लगे, लेकिन स्थानीय लोगों का साहस देख अपराधियों की योजना धरी की धरी रह गई। लोगों ने पीछा करते हुए अस्पताल रोड पर कार को घेर लिया और तीनों युवकों को दबोच लिया। गुस्साई भीड़ ने आरोपियों की पिटाई भी की और तुरंत कोठीभार पुलिस को सूचना दी। घटना की सूचना मिलते ही कोठीभार थाना प्रभारी धर्मेंद्र सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे।

# नेपाल में हिंसक प्रदर्शन पर मौनी महाराज की प्रतिक्रिया

जन एक्सप्रेस। अमेठी



जनपद के सगरा पीठाधीश्वर और हिंदू धर्मगुरु मौनी महाराज ने नेपाल में जारी हिंसक प्रदर्शनों पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि जनता को अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाना पूरी तरह उचित है, लेकिन विरोध प्रदर्शनों के दौरान सार्वजनिक संपत्ति का नुकसान और रक्तपात गलत है। मौनी महाराज ने कहा कि किसी भी आंदोलन का सार्थक होना तभी संभव है, जब उसमें हिंसा न हो और देश की छवि को धक्का न लगे। उन्होंने नेपाल के लोगों से धैर्य और संयम बनाए रखने की अपील की और कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई जरूर लड़ें,लेकिन बिना हिंसा के। भ्रष्टाचार पर बोलते हुए महाराज ने नेताओं पर सीधा हमला बोला। उन्होंने कहा कि जो नेता जनता का शोषण करते हैं, विदेशों में पैसा जमा करते हैं और अपने परिवार को राजनीति में आगे बढ़ाते हैं, वे देश के लिए सबसे बड़े दुश्मन हैं। मौनी महाराज ने भारतीय राजनीति का जिक्र करते हुए कहा कि एक साधारण विधायक विधानसभा में आने के बाद अरबपति बन जाता है।यह स्थिति बताती है कि नेताओं की संपत्ति की नियमित जांच बेहद जरूरी है। नेपाल की मौजूदा स्थिति पर चिंता जताते हुए उन्होंने कहा कि हालात इतने बिगड़ गए कि वामपंथी विचारधारा के प्रधानमंत्री को देश छोड़कर बाहर जाना पड़ा। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ भारतीय नागरिक नेपाल में फंसे हुए हैं। अंत में उन्होंने भ्रष्टाचार के खिलाफ संघर्ष को सही ठहराते हुए कहा कि यह लड़ाई अहिंसक तरीके से लड़ी जानी चाहिए,ताकि नेपाल की छवि और जनता की सुरक्षा दोनों बनी रहें।

# रामघाट पर मूर्ति विसर्जन की तैयारी तेज, डीएम-एसपी ने किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। अमेठी



नवरात्र और दुर्गा पूजा का पावन पर्व नजदीक है और इसी के साथ मूर्ति विसर्जन की तैयारियां भी जोरों पर हैं। संग्रामपुर विकासखंड के ऐतिहासिक रामघाट पर इस बार भी मूर्ति विसर्जन और मेले का आयोजन होने जा रहा है। प्रशासनिक और सामाजिक स्तर पर तैयारी पूरी ताकत के साथ चल रही है। शनिवार को जिलाधिकारी संजय चौहान और पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक स्वयं घाट पर पहुंचे। और सभी व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। अधिकारियों ने घाट पर की गई बैरिकेडिंग, साफ-सफाई और सुरक्षा इंतजाम का जायजा लिया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था में कोई कोताही न बरती जाए। डीएम ने समिति पदाधिकारियों से कहा कि विसर्जन कार्यक्रम के दौरान अनुशासन और शांति बनाए रखना सबसे जरूरी है। उन्होंने पुलिस बल के साथ-साथ जल पुलिस, एंबुलेंस और स्वास्थ्य सेवाओं की मौजूदगी सुनिश्चित करने का आदेश दिया। वहीं एसपी ने यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने, सीसीटीवी कैमरे लगाने और असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए। रामघाट विकास सेवा समिति ने प्रशासन को आश्वस्त किया कि पांच अक्टूबर तक सभी तैयारियां पूरी कर ली जाएंगी। समिति की ओर से बताया गया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए घाट पर प्रकाश व्यवस्था, पेयजल साफ-सफाई और विश्राम स्थल की विशेष व्यवस्था की जा रही है। आगामी सात अक्टूबर को होने वाले मेला और मूर्ति विसर्जन कार्यक्रम में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि रामघाट पर हर साल बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। सुरक्षा और व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। भीड़ प्रबंधन के लिए वालंटियर तैनात किए जाएंगे और घाट पर हर स्तर की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष, संरक्षक और प्रबंधक भी मौजूद रहे।सभी ने श्रद्धालुओं को सुरक्षित एवं व्यवस्थित वातावरण उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।

## पुलिस मुठभेड़: गोकशी की योजना बना रहे दो गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/अमेठी।** जनपद के थाना जायस क्षेत्र में गोकशी की योजना बना रहे दो अंतर्जनपदीय आरोपियों को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ में दोनों आरोपियों के पैर में गोली लगी, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान आजाद और सिरताज निवासी कंचाना थाना जायस के रूप में हुई है। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में चलाए गए अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी तिलोई दिनेश कुमार मिश्र के नेतृत्व में थानाध्यक्ष जायस और स्वाट टीम ने कार्रवाई की। मुखबिर से सूचना मिली थी कि आरोपी मुर्गी फार्म के पास गोकशी की योजना बना रहे हैं। घेराबंदी करने पर आरोपियों ने फायरिंग शुरू कर दी,जिसके बाद पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दोनों घायल हो गए। मौके से पुलिस ने दो तमंचे, चार जिंदा कारतूस, तीन खोखा कारतूस गोकशी के उपकरण, रस्सी, टॉर्च, काली पन्नी और स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद की। पूछताछ में आरोपियों ने 11-12 सितंबर को सरायमहेशा में चार साथियों के साथ गोकशी करने की घटना स्वीकार की। दोनों के खिलाफ अमेठी और रायबरेली में कई मामले दर्ज हैं।

# विकसित उत्तर प्रदेश समर्थ उत्तर प्रदेश के संकल्प को साकार करने के लिए छात्रों, किसानों, शिक्षकों, उद्यमियों, व्यापारियों व प्रबुद्धजनों ने दिए अपने सुझाव

जन एक्सप्रेस। रायबरेली



उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित **समर्थ उत्तर प्रदेश- विकसित उत्तर प्रदेश @2047** अभियान के अंतर्गत जनपद रायबरेली में विभिन्न विषयों पर प्रबुद्ध जनों के साथ संवाद कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लोगों के सुझाव आमंत्रित करने के लिए नोडल अधिकारी प्रमुख सचिव चिकित्सा पार्थ सारथी सेन शर्मा, सेवानिवृत्त आईएएस वीरेंद्र कुमार सिंह, सेवानिवृत्त कर्नल बी0 आर0 कुशवाहा, सेवानिवृत्त प्रोफेसर जितेंद्र कुमार, वरिष्ठ वैज्ञानिक कौशलेष कुमार सिंह, सेवानिवृत्त अभियंता शेखर अग्रवाल प्रबुद्ध जन की टीम जिले में आयीं। जिन्होंने कार्यक्रम में पिछले 8 वर्ष की प्रदेश सरकार की उपलब्धियां और विकसित राज्य बनाए जाने के लिए लोगों से सुझाव को साझा किया। कार्यक्रम में विजन डॉक्युमेंट 3 थीम- अर्थ शक्ति, सृजन शक्ति,जीवन शक्ति एवं 12 महत्वपूर्ण विषय जैसे- कृषि एवं सम्बद्ध, पशुपालन संरक्षण, औद्योगिक विकास, आई टी व इमेजिंग प्रौद्योगिकी पर्यटन, नगर एवं ग्राम्य विकास, अवस्थापना, संतुलित विकास, समाज कल्याण, स्वास्थ्य, शिक्षा तथा सुरक्षा व सुशासन आदि पर विशेषज्ञों, शिक्षको, छात्र-छात्राओं, उद्यमियों, किसानों व सामाजिक संगठनों द्वारा प्रबुद्ध जनों के साथ विस्तृत सुझाव साझा किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि **विकसित उत्तर प्रदेश समर्थ उत्तर प्रदेश अभियान** प्रदेश की प्रगति एवं आत्मनिर्भरता का सशक्त माध्यम है। वर्ष 2047 तक उत्तर प्रदेश को विकसित राज्यों की श्रेणी में अग्रणी बनाने हेतु प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इसके लिए प्रत्येक परिवार से कम से कम एक सुझाव अवश्य आए। इस संवाद कार्यक्रम की शुरुआत गोपाल सरस्वती इंटर कॉलेज, रतापुर से हुई। जहां पर शिक्षक छात्र संवाद में महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। छात्रों व शिक्षकों ने उत्तर प्रदेश को विकसित प्रदेश बनाने के लिए अपने सुझाव दिए। फिरोज गांधी पॉलिटेक्निक कॉलेज में आयोजित संवाद कार्यक्रम में छात्रों ने शिक्षा इंफ्रास्ट्रक्चर और नवाचार के साथ कौशल विषय पर अपने सुझाव दिए। इसी प्रकार रतापुर स्थित आरडीए के सामुदायिक केंद्र में भी उद्यमी एवं व्यापार बंधुओ ने भी उत्तर प्रदेश को 2047 तक विकसित राज्य बनाए जाने विषय पर अपने सुझाव दिए। कृषि विज्ञान केंद्र दरियापुर आयोजित कार्यक्रम में किसानो ने देश, प्रदेश व जिले को विकसित बनाने के लिए जैविक खेती एव कृषि प्रौद्योगिकी पर अपने विचार साझा किए। संवाद कार्यक्रम के नोडल अधिकारी प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा पार्थ सारथी सोम शर्मा ने सभी संवाद स्थलों पर लोगों से अपील किया कि अपने सुझाव क्यूआर कोड अथवा पोर्टल के माध्यम से भी दे सकते है। इन सुझावो में से बेहतर सुझाव को चयनित कर उन्हें पुरस्कृत भी किया जाएगा। हर परिवार से कम से कम एक सुझाव अवश्य आए। इस कार्यक्रम में सभी ने एक स्वर में प्रदेश को समृद्ध, आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने का संकल्प व्यक्त लिया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय, कृषि उपनिदेशक विनोद कुमार, उपायुक्त उद्योग परमहंस मौर्य, जिला विकास अधिकारी अरुण कुमार, जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी सुधीर गिरी, सीओ सिटी अमित सिंह, तहसीलदार शमीम अहमद, एडीएसटीओ महेंद्र सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे।



## 'दक्षिण मुंबई जमीन सौदा रद्द करे, वरना...

मुंबई के नरिमन पॉइंट स्थित एक जमीन की बिक्री को लेकर कांग्रेस ने महाराष्ट्र सरकार को कड़ी चेतावनी दी है। कांग्रेस ने शनिवार को महाराष्ट्र सरकार से मांग की कि वह दक्षिण मुंबई के नरिमन पॉइंट स्थित उस जमीन की बिक्री को रद्द करे, जिसे हाल ही में रिजर्व... पढ़ें पेज 12 पर...

# बुलडोजर चलाने से पहले मिलेगा 15 दिन का नोटिस उत्तराखंड सरकार ने जारी की नई एसओपी



**जन एक्सप्रेस । उत्तराखंड**

- नोटिस की प्रति पंजीकृत डाक व डिजिटल पोर्टल पर उपलब्ध होगी
- डीएम और संबंधित अफसरों को ईमेल से सूचना दी जाएगी

उत्तराखंड में सार्वजनिक संपत्ति से अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए सरकार ने नई एसओपी जारी कर दी है। अब उत्तराखंड में अवैध अतिक्रमण हटाने से पहले अतिक्रमणकारियों को 15 दिन का समय दिया जाएगा। शहरी विकास विभाग ने इस संबंध में मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी कर दी है। इसके तहत स्थानीय निकायों की ओर से कार्रवाई से पहले नोटिस पंजीकृत डाक और डिजिटल पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा।

अपर सचिव शहरी विकास संतोष बड़ोनी द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि नोटिस की जानकारी ईमेल के माध्यम से जिलाधिकारी और अन्य संबंधित अधिकारियों को भी भेजी जाएगी। नोटिस पर आपत्ति दर्ज कराने वाले को सुनवाई का अवसर मिलेगा और पूरी प्रक्रिया का विवरण रिकॉर्ड में रखा जाएगा। यदि निर्धारित समय में अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो बुलडोजर कार्रवाई शुरू की जाएगी।

**डिजिटल पोर्टल तीन माह में**

हर शहर में तीन माह के भीतर डिजिटल पोर्टल तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। इसमें नोटिस जारी करने से लेकर कार्रवाई और आदेश तक की पूरी प्रक्रिया दर्ज होगी। जिला अधिकारी नोडल अधिकारी नामित करेंगे, जो समन्वय की जिम्मेदारी संभालेंगे। कार्रवाई की पूरी वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी।

**गलत कार्रवाई पर अफसर होंगे जिम्मेदार**

सरकार ने यह भी साफ किया है कि यदि किसी मामले में नियमों का उल्लंघन करते हुए गलत तरीके से किसी की संपत्ति को नुकसान पहुंचाया गया, तो उसकी भरपाई संबंधित अधिकारी को अपनी जेब से करनी होगी।

नई एसओपी को लेकर सरकार का कहना है कि पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित कर अवैध अतिक्रमण पर नकेल कसने का यह बड़ा कदम है।

## भाजपा मंडल में सेवा पखवाड़ा कार्यशाला, 2 अक्टूबर तक आमजन को सेवा


**जन एक्सप्रेस । नैनीताल**

**गरमपानी।** भाजपा मंडल कार्यालय में शनिवार को मंडल अध्यक्ष नीरज बिष्ट की अध्यक्षता में सेवा पखवाड़ा कार्य शाला आयोजित की गई। कार्य क्रम में मुख्य अतिथि नव निर्वाचित भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रगति जैन का मंडल कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। संचालन योगेश ढौंडियाल ने किया। वक्ताओं ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर (गांधी जयंती) तक पूरे देश में स्वच्छता अभि यान, पौध रोपण, स्वास्थ्य शिविर और अन्य सामाजिक कार्यों के माध्यम से आम जन को सेवा प्रदान की जाएगी। सभी पदा धिकारियों को अपनी जिम्मे दारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष नीरज बिष्ट, जिला उपाध्यक्ष रमेश सुयाल, प्रगति जैन, निर्मला जीना, भुवन चंद्र आर्य, सोनू, धीरज कुमार, कंचन साह, हीरा सिंह, नरेंद्र सिंह सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्य कर्ता मौजूद रहे।

# अवैध खनन पर उत्तराखंड हाईकोर्ट सख्त, सरकार को फटकार लगाकर अधिकारियों से मांगा एक्शन प्लान

- नंधौर, गौला, कोसी, गंगा, दाबका समेत नदियों में भू-कटाव व बाढ़ पर चिंता..
- अदालत ने कहा—अब तक सामने आए सभी मामले अवैध खनन से जुड़े...

**जन एक्सप्रेस । नैनीताल**



हाईकोर्ट ने नंधौर, गौला, कोसी, गंगा दाबका समेत राज्य की नदियों में बरसात के दौरान हो रहे भू-कटाव और बाढ़ से आबादी क्षेत्रों में जल भराव की समस्या पर शुक्रवार को गंभीर रुख अपनाया मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति जी. नरेंदर और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश हुए सरकारी अधिकारियों के तर्कों पर नाराजगी जताई और कहा कि अब तक जितने भी खनन मामले सामने आए हैं, वे सब अवैध खनन से जुड़े हैं। कोर्ट ने पूछा कि पूर्व आदेशों के बाव जूद सरकार ने अपनी मशीनरी से नदियों का चैनलाइजेशन क्यों नहीं किया और अवैध खनन पर रोक क्यों नहीं लगी। खंडपीठ ने अधिकारियों को 15 सितंबर को होने वाली अगली सुनवाई में विस्तृत एक्शन प्लान पेश करने का निर्देश दिया है। इसमें पीसी सीएफ, हेड ऑफ फॉरेस्ट डिपार्टमेंट और सचिव सिंचाई को उपस्थित रहने के आदेश दिए गए हैं।

**अंशदायी पेंशन पर सरकार को नोटिस**

विकास प्राधिकरण सेवा परिवर्तित कार्मिक कल्याण समिति की याचिका पर हाईकोर्ट ने शुक्रवार को सुनवाई करते हुए राज्य सरकार को नोटिस जारी किया है। खंडपीठ ने प्रतिवादियों को छह सप्ताह के भीतर प्रति शपथपत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है।

याचिकाकर्ता एमडीडीए, एचडीए और एलडीए के सेवानिवृत्त कर्मचारी हैं। उन्होंने अंशदायी पेंशन की सुविधा का दावा किया है। कोर्ट को बताया गया कि वर्ष 2012 में एमडीडीए ने इसके लिए एक करोड़ रुपये की धनराशि भी निर्धारित कर दी थी, फिर भी अब तक सरकार ने अधिनियम की धारा 24 के अंतर्गत कोई निर्णय नहीं लिया। मामले की अगली सुनवाई 13 नवंबर को होगी।

**नंदा-गौरा योजना का लाभ न मिलने पर विभागों से जवाब-तलब**

हाईकोर्ट ने राज्य में 12वीं पास बालिकाओं को नंदा-गौरा योजना का लाभ न देने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। खंडपीठ ने महिला सशक्तीकरण एवं बाल विकास विभाग समेत संबंधित विभागों से पूछा है कि **eligible** बालिकाओं को योजना का लाभ क्यों नहीं दिया गया।

कोर्ट ने सभी विभागों को एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया है। यह याचिका चमोली निवासी सामाजिक कार्यकर्ता ममता नेगी की ओर से दायर की गई है।

## एक्सप्रेस खबरें...

### हल्द्वानी बेस अस्पताल में यूपीआई पर्ची काउंटर लंबी समय से बंद



**जन एक्सप्रेस/हल्द्वानी।** बेस अस्पताल, हल्द्वानी में मरीजों को पर्ची बनवाने में राहत देने के लिए शुरू किया गया। यूपी आई पर्ची काउंटर लंबे समय से बंद पड़ा है। स्टाफ की कमी के कारण पुरुषों और महिलाओं की पर्ची कतारें फिर से लंबी हो गई हैं। बेस अस्पताल के प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ. खड़क सिंह ने बताया कि व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने का प्रयास किया जा रहा है। मरीजों की सुविधा के लिए जल्द ही इस काउंटर को दोबारा चालू करने की योजना है।

### किच्छा में साइबर ठगों ने बुजुर्ग से ठगे 1 लाख रुपये

**जन एक्सप्रेस/रुद्रपुर।** ग्राम दरऊ के जहूर अहमद को साइबर ठगों ने झांसे में लेकर 1 लाख रुपये ठगा लिए। पीड़ित ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि ठग ने उसके दोस्त का नाम लेकर पैसों की मांग की। जहरी अहमद के अनुसार, उसके दोस्त शुजाहत यार खान, जो दुबई में नौकरी करता है, की आईडी से उसे मैसेज आया कि वह इमीग्रेशन अधिकारियों द्वारा रोका गया है और उसे मदद के लिए पैसे चाहिए। जहूर ने झांसे में आकर एक लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद ठग ने और 40 हजार रुपये की मांग शुरू कर दी। इस घटना की तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात ठगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पाटी में नव निर्माणाधीन भवन के मलबे से नाली जाम, घरों में घुसा पानी

**जन एक्सप्रेस/चंपावत।** पाटी तहसील में नव निर्माणाधीन भवन के मलबे के कारण न्यू कॉलोनी में बनी नाली जाम हो गई है, जिससे बारिश का पानी लोगों के घरों, दुकानों और खेतों में घुस रहा है। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि जाम हुई नाली के कारण न केवल उनकी संपत्तियों को नुकसान हो रहा है, बल्कि सड़क पर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। चंद्र शेखर टकवाल, संजय प्रसाद, मनोज भट्ट, बसंत बल्लभ, दीपक, हीरा बल्लभ, शांति प्रसाद और जगदीश टकवाल सहित अन्य लोगों ने संबंधित अधिकारियों से समस्या का शीघ्र समाधान करने की मांग की है।

### नैनीताल सात नंबर व्यू प्वाइंट के पास मोटर मार्ग में धंसाव, लोनिवि ने किया मार्ग बंद

**जन एक्सप्रेस/नैनीताल।** सात नंबर व्यू प्वाइंट के समीप मोटर मार्ग धंस गया है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों के लिए खतरा बढ़ गया है। लोनिवि ने सुरक्षा के मद्देनजर इस मार्ग को फिलहाल बंद कर दिया है। अधिशासी अभियंता रत्नेश सक्सेना ने बताया कि नैनीताल में सड़कों की मरम्मत का कार्य पहले ही शुरू कर दिया गया है। सात नंबर क्षेत्र की 26 सड़कों में से 15 से अधिक सड़कों की मरम्मत पूरी हो चुकी है। धसी हुई सड़क की मरम्मत कार्य जल्द ही शुरू किया जाएगा। उन्होंने, चेतावनी दी कि मार्ग पर कोई दुर्घटना न हो इसलिए इसे बंद किया गया है।

### धारचूला पुलिस ने लोगों के साथ की बैठक, समस्याओं के समाधान का दिया भरोसा

**जन एक्सप्रेस/पिथौरागढ़।** धारचूला पुलिस ने क्षेत्र के लोगों के साथ बैठक आयोजित की। पुलिस उपाधीक्षक कुंवर सिंह रावत ने आमजन की समस्याएं सुनी और उन्हें भरोसा दिलाया कि वे अपनी घरेलू, सामाजिक और कानूनी समस्याओं को बिना डर पुलिस के साथ साझा कर सकते हैं। रावत ने कहा कि पुलिस की ओर से लोगों को पूरी सहायता प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही बैठक में लोगों को वर्तमान में बढ़ रहे अपराधों के प्रति भी सचेत किया गया।

### बागजाला के ग्रामीणों का आठ सूत्री मांग को लेकर धरना 27वें दिन भी जारी

**जन एक्सप्रेस/हल्द्वानी।** बागजाला गांव के ग्रामीण 27वें दिन भी अनिश्चितकालीन धरने पर डटे हुए हैं। अखिल भारतीय किसान महासभा बागजाला कमेटी के नेतृत्व में यह धरना भूमि के मालिकाना अधिकार, निर्माण कार्यों पर लगी रोक हटाने, पंचायत चुनाव का अधिकार बहाल करने समेत आठ सूत्रीय मांगों को लेकर जारी है। अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रदेश अध्यक्ष आनंद सिंह नेगी ने चेतावनी दी कि अगर राज्य सरकार और लालकुआं विधायक बागजाला वासियों की मांगों की अनदेखी जारी रखते हैं, तो आंदोलन का रुख हल्द्वानी की ओर मोड़ दिया जाएगा। धरने में डा. उर्मिला रैस्वाल, वेद प्रकाश, विमला देवी, हेमा देवी, मो. परवेज, मीना भट्ट, एम. एस. मलिक, डा. कैलाश पांडेय, नसीर, हरि गिरी, ऋषि मटियाली, हरक सिंह बिष्ट, पारवती, भगवती गोस्वामी, पूनम, भावना, भोला सिंह, दिनेश चंद्र, दीपिका, सुनीता, शोभा, मन्नू देवी समेत कई ग्रामीण शामिल हैं।

### बेरीनाग में सितंबर के अंतिम सप्ताह में होगी रामलीला



**जन एक्सप्रेस/पिथौरागढ़।** नागदेव रामलीला कमेटी ने सितंबर के अंतिम सप्ताह में रामलीला मंचन का आयोजन करने का निर्णय लिया है। शनिवार को हुई बैठक में सर्वसहमति से यह निर्णय लिया गया कि नगर के प्राथमिक विद्यालय बेरीनाग में रामलीला का मंचन किया जाएगा। बैठक में कोषाध्यक्ष ललित बाफिला और सह कोषाध्यक्ष दीप चंद्र बिष्ट ने बीते वर्ष के आय-व्यय का ब्यौरा कमेटी के सामने प्रस्तुत किया। इसमें पुराने भवन के जीर्णोद्धार पर हो रहे खर्च की जानकारी भी साझा की गई। कमेटी अध्यक्ष बलवंत सिंह धानिक ने सभी लोगों से रामलीला के संचालन में सहयोग करने की अपील की।

### एसिडिक पानी पिलाने वाले रेस्टोरेंट संचालक को दो साल कारावास

**जन एक्सप्रेस/हल्द्वानी।** 12 साल पहले हल्द्वानी के एक रेस्टोरेंट में पीड़िता को एसिडयुक्त पानी पिलाने के मामले में कोर्ट ने रेस्टोरेंट संचालक को दोषी ठहराते हुए दो साल की सजा सुनाई है। साथ ही न्यायालय ने पीड़िता को एक लाख रुपये प्रतिकर देने के निर्देश भी दिए हैं। मामला हल्द्वानी कोतवाली क्षेत्र का है। प्रकरण 19 दिसंबर 2013 की रात्रि का है, जब धीरज साहनी अपने परिवार के साथ दुर्गा सिटी सेंटर स्थित रेस्टोरेंट में खाना खाने गई थीं। वहां उन्हें बंद बोतल में पानी दिया गया, जिसे पीने के बाद उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई।

# पत्नी की हत्या करने वाले आरोपी पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**जन एक्सप्रेस । उत्तरकाशी**



बीते शुक्रवार12 सितम्बर 2025 को कोतवाली मनेरी पर सूचना हुई कि बयाणा मनेरी निवासी विष्णु चौहान अपनी पत्नी के साथ मारपीट कर भाग गया है। सूचना पर पुलिस तुरंत घटना स्थल पर पहुंची जहां, एक महिला (वर्षा उम्र 28 वर्ष) शौचालय में गम्भीर घायल अवस्था में पड़ी थी।

पुलिस द्वारा महिला को तुरंत जिला अस्पताल उत्तरकाशी लाया गया, जहां चिकित्सक द्वारा महिला को मृत घोषित कर दिया गया। उक्त मामले में मृतका के पिता चत्तर सिंह पंवार की तहरीर के आधार पर पुलिस द्वारा कोत वाली मनेरी पर अभियुक्त विष्णु के विरुद्ध बीएनएस की धारा 103 (1) में हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया। मामले की गम्भीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक उत्तरकाशी द्वारा प्रकरण में कड़ी कार्रवाई व अभियुक्त की त्वरित गिरफ्तारी के निर्देश दिये गये थे। पुलिस उपाधीक्षक उत्तरकाशी जनक सिंह पंवार के निकट पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक मनेरी मनोज असवाल के नेतृत्व में पुलिस द्वारा गत रात्रि को ही अभियुक्त विष्णु चौहान को बयाणा गांव के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

अभियुक्त विष्णु द्वारा बताया गया कि उसका अपनी पत्नी वर्षा के साथ अक्सर खेतीबाड़ी, आर्थिक तंगी व छोटी- छोटी बातों पर लड़ाई- झगड़ा होता रहता था, कल भी उनके बीच आपसी झड़प हो गयी थी, आपस में हाथापाई के दौरान उसने अपनी पत्नी के सिर पर दरांती मारी तथा दुपट्टे से उसका गला घोंटकर उसे शौचालय में रखकर फरार हो गया था।

रात्रि को ही कोतवाली मनेरी पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया था, अभियुक्त को आज मा0 न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया गया। अग्रिम विवेचनात्मक कार्यवाही जारी है। कोतवाली मनेरी पुलिस द्वारा माह मार्च 2025 में भी अभियुक्त विष्ण को शराब पीकर अपनी पत्नी के साथ मारपीट के मामले 170 बीएनएसएस के अन्तर्गत जेल भेजा गया था।

**गिरफ्तार अभियुक्त?**

विष्णु चौहान पुत्र स्व0 हरि सिंह चौहान निवासी ग्राम बयाणा कोतवाली मनेरी उत्तरकाशी उम्र-33 वर्ष।

**पुलिस टीम?**

1. व0उ0नि0 सुखपाल सिंह
2. हे0कानि0 सतीश भट्ट
3. कानि0 काशीष भट्ट

# उत्तराखंड बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों की माताओं को किया गया सम्मानित

**जन एक्सप्रेस । रुद्रप्रयाग**



शनिवार को सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज बेलनी में विद्यालय प्रशासन द्वारा आयोजित अभिभावक सम्मेलन के अवसर पर सत्र 2023-24 की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 51 छात्र- छात्राओं की माताओं को कमला नेहरू पुरस्कार से सम्मान्नित किया गया। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंध समिति के पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

कमला नेहरू पुरस्कार उत्तराखंड सरकार द्वारा मेधावी छात्रों की माताओं को दिया जाने वाला सम्मान है। यह पुरस्कार उन माताओं को दिया जाता है जिनके बच्चे हाई स्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हैं।

इस अवसर पर अभिभावकों ने छात्र-छात्राओं एवं विद्यालय के विकास संबधी सुझाव दिये।

जिनका क्रियान्वयन करने का विश्वास प्रबंध समिति के पदाधिकारियों ने दिया। अन्त में विद्यालय के प्रधाना चार्य शशिमोहन उनियाल ने आगंतुक सभी अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के प्रबंधक चन्द्र शेखर पुरोहित, अध्यक्ष शेरसिंह कंडारी, नगर पालिका सभासद सुरेन्द्र रावत, पूर्व जिला पंचायत सदस्य शीला रावत, कैप्टन हरि सिंह रावत एवं प्रधाना चार्य शशि मोहन उनियाल सहित बड़ी संख्या में विद्यालय में अध्यनरत छात्र छात्राओं के अभिभावक मौजूद रहे।

# 750 ग्राम अवैध चरस के साथ एक नशा तस्कर गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । विकास नगर**




थाना कालसी पुलिस ने शुक्रवार को चेकिंग के दौरान एक नशा तस्कर के पास से 750 ग्राम अवैध चरस के बरामद कर गिरफ्तार किया, जहां से आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया जा रहा है। थाना अध्यक्ष दीपक धारीवाल ने बताया कि आरोपी अपनी नाई की दुकान की आड़ में कर रहा था नशे का कारोबार। कहा कि पहाड़ी क्षेत्रों से अवैध चरस लाकर नशे के आदि स्थानीय व्यक्तियों को करता था सप्लाई।

कहा कि शुक्रवार को पुलिस चेकिंग कर रही थी। इस दौरान उन्हें, एक युवक मोटरसाइकिल पर संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिया। तलाशी लेने पर आरोपी के मोटरसाइकिल से 750 ग्राम अवैध चरस बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने अपनी पहचान सलमान पुत्र मोहम्मद अब्बास निवासी खुर्रम पुर बेहट जिला सहारनपुर उत्तर प्रदेश, हाल निवासी हरबर्टपुर देहरादून उम्र 21 वर्ष के रूप में बताई। कहा कि पूछताछ में आरोपी ने कहा कि वह मूल रूप से सहारनपुर उत्तर प्रदेश का रहने वाला है, तथा हरबर्टपुर विकास नगर में नाई की दुकान चलाता है,श आरोपी खुद भी नशे का आदि है।

बरामद चरस को आरोपी चकराता क्षेत्र से लेकर आया था, जिसे वह विकास नगर व आस पास के क्षेत्रों में नशे के आदि स्थानीय व्यक्तियों को थोड़ी- थोड़ी मात्रा में ऊंचे दामों मे बेचकर मुनाफ़ा कमाने की फिराक में था। इससे पूर्व ही पुलिस द्वारा मुझे गिरफ्तार कर लिया गया।

# मणिकर्णिका घाट पर श्रीमद् भागवत कथा का पांचवां दिन, 15 सितंबर को होगी पूर्णाहुति

**जन एक्सप्रेस । उत्तरकाशी**



मणिकर्णिकाका घाट पर 9 सितंबर से चल रही श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आज पांचवा दिन है जिसकी रविवार 15 सितंबर को पूर्णाहुति होगी इस भव्य कार्यक्रम का आयोजन श्री गंगा मंदिर, के कीर्तनमंडली उत्तरकाशी के द्वारा किया जा रहा है।

जिसमें मुख्य कथावाचक पूज्य दीपक मिश्रा एवं पूज्य भीमदेव शास्त्री विश्व हिंदू परिषद के वरिष्ठ पदाधिकारी मूल पाठ को कर रहे हैं। गंगा मंदिर समिति की अध्यक्ष पुष्पा पवार ने बताया है कि श्राद्ध पक्ष पर गंगा तट पर कथा का आयोजन किया जा रहा है जिसमें तपो गंगा सेवा ट्रस्ट और गंगा मंदिर समिति का विशेष योगदान मिल रहा है मां गंगा तट को स्वच्छ निर्माण रखने के लिए और सभी को की पित्र शांति के लिए आयोजन किया जा रहा है।

इस अवसर पर पूज्य कथावाचक दीपक शास्त्री ने कहा है शिव नगरी में वह श्राद्ध पक्ष पर गंगा तट पर कथा श्रवण का विशेष महत्व है साथी भगवान काशी विश्वनाथ की नगरी जो एक धार्मिक नगरी है इसको सरकार को भी धार्मिक नगरी घोषित करना चाहिए ताकि यहां के गंगा तट पर इसी तरह के भव्य आयोजन समय-समय पर होते रहे वह श्रीमद् भागवत कथा का लोगों को श्रवण करके उनका लाभ मिले।

पूज्य भीमदेव शास्त्री जो मूल पाठ कर रहे हैं उन्होंने, कहा पितृ पक्ष पर सभी को अवश्य मूल पाठ करना चाहिए वह अपने घरों में गीता का पाठ करना चाहिए यदि कोई बहुत बड़ी कथा ना कर सके तो मूल पाठ का भी वही पुण्य मिलता है, जो एक बहुत बड़ी कथा के आयोजन के बाद मिलता है। इस अवसर पर यशोदा पवार ममता मिश्रा रेखा चौहान डॉक्टर अंजु सेमवाल किरण बत्रा सुशीला, प्रेम उनियाल, मंजू जोशी, बसंती, गोपाल, यशोदा पवार, रेखा चौहान, कुसुम डबराल, पंडित इंदु शेखर नौटियाल, पंडित आदित्य नौटियाल, कैलाश सेमवाल, रमेश मिश्रा, विनय, राजेन्द्र व्यास, डॉ. अनिल जोशी दिनेश नौटि याल, सहित अन्य लोगों का विशेष सहयोग इस कथा पर मिल रहा है।

## मारीशस के पीएम डॉ. नवीन चंद्र रामगुलाम का नरेंद्रनगर में भव्य स्वागत

**जन एक्सप्रेस । टिहरी गढ़वाल**

**नरेंद्रनगर।** मारीशस के प्रधानमंत्री डॉ. नवीन चंद्र रामगुलाम शुक्रवार को नरेंद्रनगर पहुंचे। वे तीन दिनों तक निजी कार्यक्रम के तहत प्रसिद्ध होटल आनंदा में ठहरेंगे और 15 सितंबर की सुबह वापस रवाना होंगे।

नरेंद्रनगर आगमन पर टिहरी की डीएम निकिता खंडेलवाल और एसएसपी आयुष अग्रवाल ने उनका भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर स्थानीय महिला समूहों ने भारतीय और मारीशस के ध्वज के साथ पारंपरिक ढंग से पीएम का अभिनंदन किया। पीएम रामगुलाम ने स्वागत करने वालों का आभार व्यक्त किया। पीएम का यह दौरा भारतीय-मारीशस मैत्री और सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करने का प्रतीक माना जा रहा है। मारीशस के प्रधानमंत्री डा. नवीन चंद्र रामगुलाम ने नरेंद्रनगर, टिहरी गढ़वाल में आगमन किया।

# युग निर्माण कैसे होगा – व्यक्ति के निर्माण से : शांतिकुंज का आह्वान

- शांतिकुंज का संदेश – युग निर्माण व्यक्ति निर्माण से संभव, युवाओं को जोड़ने के लिए चल रहा है...
- युग निर्माण व्यक्ति निर्माण से संभव गायत्री परिवार का आह्वान – युवा ही बदलेंगे युग की दिशा...

**जन एक्सप्रेस । चंद्रप्रकाश बहुगुणा**

**उत्तरकाशी।** हरिद्वार स्थित शांतिकुंज में गायत्री परिवार का यह ब्रह्मवाक्य "युग निर्माण कैसे होगा- व्यक्ति के निर्माण से" निरंतर समाज को नई दिशा दे रहा है। युग ऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा दिया गया यह सूत्र आज भी उतना ही प्रासंगिक है, जितना उनके समय में था।

आचार्य का मानना था कि जैसे विशाल वटवृक्ष एक छोटे बीज में छिपा रहता है, वैसे ही महामानव बनने का आधार भी व्यक्ति के व्यक्तित्व में ही निहित है। जब व्यक्ति का निर्माण होता है, तभी परिवार, समाज और राष्ट्र का निर्माण संभव है।



**युवाओं पर टिकी आशा**

आज का युग अनेक संकटों से जूझ रहा है- पर्यावरण असंतुलन, बेरोज गारी, नशे की बढ़ती प्रवृत्ति और सामाजिक विघटन जैसी चुनौतियां सामने हैं। इनसे पार पाने के लिए गायत्री परिवार युवाशक्ति को संगठित कर नई क्रांति की दिशा दे रहा है।

इतिहास गवाह है कि हर क्रांति की धुरी युवा ही बने हैं। चाहे वह सामाजिक हो, राजनीतिक हो या आध्यात्मिक।

**व्यक्तित्व निर्माण शिविर**

शांतिकुंज द्वारा देशभर में 'व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर' आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों के माध्यम से युवाओं को न केवल आत्मिक और नैतिक शिक्षा दी जाती है, बल्कि समाज सेवा, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्र निर्माण के लिए भी प्रशिक्षित किया जाता है।

ग्राम स्तर से लेकर शहरी वार्ड स्तर तक लघु शिविर, प्रज्ञापीठ और शाखाओं में बहुदिवसीय शिविर आयोजित करने की योजनाएं हैं।

**युवा जोड़ो अभियान**

गायत्री परिवार का "युवा जोड़ो अभियान" भविष्य की दिशा तय करने वाला साबित हो रहा है। इसमें शामिल होकर युवा आत्मविश्वास से भरे कार्य कर्ता बनते हैं और आगे चलकर समाज परिवर्तन की धुरी।

**सामूहिक प्रयास की पुकार**

गायत्री परिवार का मानना है कि केंद्र द्वारा घोषित सप्तसूत्रीय आंदोलन को व्यवहारिक रूप देने में यही प्रशिक्षित युवा निर्णायक भूमिका निभाएंगे। इस आंदोलन की सफलता तभी संभव है, जबहर शक्तिपीठ प्रज्ञापीठ और शाखा सक्रिय भागीदारी निभाए।

शांतिकुंज का संदेश स्पष्ट है युग निर्माण किसी बाहरी शक्ति से नहीं होगा, बल्कि हर व्यक्ति के भीतर छिपे महामानव को जगाने से ही संभव है।

▸ पढ़ें पेज 12 पर...

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

## ताक़त और आधुनिकता का संगम है मोदी के मंत्रियों की संपत्ति का ब्यौरा



*प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा वर्ष 2024-25 के लिए मंत्रिपरिषद के सदस्यों की संपत्ति का विवरण जारी किया गया है। पहली नज़र में यह सूची केवल आभूषण, ज़मीन, गाड़ियाँ और निवेशों का ब्योरा लगती है, लेकिन गहराई से देखने पर यह भारतीय राजनीति की मानसिकता, सामाजिक प्रतीकवाद और सत्ता की शैली का आईना बन जाती है। सबसे पहले ध्यान आकर्षित करता है जयंत चौधरी का क्रिप्टो निवेश। वह अकेले मंत्री हैं जिन्होंने डिजिटल संपत्ति घोषित की है। उन्होंने करीब 43 लाख रुपये के बिटकॉइन जैसे निवेश किये हैं। यह उस समय में खास महत्व रखता है जब भारत में क्रिप्टो अब भी कानूनी अनिश्चितता में है और ऋब्ब लगातार इससे जुड़े जोखिमों की चेतावनी देता रहा है। यह खुलासा दिखाता है कि नए दौर का नेतृत्व जोखिम लेने और नए वित्तीय प्रयोग करने से पीछे नहीं हट रहा। इसके विपरीत, कई मंत्रियों ने पुराने वाहन अपनी संपत्ति में शामिल किए हैं। नितिन गडकरी की 31 साल पुरानी एम्बेसडर कार, विरेंद्र कुमार का 37 साल पुराना स्कूटर और रवनीत बिट्टू की 1997 मॉडल की मारुति, ये सब केवल धातु के ढाँचे नहीं, बल्कि एक राजनीतिक संदेश हैं। जनता को यह बताना कि नेता अब भी 'साधारण' हैं, विलासिता से दूर हैं और परंपरा को सँजोए हुए हैं। लेकिन इस सादगी के बीच एक और पैटर्न साफ़ झलकता है– हथियारों की मौजूदगी। रिवॉल्वर, पिस्तौल और राइफल घोषित करने वाले मंत्री कम नहीं हैं। यह उस सामाजिक और राजनीतिक संस्कृति को दर्शाता है जहाँ ताक़त का प्रदर्शन और व्यक्तिगत सुरक्षा सत्ता के साथ कदमताल करती है। सबसे बड़ा हिस्सा, अपेक्षा के अनुसार सोने और आभूषणों का है। राव इंदरजीत सिंह के पास 1.2 करोड़ रुपये से अधिक का सोना और हीरे हैं, नितिन गडकरी व एल. मुरुगन के पास भी लाखों के आभूषण हैं। देखा जाये तो भारतीय समाज में आभूषण सदियों से आर्थिक सुरक्षा और सामाजिक प्रतिष्ठा दोनों का प्रतीक रहे हैं, मंत्रियों की संपत्ति भी इस परंपरा को दोहराती है। मोदी सरकार में महिला मंत्रियों की बात करें तो वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के पास 27 लाख से अधिक के आभूषण, म्यूचुअल फंड में 19 लाख से ज्यादा और एक दोपहिया वाहन है। वहीं केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी के पास भी रिवॉल्वर, राइफल, ट्रैक्टर और लगभग ?1 करोड़ के म्यूचुअल फंड हैं। महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर के पास डबल बैरल गन और रिवॉल्वर तथा 67 लाख से ज्यादा के सोने के आभूषण हैं। देखा जाये तो इन संपत्तियों का सार्वजनिक खुलासा लोकतंत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही की कसौटी है। यह जनता को भरोसा दिलाने का प्रयास भी है कि नेता अपनी आर्थिक स्थिति छिपा नहीं रहे। लेकिन इन घोषणाओं का एक दूसरा पहलू भी है कि संपत्ति अब केवल निजी स्वामित्व नहीं, बल्कि राजनीतिक प्रतीक बन गई है। बहरहाल, मोदी सरकार के मंत्रियों की घोषित संपत्तियाँ केवल रकम और वस्तुओं का हिसाब नहीं, बल्कि भारतीय राजनीति की बदलती शैली का दस्तावेज़ हैं। यह दस्तावेज़ बताता है कि सत्ता में बैठे लोग जनता को साधारण, शक्तिशाली, पारंपरिक और आधुनिक, सभी रूपों में संदेश देना चाहते हैं। सवाल यह है कि क्या ये संदेश वास्तविक जीवन की सच्चाई हैं या केवल राजनीतिक छवि गढ़ने का प्रयास?*

### एक्सप्रेस आलेख

इंटरनेट, सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर हिन्दी की उपस्थिति लगातार बढ़ रही है और इसका प्रसार इतनी गति से हो रहा है कि कुछ ही वर्षों में हिन्दी इंटरनेट की प्रमुख भाषा बन सकती है। हिन्दी की संवैधानिक सुरक्षा भारत में संविधान के अनुच्छेद 343 से 351 के तहत निश्चित है। यह धाराएं हिन्दी के प्रचार-प्रसार, स्वीकार्यता और संरक्षण का मजबूत आधार हैं। यह न केवल भारत की आधिकारिक भाषा है बल्कि सम्पर्क भाषा, प्रशासन और विधि के क्षेत्र में इसका प्रयोग निर्णायक रूप से हो रहा है। भारत के शैक्षिक संस्थानों, सरकारी कार्यालयों और सांस्कृतिक आयोजनों में हिन्दी को सम्मानपूर्वक अपनाया गया है।

# हिन्दी दिवस : संस्कृति, संवाद और आत्मगौरव का उत्सव



योगेश कुमार गोयल

**मातृभाषा का ज्ञान किसी भी व्यक्ति के मन की पीड़ा का सबसे अच्छा समाधान है। महापुरुषों, विद्वानों और नेताओं ने समय-समय पर हिन्दी भाषा के महत्व को रेखांकित किया है। पुरुषोत्तमदास टंडन मानते थे कि जीवन के हर क्षेत्र में हिन्दी अपनी भूमिका निभाने में समर्थ है। महात्मा गांधी ने हिन्दी को स्वतंत्रता संग्राम के दौरान संवाद व जनसंपर्क का सबसे शक्तिशाली माध्यम माना।**

हर वर्ष 14 सितम्बर को मनाया जाने वाला हिन्दी दिवस उस गौरव की स्मृति के रूप में मनाया जाता है, जब हिन्दी को भारतीय संघ की राजभाषा घोषित किया गया था। यह दिवस हिन्दी की समृद्धि, स्वीकार्यता, रचनात्मकता और वैश्विक विस्तार का उत्सव है। निरंतर बढ़ती हिन्दी शक्ति आज न केवल भारत के सांस्कृतिक, सामाजिक और प्रशासनिक परिदृश्य को आकार देती है बल्कि विश्व मंच पर भी अपनी प्रगाढ़ छाप छोड़ रही है। आज दुनियाभर में हिन्दी चाहने वालों, बोलने या पढ़ने-समझने वाले लोगों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। हिन्दी को लेकर भारतीय और विदेशी विद्वानों, साहित्यकारों तथा विभूतियों का आदर भाव वर्षों से रहा है। डा. फादर कामिल बुल्के, जिन्होंने हिन्दुस्तानी संस्कृति को आत्मसात किया, हिन्दी को गृहिणी की संज्ञा देते हुए कहा था कि यह भारतीय जीवन का अभिन्न हिस्सा है। संस्कृत को तो वे मां मानते थे और अंग्रेजी को नौकरानी। इसी तरह आयरिश प्रशासक जॉन ग्रियर्सन ने हिन्दी को संस्कृत की बेटियों में सबसे सुंदर और शिरोमणि बताया। ऐसे तमाम उदाहरण इस बात के प्रमाण हैं कि हिन्दी, शब्द और विचार के धरातल पर विभिन्न भाषाओं से जितनी आत्मीयता रखती है, उतनी ही भारत के जनमानस से जुड़ी है लेकिन दुखद है कि आज भी पुनरुत्थानवादी मानसिकता वाले कुछ लोग हिन्दी की व्यापकता, समृद्धि और ताकत को नजरअंदाज करते हैं और संयुक्त राष्ट्र में हिन्दी को स्थान नहीं मिलने की बात पर कुतर्क करके उसके वैश्विक पक्ष को कमतर आंकते हैं। हालांकि ऐसी नकारात्मक चर्चाओं से न हिन्दी का कुछ भला हो सकता है, न ही उसका अस्तित्व डिग सकता है। तथ्य यही है कि आज विश्वभर में हिन्दी बोलने वालों का आंकड़ा करोड़ों में है और यह निरंतर बढ़ रहा है। हिन्दी की ताकत को जानना हो तो उसके सांस्कृतिक, भावनात्मक और रचनात्मक विस्तार को देखना होगा। मातृभाषा का ज्ञान किसी भी व्यक्ति के मन की पीड़ा का सबसे अच्छा समाधान है। महापुरुषों, विद्वानों और नेताओं ने समय-समय पर हिन्दी भाषा के महत्व को रेखांकित किया है। पुरुषोत्तमदास टंडन मानते थे कि जीवन के हर क्षेत्र में हिन्दी अपनी भूमिका निभाने में समर्थ है। महात्मा गांधी ने हिन्दी को स्वतंत्रता संग्राम के दौरान संवाद व जनसंपर्क का सबसे शक्तिशाली माध्यम माना। उनके शब्द थे कि सम्पूर्ण भारत की पारस्परिकता के लिए ऐसी भाषा चाहिए, जो जनता का बड़ा भाग जानता-समझता हो। गांधीजी कहते थे, 'दिल की कोई भाषा नहीं है, दिल से दिल संवाद करता है और राष्ट्रभाषा के बिना राष्ट्र गूंगा है।' ये कथन आज भी वैसी ही सार्थकता के साथ जीवंत हैं। अमेरिकी चिकित्सक वॉल्टर चेनिंग तो यह मानते थे कि विदेशी भाषा का किसी स्वतंत्र राष्ट्र की शिक्षा एवं प्रशासन की भाषा होना सांस्कृतिक दासता है। माखनलाल चतुर्वेदी और राहुल सांस्कृत्यायन ने हिन्दी को देश और भाषा की विरासत, सांस्कृतिक धरातल और अधिष्ठान के रूप में देखा। बालकृष्ण शर्मा नवीन ने तो यहां तक कहा कि राष्ट्रीय एकता का बंधन केवल हिन्दी ही जोड़ सकती है। हिन्दी की ऊर्जा और आत्मबल का उदाहरण महात्मा गांधी के हिन्दी प्रेम का एक प्रसंग भी है। सन् 1917 में कलकत्ता कांग्रेस अधिवेशन में बाल गंगाधर तिलक ने अंग्रेजी में भाषण दिया था। गांधीजी ने तिलक को स्पष्ट समझाया कि देशवासियों के साथ अपनी ही भाषा में संवाद ही सही अर्थों में दिलों तक पहुंच सकता है। यह भावप्रवण संवाद भारत के हर नागरिक के गौरव का स्रोत है। महात्मा गांधी ने विविध अवसरों पर हिन्दी को राष्ट्र की आत्मा कहा था। आज हिन्दी का विस्तार भारत तक सीमित नहीं रहा। कई देशों में हिन्दी लोगों के दिलों में बसती है, जहां की स्थानीय भाषाओं के साथ-साथ हिन्दी भी संगठित रूप से बोली जाती है। दुनियाभर में सैंकड़ों विश्वविद्यालयों, शैक्षिक संस्थाओं, शोध केंद्रों और अनगिनत प्लेटफॉर्म्स पर हिन्दी पढ़ाई जाती है, शोध होती है और यह वहां अध्ययन, अध्यापन और अनुसंधान की भाषा बन चुकी है। नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, विश्वभर में लगभग 75 करोड़ लोग हिन्दी बोलते समझते हैं और एथ्नोलॉग जैसी अंतर्राष्ट्रीय भाषायी संस्थाओं की रिपोर्ट के मुताबिक, यह विश्वभर में तीसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है, जो तेजी से ऊपर की ओर बढ़ रही है। हिन्दी का वैश्विक सांस्कृतिक प्रभाव भी आश्चर्यचकित करता है। भारतीय फिल्म उद्योग, जिसे दुनियाभर में 'बॉलीवुड' के नाम से जाना जाता है, हर साल करीब 1500 फिल्में हिन्दी में बनाता है। ये फिल्में भारत में ही नहीं, अमेरिका, ब्रिटेन, रूस, खाड़ी देशों सहित अनेक देशों में देखी जाती हैं। हिन्दी फिल्मों, गीतों, साहित्य और कला का प्रभाव विदेशी मंचों, सांस्कृतिक समारोहों, मीडिया एवं एफएम चैनलों तक फैला हुआ है। यूएई में हिन्दी एफएम चौनल स्थानीय लोगों की खास पसंद बन चुके हैं। हिन्दी फिल्म अभिनेता, निर्माता व कलाकार विदेशों में शो आयोजित करते हैं, जिससे भारतीय संस्कृति और हिन्दी भाषा का विस्तार होता है। जहां-जहां भारतवंशी बसे हैं, वहां हिन्दी विशेष सम्मान के साथ जीवंत है। यह यथार्थ हर भारतीय के लिए गर्व का विषय है। वैश्वीकरण के दौर में हिन्दी व्यापार, वाणिज्य, शिक्षा, तकनीकी और प्रशासन के क्षेत्र में निरंतर बढ़ रही है। फेसबुक, गूगल, यूट्यूब जैसी कंपनियों ने हिन्दी को प्राथमिकता देना शुरू कर दिया है। भारत में 80 प्रतिशत मोबाइल उपभोक्ता हिन्दी में सामग्री अपनाते हैं। इंटरनेट, सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर हिन्दी की उपस्थिति लगातार बढ़ रही है और इसका प्रसार इतनी गति से हो रहा है कि कुछ ही वर्षों में हिन्दी इंटरनेट की प्रमुख भाषा बन सकती है। हिन्दी की संवैधानिक सुरक्षा भारत में संविधान के अनुच्छेद 343 से 351 के तहत निश्चित है। यह धाराएं हिन्दी के प्रचार-प्रसार, स्वीकार्यता और संरक्षण का मजबूत आधार हैं। यह न केवल भारत की आधिकारिक भाषा है बल्कि सम्पर्क भाषा, प्रशासन और विधि के क्षेत्र में इसका प्रयोग निर्णायक रूप से हो रहा है। भारत के शैक्षिक संस्थानों, सरकारी कार्यालयों और सांस्कृतिक आयोजनों में हिन्दी को सम्मानपूर्वक अपनाया गया है। विश्व हिन्दी सचिवालय की स्थापना, हिन्दी को संयुक्त राष्ट्र की मान्यता दिलवाने की पहल और डिजिटल क्षेत्र में हिन्दी सशक्तीकरण, ये सभी कदम हिन्दी के वैश्विक मंच पर सशक्तीकरण की दिशा में उठाए गए हैं। कुल मिलाकर, हिन्दी दिवस केवल एक दिन का उत्सव नहीं, यह हमारी संस्कृति, भाषायी आत्मसम्मान और राष्ट्रीय एकता का दिन है। इस दिन हर भारतीय को यह संकल्प लेना चाहिए कि हिन्दी को रचनात्मक, सुंदर और समृद्ध बनाए रखने में अपना योगदान दें। डॉ. राजेन्द्र प्रसाद का सपना केवल राजभाषा का प्रतिष्ठापन नहीं था बल्कि भारत की आत्मा, उसकी विविधता और सांस्कृतिक गौरव की अभिव्यक्ति थी, जिसे हिन्दी ने बखूबी आकार दिया है। हिन्दी भाषा की बढ़ती ताकत और वैश्विक प्रतिष्ठा आज न केवल भारत की बल्कि विश्व संस्कृति की सबसे मजबूत और सुंदर कड़ी बन चुकी है। इसलिए, हिन्दी दिवस के अवसर पर यही प्रेरणा लें कि जीवन के हर क्षेत्र में हिन्दी का उत्कर्ष हो, इसकी भाषायी, सांस्कृतिक, साहित्यिक और तकनीकी शक्ति निरंतर बढ़ती रहे और आगामी पीढ़ियां हिन्दी को न केवल संवाद का बल्कि वैश्विक अभिव्यक्ति का सबसे प्रभावशाली माध्यम बनाएं।




**विश्व हिन्दी सचिवालय की स्थापना, हिन्दी को संयुक्त राष्ट्र की मान्यता दिलवाने की पहल और डिजिटल क्षेत्र में हिन्दी सशक्तीकरण, ये सभी कदम हिन्दी के वैश्विक मंच पर सशक्तीकरण की दिशा में उठाए गए हैं। कुल मिलाकर, हिन्दी दिवस केवल एक दिन का उत्सव नहीं, यह हमारी संस्कृति, भाषायी आत्मसम्मान और राष्ट्रीय एकता का दिन है।**

### आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे है या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | अष्टमी 27:07 तक |
| नक्षत्रः | रोहिणी 08:40 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | रविवार |
| योगः | वज्र, 07:31 तक |
| सूर्योदयः | 06:06 |
| सूर्यास्तः | 18:19 |
| चंद्रमाः | वृषभ राशि में |
| राहुकालः | 16:48-18:19 |
| विक्रमी संवत्ः | 2082 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | अश्विन |
| शुभ मुहूर्तः | 11:48 -12:37 |

## जन एक्सप्रेस

### ना कांपे जुबान !

*फायदे की खातिर ।*
*देते ग़लत बयान ।।*
*करके ऐसा उनकी ।*
*ना कांपे जुबान ।।*
*हैं जनता के सेवक ।*
*पर कैसा संदेश ?*
*उछल उछल कर खूब ।*
*दे रहे उपदेश ।।*
*है लगाम ज़रूरी ।*
*स्वाद भी चखाना ।।*
*आया कैसा काल ।*
*कब लेंगे हर्ज़ाना ।।*
*बार-बार ये इस तरह ।*
*क्यों रहे कुरेद ?*
*रहता दिल में काला ।*
*पहने पर सफ़ेद ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# नाखूनों की ग्रोथ बढ़ाने के लिए खाएं ये 6 चीजें



**अगर** आप चाहते हैं कि आपके नाखून जल्दी बढ़ें और टूटने-फटने की समस्या न हो, तो अपने खाने में ऐसे पोषक तत्वों से भरपूर खाद्य पदार्थ शामिल करना जरूरी है। अच्छी सामान्य सेहत और संतुलित आहार अक्सर मजबूत, चिकने और स्वस्थ नाखूनों में दिखते हैं। जैसे त्वचा और बालों को पोषण चाहिए, वैसे ही नाखूनों को भी स्वस्थ बढ़त और टूट-फूट से बचने के लिए खास विटामिन, मिनरल और प्रोटीन की जरूरत होती है। एक्सपर्ट, लंबे और मजबूत नाखूनों के लिए कुछ खास खाद्य पदार्थ खाने की सलाह देते हैं।

अंडे अंडे बायोटिन और प्रोटीन के बेहतरीन स्रोत हैं, ये दोनों ही पोषक तत्व मजबूत नाखूनों के लिए जरूरी हैं। प्रोटीन नाखूनों के मुख्य स्ट्रक्चरल तत्व केराटिन के निर्माण में मदद करता है, जबकि बायोटिन नाखूनों की मोटाई को बढ़ाता है और उन्हें टूटने से बचाता है।

**ओमेगा 3 फैटी एसिडः** नाखूनों की ग्रोथ के लिए ओमेगा-3 फैटी एसिड, विटामिन-डी और हाई प्रोटीन जरूरी है। ये पोषक तत्व, नाखूनों को मजबूती देते हैं, नाखूनों के आसपास की सूजन कम करते हैं और उन्हें पोषण पहुंचाते हैं।

**नट्स और सीड्सः** सूरजमुखी के बीज और बादाम जैसे नट्स और सीड्स में विटामिन-ई, जिंक और मैग्नीशियम की भरपूर मात्रा होती है। जिंक, नाखूनों की बढ़त और रिपेयर में मदद करता है, जिससे नाखूनों पर सफेद धब्बे नहीं होते। वहीं विटामिन-ई, नाखूनों तक ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है।

**हरी पत्तेदार सब्जियांः** ब्रोकली, केल और पालक जैसी हरी पत्तेदार सब्जियों में आयरन, फोलेट और कैल्शियम भरपूर मात्रा में होते हैं।कैल्शियम, नाखूनों को मजबूत बनाने में मदद करता है, जबकि आयरन की कमी से नाखून भुरभुरे हो सकते हैं या उन पर सीधी लकीरें आ सकती हैं।

**बीन्स और दालेंः** बीन्स और दालें जिंक, बायोटिन और प्रोटीन के बेहतरीन पौधों से मिलने वाले स्रोत हैं। ये खासतौर पर शाकाहारी लोगों के लिए फायदेमंद हैं, जो बिना नॉन-वेज प्रोटीन खाए ही नाखूनों की सेहत को बनाए रखना चाहते हैं।

**बेरीजः** बेरीज विटामिन-सी और एंटी-ऑक्सीडेंट्स का बेहतरीन स्रोत हैं। बेरीज का सेवन करके नाखून मजबूत होते हैं और उसकी सुंदरता बढ़ती है, बेरीज खाने से ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस कम होता है और कोलेजन के निर्माण को बढ़ावा मिलता है।

**निष्कर्षः** नाखूनों की ग्रोथ के लिए डाइट में बेरीज, बीन्स और दालें, हरी पत्तेदार सब्जियां, नट्स और सीड्स, ओमेगा 3 फैटी एसिड, अंडे को शामिल करना चाहिए। इन चीजों का सेवन करने से नाखून मजबूत बनते हैं।

### एक्सप्रेस विशेष

# आतंकवाद की भूमि बनता भारत



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

**ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड हमेशा पर्सनल लॉ यानी शरीअत से जुड़े मुद्दों–तलाक, निकाह, विरासत–पर सरकार और अदालतों के सामने खड़ा दिखता है। लेकिन आतंकवाद और कट्टरपंथ जैसे बड़े मुद्दों पर इसकी चुप्पी अक्सर सवाल खड़े करती है।**

भारत का सबसे पुराना और बड़ा मुस्लिम संगठन है। यह दारुल उलूम देवबंद से जुड़ा माना जाता है। यह संगठन धार्मिक मार्गदर्शन, सामाजिक न्याय और कानूनी सहायता में सक्रिय रहता है। लेकिन सवाल यह है कि जब देश की सुरक्षा पर सीधा हमला हो रहा है, तो क्या जमीयत खुलकर आतंकवाद के खिलाफ खड़ा होता है? क्या यह संगठन युवाओं को संदेश देता है कि आतंकवाद इस्लाम के सिद्धांतों के खिलाफ है?

**भारत** के सामने आज सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है आतंकवाद। यह चुनौती देखा जाए तो सीमा पार से आने वाली गोलियों और बारूद से कहीं अधिक खतरनाक और विध्वंसक है, क्योंकि इसमें एक खास विचारधारा भी है जो देश के भीतर युवाओं के दिमाग में धीरे-धीरे जहर भर रही है। हाल ही में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और सेंट्रल एजेंसियों ने जिस टेरर मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। उसमें दिल्ली, झारखंड, तेलंगाना और मध्य प्रदेश से पांच संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया है। संदिग्ध आतंकियों के पास से बम बनाने की सामग्री और हथियार मिले हैं। ये सोशल मीडिया के जरिए पाकिस्तानी हैंडलर्स के संपर्क में थे। वस्तुत इनकी गिरफ्तारी सिर्फ एक घटना नहीं, बल्कि इस बात का संकेत है कि भारत की धरती पर इस्लामिक आतंकवाद की जड़ें फैलाने की कोशिशें लगातार तेज हो रही हैं। सुरक्षा एजेंसियों के संयुक्त अभियान में चार से पाँच राज्यों में छापेमारी की गई और आठ से अधिक लोगों से पूछताछ हुई। पुलिस ने साफ किया कि इन संदिग्धों के संबंध पाकिस्तान के आतंकी नेटवर्क से हैं और सोशल मीडिया के जरिए यह लोग लगातार विदेशों में बैठे आकाओं के संपर्क में थे। जांच एजेंसियों ने जो साक्ष्य एकत्र किए हैं, वे यह दिखाने के लिए पर्याप्त हैं कि भारत को अस्थिर करने के लिए एक संगठित प्रयास चल रहा है। अशरफ दानिश नाम का शख्स इस पूरे नेटवर्क का प्रमुख सदस्य बताया गया। वह भारत में रहकर आतंकी मॉड्यूल का संचालन कर रहा था, साथ ही मुस्लिम युवाओं को कट्टरपंथी बनाने और उन्हें आतंकी गतिविधियों की तरफ आकर्षित करने की भूमिका भी निभा रहा था। इस दौरान पुलिस के ध्यान में यह भी आया कि इसके लिए सोशल मीडिया एक सशक्त माध्यम था जहां से ये अपनी आतंकी विचारधारा को आसानी से फैला सके। अब बार-बार इस तरह की घटनाओं को देखकर ये विश्वास हो चला है कि आज का आतंकवाद केवल बम, बारूद और हथियारों से नहीं लड़ता। उसका असली युद्धक्षेत्र युवाओं का दिमाग है। फेसबुक, टेलीग्राम, इंस्टाग्राम और व्हाट्सऐप जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म आतंकियों के लिए एक हथियार बन गए हैं। इस्लामिक स्टेट (आईएसआईएस) पहले ही यह साबित कर चुका है कि वर्चुअल खलीफत का सपना इंटरनेट के जरिए दुनिया भर के युवाओं को प्रभावित करके फैलाया जा सकता है। भारत में भी इसी तर्ज पर गुप्त ऑनलाइन समुदाय बनाए जा रहे हैं, जहाँ सांप्रदायिक नफरत, धार्मिक कट्टरता और हिंसक विचारधाराओं को परोसा जा रहा है। यही तो इस बार पकड़े गए इन संदिग्धों के पास से भी ये पैटर्न सामने आया है। भारत पूर्व भी आतंकवाद की मार झेल चुका है। 1993 के मुंबई धमाकों से लेकर 2001 के संसद हमले और 2008 के 26/11 हमलों तक हर बार जांच में पाकिस्तान-आधारित नेटवर्क का हाथ सामने आया। पुलवामा का कायराना हमला भी अब तक नहीं भुलाया जा सका। इन घटनाओं की पृष्ठभूमि बताती है कि भारत बार-बार आतंकवाद का निशाना बनता है और अब नए मॉड्यूल्स सोशल मीडिया के जरिए खड़े किए जा रहे हैं। चिंता इसलिए भी ये बड़ी है, क्योंकि भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मुस्लिम आबादी वाला देश है। यहाँ करोड़ों मुसलमान रहते हैं, जिनमें से भारी बहुमत शांतिप्रिय और कानून का पालन करने वाले नागरिक हैं। लेकिन समस्या यह है कि उनमें से ही एक वर्ग आतंकी संगठनों की नजर में आता है। वह हिंसा और गैर मुसलमानों के खिलाफ कार्य करता है, जिसे वह जिहाद की संज्ञा देता है। पहले तो चलो; कहा जाता था कि मुसलमानों में बेरोजगारी अधिक है, इसलिए युवा भटक जाते हैं, लेकिन पिछले कुछ सालों में सामने आए आर्थिक आंकड़ें तो यही बता रहे हैं कि अब देश में बहुसंख्यक हिन्दू और मुसलमानों के बीच आर्थिक और सामाजिक असमानता न के बराबर रही है। अपनी जनसंख्या के अनुपात में मुसलमानों की स्थिति कई जगह हिन्दुओं से भी बेहतर हुई है। तब फिर यह प्रश्न ही समाप्त हो जाता है कि मुसलमान युवा को बेरोजगारी के नाम पर भटकाया जा रहा है। यानी कोई अन्य तत्व अवश्य ऐसे मौजूद हैं, जोकि मिुस्लम युवा को आतंकवादी बनने के लिए प्रेरित करते हैं! ऐसे में स्वभाविक है कि इस तरह के तत्वों को खोजा जाए, किंतु ये कार्य करे कौन? यहाँ एक महत्वपूर्ण प्रश्न उठता है; जब देश के भीतर युवाओं को गुमराह करने की कोशिशें हो रही हैं, तब इस्लामिक संगठनों की भूमिका क्या है? भारत में मुसलमानों के पास अपने कई बड़े और प्रभावशाली संगठन हैं। ये संगठन केवल धार्मिक मामलों तक सीमित नहीं रहते, बल्कि सामाजिक और राजनीतिक मुद्दों पर भी मुखर भूमिका निभाते हैं।

# नवजात का शव को कुत्ता उठा ले गया

## मेडिकल कॉलेज में दो घंटे तक हंगामा, पुलिस-प्रशासन के हस्तक्षेप से मामला शांत



- महिला अस्पताल की लापरवाही पर भड़के विश्व हिंदू रक्षा परिषद के कार्यकर्ता

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

जिला महिला अस्पताल की बड़ी लापरवाही ने शनिवार को पूरे शहर का माहौल गरमा दिया। अस्पताल परिसर स्थित पार्क से नवजात का शव कुत्ता उठाकर ले गया। घटना के बाद अस्पताल प्रशासन ने जिम्मेदारी परिवार पर डाल दी। इससे आक्रोशित विश्व हिंदू रक्षा परिषद के कार्यकर्ता मेडिकल कॉलेज पहुंच गए और महिला अस्पताल के सीएमएस से तीखे सवाल-जवाब करने लगे। जवाब टालमटोल भरे मिलने पर इमरजेंसी कक्ष में दो घंटे तक हंगामा चलता रहा। आखिरकार प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हो सका।

### झपकी लेते ही कुत्ता उठा ले गया शव

मरौरी ब्लॉक क्षेत्र की एक प्रसूता ने जिला महिला अस्पताल में मृत शिशु को जन्म दिया था। परिजन शव लेकर अस्पताल परिसर के पार्क में बैठे हुए थे। इसी दौरान उन्हें झपकी आ गई। तभी वहां घूम रहा एक कुत्ता नवजात का शव उठा ले गया। शोर सुनकर परिजन और राहगीर दौड़े तो कुत्ता लगभग 200 मीटर दूर शव छोड़कर भाग गया। इस दृश्य को देखकर परिजन और ग्रामीण दहशत में आ गए।

### जिम्मेदारी टालने पर भड़के कार्यकर्ता

परिजनों ने जब घटना की शिकायत की तो अस्पताल प्रबंधन ने इसे परिवार की जिम्मेदारी बताते हुए पल्ला झाड़ लिया। इससे गुस्साए विश्व हिंदू रक्षा परिषद के जिलाध्यक्ष यशवंत सिंह कार्यकर्ताओं के साथ शनिवार सुबह मेडिकल कॉलेज पहुंच गए। यहां महिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. राजेश कुमार और पुरुष अस्पताल के सीएमएस डॉ. रमाकांत सागर को बुलाया गया। डॉ. राजेश कुमार ने घटना से अनभिज्ञता जताई और कहा कि वह रात दस बजे तक राउंड पर थे। बहस के दौरान उन्होंने यहां तक कह दिया कि अगर ज्यादा समस्या है तो उनका तबादला करा दिया जाए। इस बयान पर कार्यकर्ता भड़क उठे और इमरजेंसी में हंगामा शुरू हो गया।

### सुरक्षा गार्ड से भी हुई झड़प

स्थिति संभालने के लिए सुरक्षा गार्डों ने कुछ कार्यकर्ताओं को बाहर निकालने का प्रयास किया, जिस पर तीखी झड़प हो गई। मामला बिगड़ते देख कोतवाली और सुनगढ़ी पुलिस मौके पर पहुंच गई। इसके बाद सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर, सीएमओ डॉ. आलोक कुमार और सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी भी दल-बल के साथ मेडिकल कॉलेज पहुंचे। अधिकारियों ने कार्यकर्ताओं को कार्रवाई का आश्वासन दिया, तब जाकर माहौल शांत हुआ।

### डीएम ने मांगी रिपोर्ट

घटना पर जिला प्रशासन ने भी संज्ञान लिया है। डीएम ने जिला महिला अस्पताल के सीएमएस से पूरे प्रकरण की रिपोर्ट तलब की है। सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर ने बताया कि जांच जारी है, दोषी पाए जाने पर संबंधितों के खिलाफ नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## शादी-समारोह में ड्रोन कैमरे के इस्तेमाल की मांग

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

उत्तर प्रदेश फोटोग्राफर एसोसिएशन ने शादी-विवाह समारोहों में ड्रोन कैमरों के उपयोग की अनुमति के लिए जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। फोटोग्राफर्स ने बताया कि ड्रोन कैमरा आधुनिक फोटोग्राफी का अहम हिस्सा है। फोटोग्राफर्स का कहना है कि विवाह और अन्य सामाजिक समारोहों में फोटोग्राफी उनकी आजीविका का मुख्य स्रोत है। ड्रोन के संचालन पर लगे प्रतिबंध से उनके व्यवसाय को नुकसान हो रहा है। इससे ग्राहकों की मांग भी पूरी नहीं हो पा रही है। एसोसिएशन ने मांग की है कि विवाह समारोह, मैरिज हॉल और निजी आयोजनों में पंजीकृत फोटोग्राफरों को नियमों और सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए ड्रोन का उपयोग करने की अनुमति दी जाए। इस दौरान ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला प्रभारी हिमांशु गुप्ता, संरक्षक अनिल कुमार सैनी और कार्यकारिणी सदस्य संदीप वर्मा, आशीष कश्यप, पटेल विमलेश वर्मा, दलविंदर सिंह, सतनाम सिंह, लवकुश गुप्ता, अनुज कुमार सहित कई फोटोग्राफर्स मौजूद थे।

# सपा नेताओं ने बाढ़ग्रस्त गांवों का दौरा कर बाढ़ पीड़ितों की सुनी समस्याएं, बांटी राहत सामग्री

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर



हजारा। पिछले दिनों पहाड़ों पर लगातार हुई बारिश के कारण शारदा नदी के जलस्तर में वृद्धि होने के कारण ट्रांस शारदा क्षेत्र में कई गांवों में बाढ़ का पानी घुस गया था। जिससे ग्रामीणों का जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया था। पीलीभीत समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष ने टीम के साथ ट्रांस शारदा क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित गांवों का दौरा कर उनकी समस्याओं को जाना और उनकी समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया है। शनिवार को ट्रांस शारदा क्षेत्र में समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं ने शनिवार को बाढ़ प्रभावित गांव चन्द्र नगर,भुरजुनियां फार्म,सिद्ध नगर, हजारा ग्राम तथा शास्त्री नगर के अलावा इंडो नेपाल सीमावर्ती बाढ़ प्रभावित गांव का दौरा कर बाढ़ पीड़ितों की समस्याओं को सुना और समस्याओं का समाधान करने का पूरा भरोसा दिया है।वहीं इस दौरान समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा के नेतृत्व में तथा युव जन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार ऊर्फ राजू की अगुवाई में हजारा ग्राम निवासी सपा नेता राकेश यादव के निवास पर कार्यक्रम के दौरान वहां मौजूद हजारा ग्राम तथा शास्त्री नगर गांव के बाढ़ पीड़ित परिवारों के बीच राशन सामग्री का वितरण किया है।इस दौरान सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने वहां मौजूद ग्रामीणों से कहा कि समाजवादी पार्टी इस मुसीबत की घड़ी में आप लोगों के साथ खड़ी है।इसके अलावा वहां मौजूद भूमि कटान पीड़ितों ने सपा जिलाध्यक्ष से कहा कि हजारा ग्राम की तीस किसानों की लगभग दो सौ एकड़ कृषि योग्य भूमि शारदा नदी में फसलों समेत समा गई है और अभी तक हम लोगों के नुकसान का सर्वे नहीं किया गया है।इस पर जिलाध्यक्ष ने कहा कि शासन प्रशासन से कटान पीड़ितों के हुऐ नुकसान का सर्वे कराकर मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया है। इसके अलावा युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार राजू ने कहा कि आज हम लोगों ने बाढ़ प्रभावित गांवों का दौरा किया है और बाढ़ पीड़ितों के हुऐ नुकसान की भरपाई तो नहीं हो सकती है पर बाढ़ पीड़ितों को कुछ हद तक राहत देने के उद्देश्य से हमारी जिले की समाजवादी पार्टी की टीम ने आपसी सहयोग से बाढ़ पीड़ितों को राशन किट का वितरण किया गया है। इसके अलावा हम बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए शासन प्रशासन से जो भी राहत संभव हो उसके लिए मांग करेंगे।

इस दौरान मौके पर सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा, सपा जिला उपाध्यक्ष अशोक सिंह, जिला उपाध्यक्ष पवन यादव, पूर्व सपा जिलाध्यक्ष उमाशंकर यादव, युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार राजू, महिला विधानसभा अध्यक्ष मीता सिंह, अनिरुद्ध गुप्ता, राजन पांडेय, दिलीप कुमार ऊर्फ राजू, डा.सलीम अहमद, राकेश यादव, राजू यादव, पंकज गुप्ता, पूर्व ग्राम प्रधान सुरेश सिंह, तलविंदर सिंह, मनप्रीत सिंह, कर्मजीत सिंह, गुरबाज सिंह, मुख्तयार सिंह, कुलदीप सिंह समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# भाजपा बरखेड़ा मंडल की सेवा पखवाड़ा कार्यशाला सम्पन्न

- बरखेड़ा में भाजपा सेवा पखवाड़ा कार्यशाला- समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा का संकल्प
- रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर और एक पेड़ मां के नाम जैसी जनहित गतिविधियाँ

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



शनिवार को बरखेड़ा ब्लॉक सभागार में सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत भाजपा मंडल कार्यशाला का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन से हुआ। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में बरखेड़ा विधायक एवं महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद, भाजपा जिला उपाध्यक्ष तुलाराम लोधी और भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मंडल प्रभारी सोनू वाल्मीकि उपस्थित रहे। मंडल अध्यक्ष प्यारेलाल कश्यप ने अध्यक्षता की और संचालन मंडल महामंत्री दीपक सोनकर ने किया।

कार्यशाला में जिला महामंत्री किसान मोर्चा नागेंद्र प्रताप गंगवार, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुशवाह, संजीत सरन, सूरज श्रीवास्तव, मंडल उपाध्यक्ष उमा मिश्रा, युगल वर्मा, सुनील वर्मा, मंडल मंत्री पोशाकी लाल भोजवाल, विजय प्रजापति, टीकाराम वर्मा, शक्ति केंद्र संयोजक शेर सिंह राठौर, अमित गुप्ता, अर्जुन भोजवाल सहित बूथ अध्यक्ष और कार्यकर्ताओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।कार्यशाला में यह निर्णय लिया गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक विधानसभा क्षेत्र में सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर, स्वच्छता अभियान और एक पेड़ मां के नाम जैसी जनहित गतिविधियाँ प्रमुख रहेंगी। साथ ही, प्रधानमंत्री मोदी के जनहित कार्यों और उपलब्धियों से जनता को अवगत कराया जाएगा।

महामंडलेश्वर एवं बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद ने अपने उद्बोधन में कहा, सेवा पखवाड़ा केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचकर उसकी समस्याओं का समाधान करने का अभियान है। कार्यकर्ताओं को सेवा भावना सर्वोपरि रखते हुए हर घर तक पार्टी की योजनाओं और प्रधानमंत्री मोदी की जनहितकारी नीतियाँ पहुँचानी हैं। कार्यशाला में उपस्थित पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि वे सेवा पखवाड़ा को जन-जन तक पहुंचाने में पूरी निष्ठा और सक्रियता से भागीदारी करेंगे।

# सब्जी खाने से एक परिवार के सात लोग बीमार

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर

घर में बनी परोरा की सब्जी खाने से एक परिवार के सात लोग बीमार हो गए। उन्हें उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। हालत में सुधार न होने पर सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। नगर के मोहल्ला लाइनपार साहूकारा के रहने वाले राम प्रकाश देवल के घर शुक्रवार की शाम परोरा की सब्जी बनाई गई। घर के एक युवक को छोड़कर सभी सदस्यों ने खाने में परोरा की सब्जी खाई। सब्जी खाने वाले घर के सभी सदस्य बेहोशी की हालत में चले गए। इस दौरान रामप्रकाश और पत्नी गीता, अंश, तान्या, आराध्य, भगवती देवी और प्रदीप सुबह नहीं उठे। घर के अन्य सदस्य जिन्होंने परोरा की सब्जी नहीं खाई उन्होंने सो रहे लोगों को उठाया। उठने के बाद सभी को चक्कर आने और नशा छाने लगा। इस पर घर में मौजूद लोग घबरा आगे। उन्होंने सभी को उपचार के लिए सीएचसी भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद भी भगवती देवी और तान्या की हालत में सुधार नहीं हुआ। इस पर डॉक्टर ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### जांच के लिए भेजी गई सब्जी

एक परिवार के सात लोगों के एक साथ बीमार होने से फूड पॉइजनिंग का मामला चर्चा में आ गया। इसकी सूचना फूड इंस्पेक्टर शांतनु कुमार को दी गई। उन्होंने पूरनपुर पहुंचकर परोरा की सब्जी का सैंपल लिया। जांच रिपोर्ट आने के बाद परिवार के लोगों की हालत बिगड़ने का कारण पता चल सकेगा।

> सीएचसी से फूड पॉइजनिंग की सूचना मिली थी। परोरा की सब्जी का सैंपल जांच के लिए लैब भेज दिया गया है।
>
> **शांतनु कुमार, फूड इंस्पेक्टर, पूरनपुर।**

### कुत्ता काटने से युवक की तीन महीने बाद हुई मौत

जन एक्सप्रेस। सीतापुर। खैराबाद। विकास खंड के शाहपुर गांव निवासी रजनेश (32) को तीन माह पूर्व कुत्ते ने काटा था। शुक्रवार को उनकी मौत हो गई। मृतक के बड़े भाई राजेश ने बताया कि बुधवार को भाई की तबीयत बिगड़ी थी। उन्हें पीएचसी ले गए। वहां से चिकित्सकों ने सीएचसी रेफर कर दिया। बृहस्पतिवार को तबीयत ज्यादा खराब होने पर उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

# बरखेड़ा विधायक ने माला नदी में डूबे युवक के परिवार को दी आर्थिक सहायता

- माला नदी की त्रासदी में बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद ने परिवार को दिया चार लाख का सहारा
- शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर ढांढ़स बंधाया, प्रशासनिक सहयोग कर सीधे खाते में सहायता राशि ट्रांसफर

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



ग्राम पंचायत जगतपुर रामनगर निवासी संजीव कुमार वर्मा की कुछ दिन पूर्व माला नदी में डूबने से हुई असमय मौत ने पूरे गांव को शोक में डाल दिया। शनिवार को बरखेड़ा विधायक एवं महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद महाराज दुखी परिवार से मिलने पहुंचे और शोक संवेदना व्यक्त की। विधायक ने मृतक की माता, भाई और अन्य परिजनों से मिलकर कहा कि संजीव की असमय मौत अपूरणीय क्षति है, जिसे कोई नहीं भर सकता। उन्होंने परिवार को ढांढ़स बंधाया और आश्वासन दिया कि इस कठिन समय में पूरा प्रशासन और जनप्रतिनिधि उनके साथ खड़े रहेंगे। इसके उपरांत, विधायक ने प्रशासनिक अधिकारियों से चर्चा कर मृतक के परिवार के खाते में शासन से स्वीकृत चार लाख रुपये की सहायता राशि ट्रांसफर कराई। परिवार को इसका प्रमाणपत्र भी सौंपा गया। सहायता प्राप्ति के बाद परिजन भावुक हो उठे और उन्होंने विधायक व प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर एसडीएम बीसलपुर कपिल सिंह, बरखेड़ा मंडल अध्यक्ष प्यारेलाल कश्यप, ग्राम प्रधान कुंदनलाल, सोमपाल वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सभी ने दिवंगत संजीव के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना की। बताते चलें कि स्वामी प्रवक्तानंद हमेशा हर नागरिक की समस्याओं को हल करने में तत्पर रहते हैं। इस दुखद घटना में उन्होंने परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन देकर समाज में संवेदनशील नेतृत्व का परिचय दिया।

## एक्सप्रेस खबरें...

### ग्राम प्रधान से छेड़छाड़ प्रधान ने दी तहरीर

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। पति के साथ जा रही महिला ग्राम प्रधान के साथ गांव के कुछ लोगों ने गाली गलौज की। विरोध करने पर मारपीट करते हुए कपड़े फाड़ दिए। प्रधान का आरोप है कि मारपीट करने वालों ने उनके साथ छेड़छाड़ की। ग्राम प्रधान ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला वर्तमान में ग्राम प्रधान है। शनिवार को वह अपने पति के साथ पूरनपुर आ रही थीं। आरोप है रास्ते में गांव के ही पांच लोग मिल गए। उन्होंने ग्राम प्रधान और उनके पति का रास्ता घेर लिया। सभी ने उनके साथ गाली गलौज की। विरोध करने पर मारपीट करने वालों ने ग्राम प्रधान के कपड़े फाड़ दिए और अश्लील हरकतें की। बचाने पर उनके पति की पिटाई लगा दी जिससे वह घायल हो गए। प्रधान ने कार्रवाई के लिए पुलिस को तहरीर दी है। कोतवाल सतेंद्र कुमार ने बताया कि मामला धक्का मुक्की का है। जांच कराई जा रही है।

### मनमानी के तहत स्कूल में गेट लगवाने का आरोप

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। बंजरिया गांव के ग्रामीणों ने खंड शिक्षा अधिकारी से शिकायत की है कि ग्राम प्रधान ने स्कूल की दीवार तोड़कर अनावश्यक गेट खुलवा दिया। इससे बच्चों को लंबा चक्कर काट कर स्कूल जाना पड़ेगा। ग्रामीण ने खोले गए गेट को बंद करवाने की मांग की है। ब्लॉक क्षेत्र के गांव बंजरिया में कंपोजिट विद्यालय मौजूद है। विद्यालय में आने जाने के लिए मुख्य मार्ग पर दो गेट लगे हुए हैं। आरोप है बिना किसी अधिकारी की अनुमति के ग्राम प्रधान ने स्कूल के पीछे की दीवार तोड़कर तीसरा गेट खुलवा दिया। आरोप है प्रधान अपनी सुविधा के लिए कच्चे मार्ग की ओर गेट लगवाने चाहते हैं। सुरक्षा की दृष्टि से यह उचित नहीं है। गेट लगने से बच्चों को लगभग डेढ़ किमी घूम कर विद्यालय जाना होगा। इससे बच्चों को असुविधा होगी। ग्रामीणों ने खंड शिक्षा अधिकारी से तोड़ी गई दीवार का फिर से निर्माण कराने की मांग की है। हालांकि खंड शिक्षाधिकारी विजय वीरेंद्र सिंह ने बताया कि उन्हें ऐसे किसी मामले की जानकारी नहीं है। शिकायत मिलने पर दिखवाने को कहा है।

### थानाध्यक्ष की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। हजारा। नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र के थाना हजारा में माह के दूसरे शनिवार को थानाध्यक्ष की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया।थाना समाधान दिवस के मौके पर मौजूद राजस्व लेखपालों को लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण करने का निर्देश दिया है और मौके पर आएं फरियादियों की समस्या को सुना और उनका समाधान करने कि आश्वासन दिया है।थाना समाधान दिवस के मौके पर हजारा थानाध्यक्ष शरद यादव उपनिरीक्षक अशोक कुमार आरक्षी रोहित चौधरी कानूनगो महेश पाल यादव राजस्व लेखपाल आशीष कुमार निषाद,श्याम मौर्या, भूपेंद्र शर्मा,रामेश्वर चौहान कबीरगंज साधन समिति अध्यक्ष योगेश कुमार श्रीवास्तव पूर्व अध्यक्ष चौधरी पदम सिंह सहित अन्य दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### छठ स्थल का सौंदर्यीकरण कराने की उठाई मांग

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। हजारा। रामनगर भाजपा युवा मंडल मोर्चा के पदाधिकारियों ने जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं भाजपा नेता से छठ पूजा स्थल का सौंदर्यीकरण कराने की मांग करते हुए पत्र सौंपा है। शनिवार को भाजपा कार्यशाला में प्रतिभाग करने पहुंचे पीलीभीत की भाजपा जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ दलजीत कौर के प्रतिनिधि( पति) एवं पूर्व भाजपा जिला महामंत्री भाजपा नेता गुरभाग सिंह से मुलाकात करते हुए रामनगर भाजपा युवा मंडल मोर्चा के अध्यक्ष शिवम राजभर ने जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ दलजीत कौर के नाम संबोधित मांग पत्र सौंप कर शांति नगर में स्थापित छठ पूजा स्थल का सौंदर्यीकरण एवं जीर्णोद्वार कराने की मांग किया है।इस मौके पर युवा मंडल के उपाध्यक्ष शिवकुमार चौहान मंडल महामंत्री सतीश चौहान जिला कार्य समिति सदस्य आदित्य मिश्रा,आर्यन कनौजिया,जसवीर चौहान,राहुल चौहान,राजन राजभर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## रेलवे में नौकरी का झांसा देकर युवक से 70 हजार रुपये हड़पा

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

रेलवे नौकरी के नाम पर धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। लखीमपुर सदर कोतवाली क्षेत्र स्थित मोहल्ला ललिता नगर निवासी अंकित पाल ने एसपी को शिकायती पत्र दिया है।सुआगाडा निवासी ऋषभ उर्फ नसीम ने अंकित को रेलवे में बैरियर गेटमैन की नौकरी दिलाने का वादा किया था। इस बहाने आरोपी ने उनसे 70 हजार रुपये ले लिए। सात महीने बीत जाने के बाद भी न तो नौकरी मिली और न ही पैसे वापस किए गए।पीड़ित ने बताया कि जब उन्होंने पैसे वापस मांगे तो आरोपी ने फोन पर गालियां दीं। रुपये लौटाने से भी इनकार कर दिया। इस धोखाधड़ी से वह मानसिक और आर्थिक परेशानी झेल रहे हैं।

शुक्रवार को सुबह 10-30 बजे पीड़ित ने जानकारी देते हुए बताया एसपी संकल्प शर्मा ने शिकायत पर जांच के निर्देश दे दिए हैं। आरोपी से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उसने कोई जवाब नहीं दिया। लखीमपुर एसपी संकल्प शर्मा ने पीड़ित को जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में महिलाओं की सशक्तिकरण पर आयोजित हुए जागरूकता कार्यक्रम

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी




संकल्प हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन योजना के अंतर्गत आयोजित 10 दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम के दसवें दिन जिले के 14 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर विशेष कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर थीम Girl/Women e&celling in STEM field (STEM) स्टेमी क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली लड़कियां/ महिलाएं पर केंद्रित जागरूकता गतिविधियाँ संचालित हुईं।यह कार्यक्रम मुख्य चिकित्सा अधिकारी सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देशन में चलाया जाएगा। इसमें एएनएम, आशा संगिनी, स्वास्थ्य विभाग की टीम और वन स्टॉप सेंटर के प्रतिनिधि शामिल रहे।इस दौरान मिशन शक्ति और महिला सुरक्षा पर भी चर्चा हुई। सेंटर मैनेजर रश्मि चतुर्वेदी ने मिशन शक्ति के घटकों, पोक्सो एक्ट, वन स्टॉप सेंटर की सुविधाओं, तथा हिंदू मैरिज एक्ट के बारे में विस्तार से जानकारी दी।साथ ही उन्होंने प्रतिभागियों को मिशन शक्ति ऐप डाउनलोड करने की सलाह दी। इस कार्यक्रम में हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमेन की जिला मिशन कोऑर्डिनेटर आर्य मित्रा बिष्ट ने क्क्सा एक्ट 2013 के प्रावधानों, आंतरिक और स्थानीय परिवाद समितियों की भूमिका, शी-बॉक्स, तथा बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 पर जागरूकता फैलाई।

प्रतिभागियों को सरकार की विभिन्न योजनाओं जैसे कन्या सुमंगला योजना और मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना की जानकारी भी दी गई।फरधान व गोला विकासखंड समेत सभी स्वास्थ्य केंद्रों में आयोजित कार्यशालाओं में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अमित, डॉ. गणेश,डॉ. योगेश कुमार, महिमा, वन स्टॉप सेंटर से नरेंद्र व रोमिल, तथा बड़ी संख्या में एएनएम और आशा संगिनियां उपस्थित रहीं। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग और महिला सशक्तिकरण विभाग की टीमों ने मिलकर प्रतिभागियों को महिला सुरक्षा,अधिकार और स्वास्थ्य से जुड़ी जानकारी देकर जागरूक किया।

# थाना खीरी में डीएम-एसपी ने सुनी समस्याएं, दिए निस्तारण के निर्देश



जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

शनिवार को जिले के सभी थानों में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इसमें पुलिस और भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई हुई। पुलिस, प्रशासनिक अफसरों ने शिकायत सुनकर निस्तारण कराया। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी संकल्प शर्मा ने थाना खीरी में आयोजित थाना समाधान दिवस में पहुंचे, जहां उन्होंने फरियादियों से रूबरू होकर समस्याएं सुनी।समाधान दिवस में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि राजस्व-पुलिस से सम्बन्धित शिकायतें का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित कराए। इसमें किसी भी स्तर पर हीलाहवाली क्षम्य नही होगी। पीड़ितों की समस्याओं को खुद समझ कर दूर करें। फोर्स के साथ राजस्वकर्मी मौके पर जाकर विवादित मामलों का निस्तारण करें। अगर मामला गंभीर है तो तत्काल एसडीएम, तहसीलदार को अवगत कराएं, ताकि अधिकारी मौके पर जाकर समाधान करें।डीएम-एसपी ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर जनशिकायतों की निष्पक्ष जाँच करके विधिक निस्तारण करने के निर्देश दिए। थाना समाधान दिवस में प्राप्त प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध रूप से निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान थानाध्यक्ष सहित राजस्व एवं पुलिस के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# अब वो दिन दूर नहीं, शीघ्र होगी पलिया में बड़ी लाइन

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी



स्वतंत्रता संग्राम सेनानी प्यारेलाल फलाहारी गौसेवा फाउंडेशन पलिया कलां के मंत्री समर्थ गुप्ता द्वारा मैलानी नानपारा अमान परिवर्तन के संबंधम रिट संख्या 936/2025 - 29 8.2025 को योजित की गई थी, जिस पर 10 सितंबर 2025 को माननीय उच्च न्यायालय? इलाहाबाद लखनऊ खंडपीठ के न्यायमूर्ति राजन राय एवं मंजीव शुक्ल द्वारा याचिका पर लंबी सुनवाई के बाद राज्य सरकार एवं वन विभाग केंद्रीय सरकार के अधिवक्ताओं तथा याची की अधिवक्ता कु.चित्रांगदा नारायण को सुनने के बाद याचिका पर प्रतिवादी संख्या (3) मुख्य प्रसाशनिक अधिकारी निर्माण पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर, तथा प्रतिवादी संख्या (4) महा प्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर को याची के प्रत्यावेदन पर विचार करके कार्यवाई कर मीटर गेज से ब्राड गेज अमान परिवर्तन करने के संदर्भ में आदेश निर्गत किया है।

याचिका मे भारतीय रेलवे द्वारा विभिन्न प्रांतो? में रेल की पटरियों पर हाथियों एवं अन्य जीव जंतुओं की सुरक्षा के लिए (ए.आई) तकनीक से अभिनव उपाय करते हुए नानपारा, मिहींपुरवा, खैरटिया,

तिकुनिया, बिलरायां, पलिया, भीरा तथा मैलानी रेल खंड पर अमान परिवर्तन किए जाने की याचना की गई थी जिसे स्वीकार कर लिया गया है। इससे? इस मार्ग पर रेल अमान परिवर्तन का रास्ता साफ हो गया है।

## दिल्ली के व्यापारी से 19 लाख की ठगी मास्टरमाइंड सौरभ मिश्रा गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। निघासन खीरी। दिल्ली के व्यापारी से 19 लाख की ठगी का मामला सुर्खियों में छाया रहा आपको बता दे की थाना सम्पूर्णानगर क्षेत्र के ग्राम पंचायत त्रिकौलिया में शनिवार को सुबह जब निघासन थाने की पुलिस मास्टरमाइंड सौरभ मिश्रा को पकड़ने पहुंची तो अफरा तफरी का माहौल बन गया जैसे ही लोग कुछ समझ पाते पुलिस ने फौरन अभियुक्त को गाड़ी में बैठाकर थाने रवाना हो गई। पुलिस के सूत्रों से मिली जानकारी में बताया गया है कि 5 जून का मामला है जिसमें दिल्ली के व्यापारी से 19 लाख की ठगी का मामला सामने आया था जिसमें वंचित मास्टरमाइंड सौरभ मिश्रा को पुलिस द्वारा कार्रवाई किए जाने के उद्देश्य से सर्च अभियान चलाया जा रहा था जिसमें शनिवार को सुबह थाना संपूर्णीनगर त्रिकौलिया गांव से अभियुक्त को पुलिस बरामद कर ली और अपने साथ ले गई।



# एसपी ने किया आतिशबाजी दुकानों का निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। कालपी




आतिशबाजी के भण्डारण को लेकर पुलिस प्रशासन बेहद सतर्क है। शनिवार को पुलिस अधीक्षक ने दुकानो का निरीक्षण कर सुरक्षा मानको को परखा है। इस दौरान उन्होने दुकानदारो को नियमो की अनदेखी न करने की भी नसीहत दी है।

दीपावली और दशहरा के त्योहार मे ज्यादा समय नही है जिसमे लोग बडी मात्रा में आतिशबाजी का इस्तेमाल करते है जिसकी बिक्री के लिए लाईसेंस लेना पडता है वर्तमान समय में नगर मे पांच दुकाने संचालित है जिन्हे बाजार सै दूर वन विभाग कार्यालय के पास नगरपालिका परिषद के बाजार मे मौजूद है जहां सुरक्षा मानको के साथ प्रशासन द्वारा उन्हे बिक्री की अनुमति दी गई है। शनिवार को इन्ही आतिशबाजी की दुकानो की हकीकत जानने के लिये पुलिस अधीक्षक डा दुर्गेश कुमार ने निरीक्षण किया इस दौरान उन्होने स्टाक के साथ सुरक्षा मानको को भी परखा और वहा पर अग्निशमन उपकरणो की उपलब्धता और उनकी बैधानिकता को भी जांचा हालाकि निरीक्षण मे उन्हे कुछ भी नहीं मिला है जो गलत हो फिर भी उन्होने दुकानदारो को आतिशबाजी की बिक्री नियमानुसार करने की नसीहत देकर मौके पर मौजूद इलाकाई पुलिस और अग्निशमन शमन विभाग के जिम्मेदारो को नजर रखने के निर्देश दिये है। इस दौरान सीओ अवधेश कुमार सिंह चौहान, कोतलाल परमहँस तिवारी, चौकी इंचार्ज टरननगँज सुरेश चंद्र सहित अन्य पुलिस बल मौजूद रहे।

## तीन लोगों पर हुई जिलाबदर की कार्रवाई

**उरई।** एसपी ने जिले से अपराध को मिटाने के लिए अपराधियों पर नकेल डालनी शुरू कर दी। जिसमें तीन लोगों के विरुद्ध जिलाबदर की कारवाई की गई। पुलिस अधीक्षक डा. दुर्गेश कुमार ने कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है और अपराधियों पर लगातार कार्रवाई कर रहे हैं, जिससे कि जिले में शांति व्यवस्था बनी रहे। इसको लेकर जिले के टापटेन तीन अपराधियों पर जिला बदर की कार्रवाई की गई। जिसमें अइया उर्फ शफीक निवासी आराजी लाइन कोंच, जीशान उर्फ सूरा निवासी आंबेडकर नगर कदौरा, रोहित कुमार निवासी ग्राम करमेर को जिला बदर किया गया है। इस अवधि में जिले में पकड़े जाने पर उनके विरुद्ध गुंडा एक्ट की कार्रवाई की जाएगी।

## सनातन धर्म सेना परिवार द्वारा संगठन विस्तार के तहत सौंपी गईं नई जिम्मेदारियां

जन एक्सप्रेस। महोबा

सनातन धर्म सेना परिवार का भव्य सदस्यता समारोह कुलपहाड़ में राष्ट्रीय अध्यक्ष रोहित तिवारी के नेतृत्व में संपन्न हुआ। समारोह में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर संगठन विस्तार के तहत नई जिम्मेदारियां सौंपी गईं। सनातन धर्म सेना परिवार के अरुण रावत को जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा नियुक्त किया गया। वहीं दीपेंद्र साहू को जिला युवा संगठन मंत्री, लक्ष्मण ठाकुर को जिला महामंत्री युवा मोर्चा तथा प्रवीन सक्सेना को जिला युवा मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई। इसके अतिरिक्त आशिष तिवारी को जिला उपाध्यक्ष हमीरपुर, धर्मेंद्र ठाकुर को जिला प्रभारी हमीरपुर, राजकिशोर कुशवाहा को जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा, हिमांशु द्विवेदी को जिला युवा संगठन मंत्री हमीरपुर, रवींद्र कुर्रा, आयुष साहू नगर मीडिया प्रभारी राठ, संजय पांचाल जिला युवा उपाध्यक्ष समेत अन्य पदाधिकारी नियुक्त किए गए। समारोह में उपस्थित कार्यकताओं ने संगठन को और मजबूत करने तथा समाज हित में कार्य करने का संकल्प लिया।

# भारतीय तीरंदाजी संघ में आईसीसी के अध्यक्ष पद पर सीमा पटनाहा सिंह की हुई नियुक्ति

जन एक्सप्रेस। महोबा



जिले के ग्राम बिलबई निवासी सीमा पटनाहा सिंह को भारतीय तीरंदाजी संघ (एएआई) में सबसे महत्त्वपूर्ण आंतरिक शिकायत समिति के अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया है । इस पद के लिए संघ में राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य या उसके समकक्ष महिला अधिकारी की योग्यता होनी चाहिए थी।

सीमा पटनाहा सिंह भारत की संवैधानिक परिषद बार कौंसिल ऑफ़ इंडिया में अनुशासन समिति की सदस्य है तथा सर्वोच्च न्यायालय में 12 साल से अधिक समय से एवं भारत सरकार एवं मध्य प्रदेश सरकार की आधिकारिक अधिवक्ता के पद पर पिछले 5 साल अधिक समय से कार्यरत है। भारतीय तीरंदाजी संघ (एएआई) द्वारा अधिसूचिना जारी की गई है कि यौन उत्पीड़न से संबंधित शिकायतों के निवारण हेतु आंतरिक समिति का पुनर्गठन कर दिया गया है, जो अपने अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी मामलों पर विचार एवं निस्तारण करेगी। यह अधिसूचना तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है। इस खबर से सीमा पटनाहा सिंह के ससुर प्रोफेसर मदन मोहन राजपूत पूर्व डीन बुंदेलखंड विश्वविद्यालय ने कहा कि यह उनके एवं परिवार के लिए बहुत ही गौरवमयी क्षण है। इस खबर से परिवार और क्षेत्र में खुशी की लहर है। इस समिति में अध्यक्ष के अलावा 5 सदस्य तरह 1 संयोजक होंगे, समिति के सदस्यों में द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता कोच, ओलंपिक एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ी शामिल हैं। आईसीसी को निम्नलिखित कार्यों एवं अधिकारों के लिए अधिकृत किया गया है द्य यौन उत्पीड़न से संबंधित सभी शिकायतों एवं प्रकरणों की सुनवाई करना तथा उपयुक्त निर्णय देना। प्राप्त औपचारिक शिकायतों की त्वरित, गंभीर एवं संवेदनशील जाँच करना। हितधारकों को निष्पक्ष एवं पक्षपात-रहित सहायता तंत्र उपलब्ध कराना, जिससे वह अपनी चिंताएँ एवं अभियोग प्रस्तुत कर सकें; साथ ही आगे की कार्यवाही के संबंध में परामर्श प्रदान करना। एएआई की नीतियों एवं प्रक्रियाओं का अनुपालन करना तथा प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का पालन सुनिश्चित करना ताकि दोनों पक्षों को अपना पक्ष रखने का निष्पक्ष अवसर प्राप्त हो। संपूर्ण प्रक्रिया के दौरान पूर्ण गोपनीयता बनाए रखना। प्रत्येक प्रकरण के तथ्यों के आलोक में निष्कर्ष निकालना तथा एएआई को उचित एवं अनुशंसित कार्रवाई के संबंध में अंतिम सिफारिश प्रस्तुत करना।

अध्यक्ष अधिवक्ता सीमा पटनाहा सिंह, अधिवक्ता भारत का सर्वोच्च न्यायालय बाह्य सदस्य, सदस्य के रूप में पूर्णिमा महतो, द्रोणाचार्य पुरस्कार प्राप्तकर्ता झारखंड, चेखोवोलू स्वुरो ओलंपियन तीरंदाज नगालैंड, गुनीचा देवी पूर्व प्रमुख तीरंदाज एवं वरिष्ठ कोच मणिपुर, रूमाह रॉय, पूर्व प्रमुख तीरंदाज एवं वरिष्ठ कोच पश्चिम बंगाल, आर. माइमुना अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह संयोजक को शामिल है। अमरिंदर सिंह बजाज़ चंडीगढ़ उपाध्यक्ष एएआई समिति की बैठकों के आह्वान तथा समस्त कार्यवाहियों के अभिलेख के संधारण के लिए उत्तरदायी रहेंगे।

## एआईएमआईएम पार्टी के पदाधिकारियों ने एडीएम सिटी को दिया ज्ञापन

जन एक्सप्रेस। अलीगढ़

ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी के जिला अध्यक्ष व महानगर अध्यक्ष तथा मजलिस के साथियों के साथ हजरत भूरे शाह बाबा साहब के मजार पर हिंदू समाज के असमाजिक लोगों द्वारा मजार की गुंबदों को तोड़कर, रेलिंग लगाने, मजार के दरवाजे पर ताला लगाने, दरगाह से नाम मिटाने, शिलापट्ट पर सफेदी कर अवैध रूप से कब्जा करने को लेकर जिलाधिकारी अलीगढ़ के नाम एक ज्ञापन अपर जिला अधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को दिया। मामले में अपर जिला अधिकारी व पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने शीघ्र ही जांच कर कार्यवाही का आदेश दिया।मामले में अपर जिला अधिकारी व पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने शीघ्र ही जांच कर कार्यवाही का आदेश दिया। इस मौके पर एआईएमआईएम पार्टी के जिला अध्यक्ष यामीन खान अब्बासी पूर्व पार्षद, महानगर अध्यक्ष बुंदू खान नेताजी, पूर्व जिला उपाध्यक्ष सलमान तूफानी, पूर्व विधान सभा उपाध्यक्ष अरशद अल्वी, पूर्व जिला सचिव गुलशेर अब्बासी, फैज मोहम्मद सिद्दीकी, वरिष्ठ नेता नत्थू खान, युवा प्रदेश महासचिव सलीम अब्बासी, युवा प्रदेश सचिव इरफान अब्बासी, युवा सचिव कलीम खान, रहीस अख्तर,वार्ड अध्यक्ष सलमान पहलवान, सलमान, सुलेमान घोसी, जाकिर, मोहम्मद शरिक, साहिब अल्वी आदि मौजूद रहे।

# झांसी में आयोजित होने वाली युवा मैराथन में युवा कार्यकर्ता पूरे जोश व उत्साह से लेंगे भाग

जन एक्सप्रेस। महोबा




भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में युवा मोर्चा की प्रभावी एवं जोशीली बैठक संपन्न हुई। बैठक के मुख्य अतिथि सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत जिला प्रवासी एवं युवा मोर्चा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष शिवेंद्र सिंह रहे। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष मोहनलाल कुशवाहा ने की तथा संचालन युवा मोर्चा के जिला महामंत्री प्रवेंद्र रघुवंशी द्वारा किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सत्येंद्र प्रताप, युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष संदीप तिवारी सहित सभी मंडल अध्यक्ष एवं युवा मोर्चा पदाधिकारी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि शिवेंद्र सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस 17 सितंबर के अवसर पर युवा मोर्चा 75 यूनिट रक्तदान कर इतिहास रचेगा।21 सितंबर को झांसी में आयोजित होने वाली युवा मैराथन में जिले के युवा कार्यकर्ता पूरे जोश व उत्साह से भाग लेंगे। सेवा पखवाड़ा के दूसरे चरण में प्रत्येक मंडल स्तर पर रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति समाज के लिए सबसे बड़ी ताकत है और मोदी जी के संकल्पों को पूरा करने में अग्रणी भूमिका निभाएगी।

भाजपा जिलाध्यक्ष मोहनलाल कुशवाहा ने अपने उद्बोधन में कहा कि सेवा पखवाड़ा का उद्देश्य मात्र कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज सेवा का एक महाअभियान है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को सेवा दिवस के रूप में मनाना भाजपा की संस्कृति है और युवा मोर्चा इस अभियान को जन-जन तक पहुँचाकर समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करेगा।

बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने सेवा पखवाड़ा को ऐतिहासिक और सफल बनाने का संकल्प लिया।

## पीआरडी जवानों को अब मिलेगा 20 लाख का दुर्घटना बीमा

जन एक्सप्रेस। अलीगढ़

सुरक्षा व्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले प्रान्तीय रक्षक दल के जवान अब निडर होकर अपनी ड्यूटी कर सकेंगे। ड्यूटी के दौरान कोई अनहोनी होने पर जवानों को बीस लाख की दुर्घटना बीमा प्रदान की जाएगी। इसके लिए युवा कल्याण विभाग ने एक्सिस बैंक के साथ समझौता किया है।इसके लिए युवा कल्याण विभाग ने एक्सिस बैंक के साथ समझौता किया है। प्रभारी जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी डॉ राष्ट्रवर्धन लोधी ने उक्त जानकारी देते हुए बताया है कि जिले में कुल 251 पीआरडी जवान कार्यरत हैं। जवानों की ड्यूटी थानों से लेकर यातायात संचालन और अन्य जगहों पर लगाई जाती है। अभी तक पीआरडी जवानों को कोई बीमा कवरेज नहीं था। काफी समय से जवान इसकी मांग कर रहे थे। कुल दिन पहले युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग के महानिदेशक और एक्सिस बैंक के बीच समझौता हुआ। इसके तहत पीआरडी जवानों को अब कई तरह की सुविधाएं मिलेंगी। उनका शून्य बैलेंस पर एक्सिस बैंक में वेतन खाता खोला जाएगा। साथ ही जवानों को बीस लाख की व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा और स्थाई दिव्यांगता कवर दिया जाएगा। उनके बच्चों की पढाई के लिए अलग से 08 लाख की सहायता राशि भी मिलेगी।

# राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के प्रदेश संगठन मंत्री के आगमन पर किया गया स्वागत

जन एक्सप्रेस। महोबा



राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद (रजि0) के प्रदेश संगठन मंत्री दिलीप श्रीवास्तव के प्रथम बार जनपद आगमन पर बुंदेलखंड प्रभारी आनन्द कुमार तिवारी अपनी टीम के साथ किडारी फाटक पहुंचे जहां प्रदेश संगठन मंत्री दिलीप श्रीवास्तव का फूल मालाओं के साथ अंग वस्त्र भेंटकर जोरदार स्वागत किया। पुष्पवर्षा कर प्रदेश संगठन मंत्री जिंदाबाद के गगनभेदी नारे लगाए गए। पूरा वातावरण उत्साह और जोश से सराबोर रहा। स्वागत समारोह में बुंदेलखंड प्रभारी आनन्द तिवारी ने प्रदेश संगठन मंत्री का अभिनंदन करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद और अधिक मजबूत होगा और पत्रकारों की सुरक्षा, सम्मान एवं अधिकारों के लिए एक सशक्त अभियान खड़ा होगा। इसके उपरान्त शहर के होटल हंड्रेड पाम में बैठक का आयोजन किया गया द्य जिसमें विभिन्न बिंदुओं पर प्रदेश संगठन मंत्री दिलीप श्रीवास्तव ने अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर टीम के वरिष्ठ पदाधिकारी जय प्रकाश द्विवेदी, अनुज तिवारी, नारायण सिंह बी0डी0 बंसल और अखिलेश कुमार चौबे विशेष रूप से मौजूद रहे। प्रदेश संगठन मंत्री दिलीप श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद पत्रकारों की आवाज़ है। हमारा कर्तव्य है कि हम पत्रकारों की समस्याओं को गंभीरता से सुनें और उनके समाधान के लिए हर स्तर पर प्रयास करें। पत्रकार लोकतंत्र का चौथा स्तंभ हैं और उनकी सुरक्षा परिषद की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने यह भी कहा कि बुंदेलखंड जैसे क्षेत्र में परिषद की सक्रियता और तेज़ी से बढ़ाई जाएगी ताकि किसी भी पत्रकार को अपने कर्तव्य निर्वहन के दौरान अकेला महसूस न करना पड़े। उन्होंने आगे कहा कि परिषद केवल औपचारिकता निभाने वाला संगठन नहीं बल्कि जन आवाज का प्रहरी है और यह तभी मजबूत होगा।

## पुलिस को मिली बड़ी सफलता, 44 किलो से अधिक कच्ची चांदी के साथ एक पकड़ा

जन एक्सप्रेस। उरई

कोतवाली पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी। एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार के निर्देश पर कोतवाली पुलिस टीम संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान नए कोंच बस स्टैंड के पास पुलिस ने एक टाटा पंच कार (वाहन संख्या यूपी-93 एजे-6316) को रोका। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें छिपाकर रखी गई करीब 44 किलो 550 ग्राम कच्ची चांदी बरामद हुई। जिस गाड़ी में चांदी बरामद हुई उसे शरद ताम्रकार पुत्र अनुराग ताम्रकार निवासी मोहल्ला गणेशजी जालौन चला रहा था।पुलिस ने जब उससे चांदी को लेकर कागज़ात मांगे मगर वह कोई दस्तावेज़ प्रस्तुत नहीं कर सका। मामले की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली पुलिस ने तुरंत राज्य वाणिज्य कर विभाग को सूचना दी। सूचना पर सहायक आयुक्त राज्य वाणिज्य कर सचल दल, ब्रजेश कुमार सरोज मौके पर पहुंचे और बरामद कच्ची चांदी की ईट को अपने सुपुर्द ले लिया।

# (सेवा पखवाडा)पंचायत व स्नातक निर्वाचन को लेकर भाजपा मंडल की बैठक सम्पन्न

जन एक्सप्रेस। अजनर (महोबा)




भारतीय जनता पार्टी मंडल की महत्वपूर्ण बैठक पंचायत एवं स्नातक निर्वाचन को लेकर मंडल कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने और अधिक से अधिक स्नातक मतदाता जोड़ने पर विशेष चर्चा की गई।

बैठक के मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष रबीन्द्र महेन्द्र रहे। इस अवसर पर किसान मोर्चा के जिला सह संयोजक संतोष कुमार गुप्ता, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश राजपूत तथा मंडल अध्यक्ष सुरेन्द्र राजपूत ने भी अपसने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने कहा कि पंचायत और स्नातक दोनों ही चुनाव पार्टी के !लिए बेहद अहम हैं। जीत सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को पूरी निष्ठा और सक्रियता से जुटना होगा। विशेषकर स्नातक निर्वाचन में मतदाता संख्या बढ़ाने पर जोर दिया गया। कार्यकर्ताओं से अपील की गई कि वे गांव-गांव और मोहल्लें में जाकर स्नातक युवाओं का पंजीकरण कराएं तथा उन्हें भाजपा की नीतियों और योजनाओं से अवगत कराएं।

जिला उपाध्यक्ष रबीन्द्र महेन्द्र ने कहा कि ÷भाजपा सरकार ने गांव, गरीब और किसानों के हित में कई योजनाएं संचालित की हैं। कार्यकर्ताओं का दायित्व है कि वे इन योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुँचाएं और संगठन को मजबूत करें।

वहीं मंडल अध्यक्ष सुरेन्द्र राजपूत ने कहा कि हर बूथ पर कार्यकर्ता सक्रिय रहकर मतदाता सूची बढ़ाने का काम करें। बूथ की मजबूती ही जीत की गारंटी है।

बैठक में यह भी तय किया गया कि शीघ्र ही मंडल और सेक्टर स्तर पर प्रशिक्षण शिविर आयोजित कर कार्यकर्ताओं को चुनावी रणनीति से अवगत कराया जाएगा।बैठक में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे और भाजपा को पंचायत व स्नातक दोनों ही चुनावों में विजय दिलाने का संकल्प लिया।

## ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत, बाल-बाल बचा पुत्र

जन एक्सप्रेस। उरई

कोतवाली क्षेत्र में महिला रेलवे क्रॉसिंग पार करते समय ट्रेन की चपेट में आ गई। जिससे उसकी मौत हो गई। जबकि इस हादसे में उसका पुत्र बाल-बाल बच गया। शहर के मोहल्ला रामनगर निवासी रविंद्र परिहार की वृद्ध मां गुलाब रानी 92 वर्ष अपने नाती प्रिंस 10 वर्ष के साथ रोज़ की तरह गुरुवार देर शाम को अजनारी रोड़ रेलवे क्रॉसिंग के उस पार देवी मंदिर में दर्शन को गई थी। जो कुछ ही देर बाद जब नाती प्रिंस के साथ वापस लौट रही थी। तभी रेलवे क्रासिंग पार करते समय वहां गुज़र रही मालगाड़ी की चपेट में आ गई जबकि नाती प्रिंस बाल-बाल बच गया। घटना से मौके पर हड़कंप मच गया और आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। मौजूद लोगों की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। मृतका के पुत्र रविंद्र ने बताया कि पिता लालाराम की मौत काफी समय पहले हो चुकी है।फिलहाल पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## स्मार्ट रोबोटिक्स से नी रिप्लेसमेंट अब होगा सुरक्षित और तेज़ रिकवरी वाला

जन एक्सप्रेस। आगरा

घुटनों का दर्द रोज़मर्रा की साधारण गतिविधियों जैसे चलना, सीढ़ियाँ चढ़ना या बिस्तर से उठना भी बेहद कठिन बना सकता है। जब दवाइयाँ और फिजियोथेरेपी असर करना बंद कर देती हैं, तब नी रिप्लेसमेंट ही एकमात्र विकल्प बनता है। लेकिन तकनीकी प्रगति के साथ अब रोबोटिक नी रिप्लेसमेंट ने इस सर्जरी को अधिक सुरक्षित, सटीक और तेज़ रिकवरी वाला बना दिया है। इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है माको स्मार्टरोबोटिक्स, जो नी और हिप रिप्लेसमेंट की प्रक्रिया को पूरी तरह बदल रहा है। माको एक रोबोटिक असिस्टेंट है, जो हाई प्रिसिशन के साथ सर्जरी की योजना बनाने और उसे अंजाम देने में मदद करता है। सर्जरी से पहले मरीज के घुटने की 3डी स्कैनिंग की जाती है, जिससे हड्डियों की संरचना और जोड़ की मूवमेंट्स के अनुसार एक व्यक्तिगत सर्जिकल प्लान तैयार किया जाता है। ऑपरेशन के दौरान रोबोटिक आर्म सर्जन को इम्प्लांट को सही स्थान पर लगाने में सहायता करता है। यह जानना महत्वपूर्ण है कि रोबोट खुद काम नहीं करता, बल्कि हर कदम पर सर्जन का पूरा नियंत्रण रहता है। मैक्स स्मार्ट सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, साकेत के आर्थोपेडिक्स एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट विभाग के चेयरमैन और रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट विभाग के चीफ डॉ. रमनीक महाजन, कि मैक्स स्मार्ट अस्पताल में एक विशेष अंडर वास्टस-कॉम्ब ओवर तकनीक का भी प्रयोग किया जाता है। यह एक मांसपेशी संरक्षित तकनीक है, जिसमें जांघ की बड़ी मांसपेशी (वास्टस) को काटने के बजाय उसके नीचे से रास्ता बनाया जाता है।

# सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस में डीएम एवं एसपी ने सुनीं शिकायतें, दिए निस्तारण के निर्देश

जन एक्सप्रेस। उरई




आमजनमानस की शिकायतों का निष्पक्ष समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शनिवार को जिले में सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान डीएम राजेश कुमार पाण्डेय एवं एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार ने कोतवाली थाना जालौन पहुंचकर फरियादियों की समस्याएं सुनीं और उनके निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतकर्ताओं द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्रों का निस्तारण गुणवत्ता एवं गुण-दोष के आधार पर किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के समाधान में पूर्ण पारदर्शिता होनी चाहिए, ताकि फरियादियों को बार-बार परेशान न होना पड़े। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसी अधिकारी द्वारा लापरवाही बरती गई तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि कोई भी मामला लंबित न रहे और प्रत्येक शिकायत का समाधान न्यायसंगत एवं निष्पक्ष रूप से किया जाए। जिलाधिकारी ने भूमि विवादों का समयबद्ध निस्तारण कराने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि शासन की प्राथमिकता जनता को शीघ्र न्याय उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण की नियमित समीक्षा की जाएगी और इस प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसपी ने थाना प्रभारियों को निर्देश दिए कि सभी छोटी-बड़ी शिकायतों को सूचीबद्ध कर एक रजिस्टर में दर्ज किया जाए और उनके समाधान की निर्धारित समय-सीमा तय की जाए। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेकर मौके पर जाकर निस्तारण सुनिश्चित करे, जिससे समस्याओं की पुनरावृत्ति न हो।

## माउंटेन ड्यू के नए पीईटी पैक को पेश करते हुए ऋतिक रोशन ने दिखाई साहस की अनूठी झलक

जन एक्सप्रेस। आगरा

पेप्सिको इंडिया के बोल्ड एवं फियरलेस बेवरेज ब्रांड माउंटेन ड्यू ने मात्र 20 रुपये में अपना नया 400 एमएल पीईटी पैक लॉन्च करने का एलान किया है। अनूठी लॉन्चिंग के साथ माउंटेन ड्यू ने अपने प्राइस-पैक आर्किटेक्चर को इस तरह विस्तार दिया है, जिससे डर के आगे जीत है की कंपनी की फिलॉसफी के मुताबिक बेहतर वैल्यू एवं एक्सेसिबिलिटी मिल सके। ब्रांड अपने प्रशंसकों को हर सिप के साथ साहस और रोमांच को गले लगाने के लिए प्रेरित करता रहेगा।

इस लॉन्चिंग के मौके पर माउंटेन ड्यू ने रोमांच से भर देने वाले टीवीसी कैंपेन का भी अनावरण किया है। इसमें सेलेब्रिटी ब्रांड एंबेसडर ऋतिक रोशन नजर आए हैं। इस फिल्म का निर्देशन प्रतिष्ठित फिल्म निर्माता अली अब्बास जफर ने किया है। रोमांच से भर देने वाली इस विज्ञापन फिल्म में ऋतिक रोशन एक आउटडोर एडवेंचर करते नजर आएंगे, जिसमें वह प्राकृतिक बाधाओं का सामना करेंगे। सस्पेंस के बीच वह डर को महसूस करते हैं और फिर साहस के साथ छलांग लगा देते हैं और एक बार फिर साबित करते हैं कि 'डर के आगे जीत है'। इस फिल्म में ऋतिक रोशन का निडर व्यक्तित्व नजर आता है, साथ ही साहस और जीत की माउंटेन ड्यू की फिलॉसफी भी जीवंत हो उठती है, जिसमें ब्रांड की नई बोल्ड ऑफरिंग को स्पॉटलाइट में दिखाया जाता है, जिसके तहत 20 रुपये में 400 एमएल के पीईटी पैक की पेशकश की गई है।

इस कैंपेन को लेकर ऋतिक रोशन ने कहा, डर का सामना हम सब करते हैं, लेकिन हमारी पहचान हमारे साहस से होती है।

# टाटा नमक भी डुप्लीकेट: गोदाम से 3.43 क्विंटल नकली बरामद, गोरखपुर में खपाने की थी तैयारी

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**



इससे कंपनी को लाखों रुपये का नुकसान हो रहा है। गोपनीय सूचना के आधार पर कंपनी के कर्मचारियों ने जब छानबीन शुरू की तो पता चला कि मिर्जापुर इलाके में एक दुकान से नकली माल बाजार में भेजा जा रहा है। इसके लिए कंपनी के नाम से नकली रैपर छपवाए गए हैं जिसमें साधारण उत्पाद भरा होता है। कंपनी के विश्वास पर लोग इसे खरीदते हैं लेकिन सामान की गुणवत्ता खराब होती है। इससे कंपनी की साख प्रभावित हो रही है।
धंधेबाजों ने टाटा ब्रांड वाले नमक को भी नहीं छोड़ा है। साधारण नमक को ब्रांडेड रैपर में भरकर बेचा जा रहा है। शुक्रवार को राजघाट थाना क्षेत्र के मिर्जापुर इलाके में टाटा ब्रांड का डुप्लीकेट नमक तैयार किए जाने की सूचना पर पुलिस और कंपनी की टीम ने छापा मारा।
यहां एक दुकान के गोदाम में 3.43 क्विंटल नमक मिला। इसके नकली होने की आशंका है। टीम को टाटा की चायपत्ती और फेवीक्विक के रैपर भी मिले हैं। बरामद सारा माल पुलिस थाने ले गई। टाटा कंपनी के लीगल एडवाइजर प्रभात कुमार गुप्ता ने बताया कि ब्रांडेड कंपनी के नकली रैपर में नमक और चायपत्ती पैक कर बाजार में सप्लाई करने की सूचना मिल रही थी।
इससे कंपनी को लाखों रुपये का नुकसान हो रहा है। गोपनीय सूचना के आधार पर कंपनी के कर्मचारियों ने जब छानबीन शुरू की तो पता चला कि मिर्जापुर इलाके में एक दुकान से नकली माल बाजार में भेजा जा रहा है। इसके लिए कंपनी के नाम से नकली रैपर छपवाए गए हैं जिसमें साधारण उत्पाद भरा होता है।
कंपनी के विश्वास पर लोग इसे खरीदते हैं लेकिन सामान की गुणवत्ता खराब होती है। इससे कंपनी की साख प्रभावित हो रही है। उन्होंने बताया कि मामले की सूचना एसएसपी राजकरन नय्यर को दी गई। इसके बाद राजघाट पुलिस और कंपनी के प्रतिनिधियों की टीम ने संयुक्त रूप में छापा मारा। टीम को मौके से 3.43 क्विंटल नकली नमक बरामद हुआ। इसके अलावा टाटा चायपत्ती व फेवीक्विक के रैपर मिले। कार्रवाई के दौरान दुकानदार भाग निकला। इस संबंध में थाना प्रभारी सदानंद सिन्हा ने बताया कि बरामद माल को जब्त कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। आरोपियों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## संपत्ति के विवाद में की गई थी रमेश की हत्या, तीन हिरासत में

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

खामपार खटीक टोला में एक दिन पहले हुई रमेश प्रसाद खटीक की हत्या के मामले में पुलिस ने पत्नी मंजू देवी की नामजद तहरीर पर चार लोगों पर हत्या का केस शुक्रवार को दर्ज कर लिया। वारदात में शामिल तीन आरोपियों को पुलिस ने उसी दिन हिरासत में ले लिया था। आरोपियों में शामिल ग्राम मिस्कार चक निवासी एक शख्स की पहचान नहीं हो सकी है। वह फरार है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से हत्या की पुष्टि हुई है। हत्या का कारण संपत्ति विवाद बताया जाता है। जानकारी के अनुसार, ग्राम खामपार खटीक टोला निवासी रमेश प्रसाद खटीक की एक दिन पहले भाटपाररानी-चिंगारी मार्ग पर फफेलिया मोड़ के पास हत्या कर दी गई थी। सुबह शव देख लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी थी। पुलिस ने पत्नी मंजू देवी की नामजद तहरीर पर चार लोगों पर हत्या का केस दर्ज कर लिया है। इसमें तीन शैलेश, मिथुन, लहरा निवासी खानपर खटीक टोला को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

# रोटरी क्लब की मासिक बैठक सम्पन्न छह बिंदुओं पर बनी सहमति



**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**

- प्लास्टिक के प्रयोग से होने वाले दुसप्रभाव पर जाताई गई चिंता
- नवंबर में फ्री मेडिकल कैंप का होगा आयोजन-विन्ध्यवासनी सिंह

रोटरी क्लब की मासिक बैठक चार्टर्ड अध्यक्ष विंध्यवासिनी सिंह, अध्यक्ष दिग्विजय सिंह एवं सचिव विनोद गुप्ता के नेतृत्व में सम्पन्न हुई। दीप प्रज्वलन व राष्ट्रगान से शुरू हुई बैठक में दो नए सदस्यों में धनंजय सिंह (प्राचार्य, जीएसबीएस इंटर कॉलेज) एवं प्रभव मिश्रा को पिन व सम्मान पट्टिका पहनाकर सम्मानित किया गया।
सचिव विनोद गुप्ता ने छह एजेंडों पर चर्चा की, जिसमें नए डायरेक्टर्स टीम की घोषणा, इंटरसिटी मीट इलाहाबाद में सहभागिता, वर्ष 2027-28 के अध्यक्ष पद की घोषणा तिथि, 2 अक्टूबर को गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण, सिसवा क्षेत्र में फ्री मेडिकल कैंप तथा कपड़े के थैलों के वितरण कार्यक्रम को सर्वसम्मति से पारित किया गया। विंध्यवासिनी सिंह ने नवंबर में दूरदराज के गांवों में फ्री मेडिकल कैंप कराने का सुझाव दिया। पूर्व सचिव डॉ. कृष्णा साहनी ने सभी रोटेरियन को प्लास्टिक का प्रयोग न करने की शपथ दिलाई।
बैठक में क्रिकेट मैच का भी प्रस्ताव रखा गया, जिसे सहमति मिली। ए टीम की कप्तानी डॉ. डी.के. साहनी और बी टीम की कप्तानी डॉ. हेमंत श्रीवास्तव करेंगे। बैठक में कोषाध्यक्ष मोहित मदन मद्धेशिया, डॉ. ए.बी. त्रिपाठी, डॉ. जैनुल आबेदीन, डॉ. अमित हालदार सहित बड़ी संख्या में रोटेरियन मौजूद रहे।

# डिसेंट हॉस्पिटल में इंश्योरेंस ठगी: डॉक्टर के पास थी डिग्री, और खुद को बताता था सर्जन

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

इस पूरे खेल में अस्पताल का मैनेजर ताहिर खान भी बराबर का भागीदार निकला। जांच में पुलिस को पता चला कि ताहिर, डिसेंट हॉस्पिटल के संचालक शमशुल कमर का छोटा भाई है। वह इंश्योरेंस एजेंटों के सीधे संपर्क में रहता था और क्लेम पास कराने की पूरी प्रक्रिया को मैनेज करता था। अस्पताल के कागजात तैयार कराने से लेकर फर्जी मरीजों को दाखिल दिखाने तक का जिम्मा उसी के पास था।
रामगढ़ताल थाना क्षेत्र स्थित डिसेंट हॉस्पिटल में 1.20 करोड़ रुपये की इंश्योरेंस ठगी के मामले में पुलिस ने शुक्रवार को आयुष डॉक्टर अफजल अंसारी और अस्पताल के मैनेजर ताहिर खान को गिरफ्तार कर जेल भिजवा दिया।
ताहिर खान अस्पताल संचालक गेंहुआसागर निवासी शमशुल कमर का छोटा भाई है। वहीं गिरफ्तार डॉक्टर खुद को सर्जन बताते हुए बीमा क्लेम की फाइलों पर हस्ताक्षर करता था जबकि उसके पास आयुष की डिग्री है।
इससे पहले बुधवार को पुलिस ने डिसेंट अस्पताल के संचालकों गेंहुआसागर निवासी शमशुल कमर और कोतवाली के मेवातीपुर निवासी प्रवीण त्रिपाठी को जेल भिजवा दिया था।
मामले की विवेचना कर रहे एसओ रामगढ़ताल थाना नितिन रघुनाथ श्रीवास्तव ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी डॉ. अफजल अंसारी गगहा के नर्रे बुजुर्ग का रहने वाला है। उसके पास केवल आयुष की डिग्री थी लेकिन वह खुद को एमबीबीएस सर्जन बताता था।
उन्होंने बताया कि जांच में पता चला कि अस्पताल में भर्ती दिखाए गए फर्जी मरीजों की फाइलों पर वहीं हस्ताक्षर करता था। इन हस्ताक्षरों के आधार पर बीमा कंपनियों से क्लेम पास होते थे। पुलिस के मुताबिक, डॉक्टर अफजल अंसारी लंबे समय से इस फर्जीवाड़े में शामिल था। वह बीमा एजेंटों और अस्पताल प्रबंधन से मिलीभगत कर लाखों रुपये का हेरफेर कर रहा था।
नौ सितंबर 2025 को बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस कंपनी के अधिकारियों ने गोरखपुर पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि डिसेंट हॉस्पिटल और एपेक्स हॉस्पिटल में फर्जी मरीज भर्ती कराकर क्लेम की रकम निकाली जा रही है। जांच में सामने आया कि बीमाधारकों के फर्जी दस्तावेज बनाए गए।
फिर उनके बैंक खाते खुलवाकर क्लेम के एक करोड़ 80 लाख 672 रुपये निकाल लिए गए। बीमा कंपनी के अधिकारियों की जांच में पता चला कि जिस एपेक्स हॉस्पिटल में मरीजों को भर्ती दिखाया गया था, वह अस्तित्व में ही नहीं है।

## मर्चेंट नेवी में नौकरी दिलाने के नाम पर नौ युवकों से 20 लाख रुपये ठगे

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

क्षेत्र के नौ बेरोजगार युवकों को मर्चेंट नेवी में नौकरी दिलाने के नाम पर 20 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। ठगी करने के आरोपी ने रुपये मांगने पर पीड़ितों को फर्जी चेक थमा दिया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दे रहा। पीड़ितों ने बृहस्पतिवार को कोतवाली में ठगी करने के आरोपी विष्णु राजभर पर केस दर्ज कराया। वह गोरखपुर जिले के चौरीचौरा थाना क्षेत्र के सरदारनगर के सुकई जोधपुर गांव का रहने वाला है।
जानकारी के अनुसार, लक्ष्मीपुर गांव निवासी राजू अली ने पुलिस तहरीर देकर बताया कि दो साल पहले उसकी मुलाकात मुंबई में गोरखपुर जिले के सरदारनगर के सुकई जोधपुर गांव निवासी विष्णु राजभर से हुई। उसने खुद को विदेश में नौकरी दिलाने का एजेंट बताकर झांसे में ले लिया।

# विश्व हिंदू महासंघ ने किया श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**



घुघली नगर स्थित ग्राम सभा जोगिया ब्रह्मस्थान मठ पर शनिवार को विश्व हिंदू महासंघ महराजगंज इकाई की ओर से महंत अवैद्यनाथ जी की 11वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में बड़ी संख्या में पदाधिकारी, कार्यकर्ता और क्षेत्रीय नागरिक शामिल हुए।
सभी ने महंत जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति मौजूद रहे। मंच संचालन जिला प्रभारी महंथ बालक दास ने किया। श्रद्धांजलि सभा की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार और दीप प्रज्वलन के साथ हुई।
मुख्य अतिथि भिखारी प्रजापति ने कहा कि महंत अवैद्यनाथ जी ने अयोध्या आंदोलन से लेकर समाज के वंचित वर्गों के उत्थान तक सदैव अग्रणी भूमिका निभाई। वे हिंदू समाज को संगठित करने वाले महान संत थे, जिनकी स्मृतियां हमेशा प्रेरणा देती रहेंगी।
जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह ने कहा कि महंत अवैद्यनाथ जी का पूरा जीवन हिंदुत्व, राष्ट्रवाद और समाजसेवा को समर्पित रहा। उनके आदर्शों को अपनाकर संगठन को और मजबूत करना हमारी जिम्मेदारी है। जिला प्रभारी महंथ बालक दास ने कहा कि महंत जी ने युवाओं को सदैव धर्मपथ पर चलने के लिए प्रेरित किया।
इस मौके पर प्रदेश मंत्री राजन जायसवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष दिग्विजय किशोर साही, मंडल प्रभारी बृजेश तिवारी, गौ जिलाध्यक्ष रामबचन चौहान, धर्माचार्य जिलाध्यक्ष श्याम विहारी, जिला उपाध्यक्ष अनुराग श्रीवास्तव, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता, जिला महामंत्री अभय प्रताप सिंह, जिला मीडिया प्रभारी शैलेश यादव, अधिवक्ता प्रोकास्ट आलोक तिवारी समेत अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। श्रद्धांजलि सभा के अंत में संगठन को मजबूत करने और हिंदू समाज की एकता के लिए कार्य करने का संकल्प लिया गया।

# मियाद 30 दिन...पांच माह बाद भी नहीं मिल रहा जन्म प्रमाणपत्र

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**



डीएम की सख्ती के बाद भी जन्म प्रमाण पत्र बनवाने को लेकर लोगों की परेशानी कम नहीं हो रही है। हालत यह है कि जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के लिए चार से पांच माह से एक हजार से ज्यादा आवेदक ब्लॉक व तहसील कार्यालयों के चक्कर लगा रहे हैं। कर्मचारियों की हीलाहवाली व अधिकारियों की उदासीनता के कारण जन्म प्रमाण पत्र के आवेदक अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। सबसे ज्यादा लापरवाही तहसील स्तर के कर्मचारियों की ओर से बरती जा रही है, ब्लॉक से प्रमाण पत्र के कागजात तहसील भेजने के बाद कई-कई महीनों तक न तो प्रमाण पत्र बन पाता है और न ही अभिभावकों को सही जानकारी दी जाती है। जिले के 14 ब्लॉकों व छह तहसीलों में कुल 1000 से अधिक आवेदन लंबित पड़े हैं। शासन के नियमों के अनुसार ग्रामीण क्षेत्र में जन्मे बच्चों के जन्म प्रमाण के लिए ब्लॉक में आवेदन करना होता है, जबकि निकाय क्षेत्र में जन्मे बच्चों के प्रमाण पत्र के लिए संबंधित निकाय में आवेदन किया जाता है।
ब्लॉक स्तर के आवेदन तहसील व निकाय के आवेदन सिटी मजिस्ट्रेट के यहां भेजे जाते हैं। यहां से सत्यापन के बाद यह प्रपत्र फिर से ब्लॉक आते हैं और संबंधित व्यक्ति को दे दिए जाते हैं। इस प्रक्रिया में लगभग एक माह का समय लग जाता है, लेकिन अधिकारियों की उदासीनता के चलते कई माह से जिले में विभिन्न तहसीलों व ब्लॉकों में आवेदन लंबित पड़े हैं। आवेदक ब्लॉक मुख्यालय के चक्कर काट रहे हैं।
कई आवेदक तहसील के चक्कर लगाते हैं। इस काम के लिए चार से पांच माह तक का समय लग जा रहा है। कई आवेदक थक हारकर बैठ जाते हैं। इसके बावजूद विभागीय कर्मचारियों की कार्य प्रणाली में सुधार नहीं आ रहा है। सदर ब्लॉक में मिले शिवपुर के रमेश जायसवाल ने बताया कि वे अपने बेटे का जन्म प्रमाण पत्र के लिए करीब तीन माह पहले आवेदन किया था। ब्लॉक कार्यालय में बताया गया कि उनका आवेदन तहसील भेज दिए गए है। लगभग छह महीने बीतने को है, लेकिन प्रमाण पत्र नहीं मिल सका। किसी भी कार्यालय का कोई भी कर्मचारी सही जानकारी तक नहीं देता है।

## दिव्यांगों ने की आवास की मांग, सौंपा पत्रक

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

कप्तानगंज ब्लॉक क्षेत्र ग्राम सभा मंसूरगंज निवासी एक युवती समेत दिव्यांग युवकों ने बीडीओ को शिकायती पत्र दिया है। उन्होंने आवास नहीं मिलने की शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। गांव की बंदना, सुभाष, सत्यपाल और शैलेंद्र पांडेय कप्तानगंज बीडीओ को दिए गए शिकायती पत्र में कहा कि वे दिव्यांग हैं। इसके बावजूद उन्हें आवास, शौचालय और पेंशन जैसी सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। इसके लिए कई बार ग्राम प्रधान समेत अन्य अधिकारियों को मांग पत्र दिया गया है, लेकिन उन्हें हर बार आश्वासन ही मिलता है।

# साक्ष्य संकलन में उलझी पुलिस... जांच का दायरा भी बढ़ा

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

चर्चित डीजे संचालक हीरालाल शर्मा की हत्या की गुत्थी सुलझाने के करीब पहुंची पुलिस पत्नी के बयानों और मोबाइल से मिले साक्ष्य में अंतर मिलने के बाद फिर उलझ गई है, जो भी तथ्य अब सामने आए हैं, उसे साबित करने के लिए पुलिस साक्ष्य संकलन करने में जुटी है। पुलिस किसी ठोस नतीजे पर नहीं पहुंच पाई है। मर्डर मिस्ट्री सुलझाने में पुलिस की जांच का दायरा बढ़ गया है। वहीं वारदात के पर्दाफाश में देरी से पुलिस की कार्यशैली पर पत्नी सवाल खड़ा करने लगी है।
तरकुलवा थाना क्षेत्र के बंजरिया गांव निवासी डीजे संचालक हीरालाल शर्मा 9 अगस्त की रात को बाइक से घर से निकला था, मगर घर नहीं लौटा। दूसरे दिन सुबह उसका शव गांव के बाहर एक निजी स्कूल के पास धान के खेत में मिला।
मौके पर एसपी विक्रांत वीर भी पहुंचे थे। मौके पर पत्नी ने पुलिस को बताया था कि पति के मोबाइल पर किसी का फोन आया और वह घर पर मोबाइल छोड़कर चले गए। कुछ घंटे बाद पुलिस महिला से पति का मोबाइल जांच के लिए मांगा और संबंधित नंबर से आए फोन के बारे में पूछा तो पत्नी अपनी बात से पलट गई और बताया कि मिस्ड कॉल आया था, जो मोबाइल से डिलीट हो गया है।
डीजे संचालक के मोबाइल से पुलिस ने करीबियों को ट्रेस किया और वारदात से कुछ घंटे पहले बात करने वालों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पता चला कि डीजे संचालक और उसकी पत्नी के बीच रुपये को लेकर विवाद हुआ था। इसके बाद पुलिस अलग-अलग दिनों में डीजे संचालक की पत्नी से पूछताछ की, लेकिन उसका बार-बार बयान बदलता रहा।
पुलिस को जांच के दौरान डीजे संचालक के मोबाइल से कई क्लू मिले, जिस पर पुलिस ने काम किया, इसके बाद महिला से संपर्क पुलिस ने किया तो उसकी बात जांच के क्रम में मिले साक्ष्य के विपरित निकला। अब पुलिस पत्नी से से मिली जानकारी के आधार पर जांच शुरू की है। इससे जांच का दायरा बढ़ गया है और साक्ष्य संकलन में पुलिस उलझ गई है। हत्या के खुलासे में देरी की वजह से ग्रामीण अब पुलिस की जांच प्रक्रिया पर सवाल उठाने लगे हैं।

# पीड़ित परिवार से मिला सपा का प्रतिनिधिमंडल, आंदोलन की चेतावनी

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

15 दिन पहले एक युवक की प्रताड़ना से आहत होकर नगर की एक युवती ने खुदकुशी कर ली थी। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर लिया, मगर आरोपी की गिरफ्तारी नहीं कर सकी।
इस मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर सपा का 16 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल शुक्रवार को पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उन्हें न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया। परिवार के लोगों ने आरोपी को गिरफ्तार करने मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने आश्वस्त किया की यदि 14 सितंबर तक गिरफ्तारी नहीं होती है तो 15 सितंबर को कोतवाली गेट पर धरना-प्रदर्शन करते हुए सड़क जाम किया जाएगा।
इस मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर सपा का 16 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल शुक्रवार को पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उन्हें न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया। परिवार के लोगों ने आरोपी को गिरफ्तार करने मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने आश्वस्त किया की यदि 14 सितंबर तक गिरफ्तारी नहीं होती है तो 15 सितंबर को कोतवाली गेट पर धरना-प्रदर्शन करते हुए सड़क जाम किया जाएगा।
सपा अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष व्यासजी गोंड़ ने कहा कि भाजपा सरकार में अनुसूचित जाति के साथ अन्याय हो रहा है। युवती को खुदकुशी किए 14 दिन बीत जाने के बाद भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई। सुल्तानपुर के सांसद रामभुआल निषाद ने कहा कि पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए पार्टी ने कमर कस ली है।
सलेमपुर के सांसद रमाशंकर राजभर ने कहा कि गिरफ्तारी न होने पर सपा 15 सितंबर को धरना देते हुए सड़क जाम करेगी। पूर्व विधायक मनबोध प्रसाद ने कहा कि14 सितंबर तक आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होती है तो सपा कार्यकर्ता सड़क पर उतरने को मजबूर होंगे।
प्रतिनिधिमंडल में रवि गोंड़ बड़कू, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सोलंकी, महेंद्र पाल पिंटू, पूर्व विधायक आशुतोष उपाध्याय, गजला लारी, स्वामी नाथ यादव, सुनील यादव, आलोक यादव, रंजना भारती शामिल रहीं।

## ग्रामीणों को दी विकास योजनाओं की जानकारी

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

सेवरही ब्लॉक के सलेमगढ़ सचिवालय परिसर में शुक्रवार को चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में जिले से नामित अधिकारियो के मौके पर उपस्थित नहीं होने के कारण समस्या लेकर आए फरियादी निराश हो लौट गए। अंत में सचिव ने लोगों की समस्याएं सुनी व अधिकारियों तक आवेदन पहुंचाने का अश्वासन दिया। सचिव अखिलेश सिंह ने सरकार के लाभकारी योजनाओ वृद्धा, निराश्रित व दिव्यांश पेंशन और कन्या सुमंगला योजना, किसान सम्मान निधि,राशन कार्ड, आवास, स्वच्छता मिशन तथा मतदाता पुनरीक्षण सहित अन्य योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए समाधान का आश्वासन दिया।

# ई-रिक्शा और टेंपो के संचालन पर रोक की मांग

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**



जटहा बाजार क्षेत्र के प्राइवेट बस मालिकों ने शुक्रवार को जटहा बस स्टैंड पर प्रदर्शन किया। आरोप लगाया कि अवैध रूप से यहां ई-रिक्शा और टेंपो संचालित हो रहे हैं। इसे लेकर विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। बस मालिकों ने चेतावनी दी कि यदि दो-तीन दिनों के भीतर जांच कर कार्रवाई नहीं की गई तो जटहा-पडरौना मार्ग पर बसें खड़ी कर रोड जाम किया जाएगा। इसकी पूरी जिम्मेदारी परिवहन विभाग की होगी। बस मालिकों का आरोप है कि करीब दस दिन पहले एआरटीओ को लिखित शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग किया गया था। विभाग की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। उन्होंने बताया कि जटहा-पडरौना मार्ग पर टेंपो और ई-रिक्शा के संचालन की अनुमति नहीं है। इसके बावजूद सैकड़ों तीन पहिया वाहन अवैध रूप से सवारी ढो रहे हैं। बस मालिकों ने कहा कि ये वाहन बसों के आगे-पीछे खड़े होकर यात्रियों को बैठा लेते हैं। करीब 22 किलोमीटर दूरी तय कर उन्हें पहुंचाते हैं। तीन पहिया होने के कारण आए दिन छोटे-बड़े हादसे भी होते रहते हैं।

# दिनदहाड़े चोरी से दहला इलाका! गौर थानाध्यक्ष बने नाकामी का प्रतीक





**जन एक्सप्रेस। बस्ती**

बस्ती जनपद का गौर थानाक्षेत्र इन दिनों अपराधियों का अड्डा बनता जा रहा है। हालात ऐसे हो चुके हैं कि अब न तो दिन सुरक्षित है और न ही रात। कभी अंधेरे में चोरी की घटनाएं होती थीं, लेकिन अब अपराधियों का मनोबल इतना बढ़ गया है कि वे दिनदहाड़े खुलेआम वारदातों को अंजाम देने लगे हैं। सरदहा शुक्ल गांव में मुस्तफा के घर हुई डकैती ने पूरे इलाके को दहला दिया है। घर के दरवाजे खुले थे, लोग आसपास मौजूद थे, लेकिन अपराधियों को किसी का डर नहीं रहा। वे आए, लूटपाट की और बगैर किसी खौफ के फरार हो गए। इस घटना ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि गौर थानाध्यक्ष पूरी तरह नाकाम साबित हुए हैं और उनके रहते अपराधियों को खुली छूट मिली हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि थाने से लेकर जिले तक पुलिस सिर्फ बयानबाजी और कागजी कार्रवाई करने तक सीमित है। घटना के बाद थानाध्यक्ष मौके पर जरूर पहुंचते हैं, फोटो खिंचवाते हैं, मीडिया में बयान देते हैं, लेकिन अपराधियों को पकड़ने और अपराध पर अंकुश लगाने में उनकी कोई गंभीरता नजर नहीं आती। यही वजह है कि गौर क्षेत्र में अपराधियों का आतंक इस कदर फैल गया है कि लोग अपने ही घरों में सुरक्षित महसूस नहीं कर रहे। बच्चे और महिलाएं डरे-सहमे रहते हैं, लोग रातभर जागकर पहरा देने को मजबूर हैं। गौर थानाक्षेत्र में अपराधियों का यह बढ़ता हौसला कहीं न कहीं पुलिस और थाना अध्यक्ष की ढिलाई का ही परिणाम है। अगर समय रहते पुलिस ने सख्ती दिखाई होती, अपराधियों की धर-पकड़ की गई होती और सक्रिय गश्त किया जाता, तो शायद हालात इतने भयावह न होते। लेकिन आज स्थिति यह है कि अपराधियों का नेटवर्क गांव-गांव तक फैल चुका है और पुलिस उनके सामने बेबस दिखाई देती है। सरदहा शुक्ल की घटना केवल एक उदाहरण है, लेकिन यह पूरे सिस्टम की पोल खोलती है। पुलिस प्रशासन के रवैये ने यह संदेश दे दिया है कि अपराधियों को पकड़ने से ज्यादा आसान काम कागज पर आंकड़े दिखाना है। नतीजा यह है कि जनता भय के साये में जी रही है और अपराधी चैन की नींद सो रहे हैं। यही कारण है कि लोग आज खुलकर कहने लगे हैं कि थानाध्यक्ष अपराधियों के हमदर्द बन चुके हैं, जनता के नहीं।

### पूरे जिले में चोरों का बोलबाला?

यह केवल गौर थानाक्षेत्र का हाल नहीं है। पूरा बस्ती जनपद आज अपराध की गिरफ्त में है। कहीं घरों में ताले टूट रहे हैं, कहीं राहगीरों से मोबाइल और नकदी छीनी जा रही है। दुकानों में चोरी आम हो चुकी है। बाग-बगीचों से पंपिंग सेट और तारें तक चोरी हो जा रही हैं। ग्रामीण बताते हैं कि पिछले एक दशक से जिले में अपराध का ग्राफ लगातार ऊपर जा रहा है। पुलिस हर बड़ी घटना के बाद आश्वासन देती है कि जल्द खुलासा करेंगे, लेकिन नतीजा हमेशा ढाक के तीन पात निकलता है। जनता अब यह मानने लगी है कि पुलिस अपराधियों से मिली हुई है, तभी तो अपराध रुकने का नाम नहीं ले रहे।

### पुलिस के खिलाफ जनता का बढ़ता गुस्सा!

सरदहा शुक्ल गांव में हुई डकैती के बाद ग्रामीणों ने एकत्र होकर पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उनका कहना था कि गौर थानाध्यक्ष न तो गश्त करते हैं और न ही अपराधियों की धर-पकड़ के लिए ठोस कदम उठाते हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि थानाध्यक्ष अपराधियों से सांठगांठ करके उन्हें खुला छोड़ रहे हैं। महिलाओं ने बताया कि अब उन्हें अपने ही घर में चैन की नींद नसीब नहीं होती। लोग बच्चों को बाहर भेजने में डरने लगे हैं। शादी-ब्याह और तीज-त्योहार जैसे अवसरों पर लोग घर से बाहर जाने में हिचकते हैं, क्योंकि उन्हें भरोसा नहीं कि वापस आने तक उनका घर सुरक्षित मिलेगा या नहीं।

### प्रशासन पर गंभीर सवाल?

जनता अब खुलेआम सवाल पूछ रही है कि जब पुलिस ही अपराध रोकने में नाकाम है तो फिर प्रशासन किसलिए है? क्या पुलिस का काम केवल फोटो खिंचवाना और बयान देना है? जब जनता खुद चौकीदार बनकर पहरा दे रही है, तो फिर थाने और पुलिस चौकियों का क्या औचित्य रह गया है? ग्रामीणों ने साफ चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही गौर थाना अध्यक्ष के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई और अपराधियों को गिरफ्तार नहीं किया गया, तो वे सड़क पर उतरकर उग्र आंदोलन करेंगे। उनका कहना है कि अब धैर्य जवाब दे रहा है।

### अपराधियों का संगठित नेटवर्क!

जानकार बताते हैं कि गौर और आसपास के क्षेत्रों में एक संगठित गिरोह सक्रिय है, जो चोरी और डकैती की घटनाओं को अंजाम देता है। यह गिरोह पुलिस की नाकामी का पूरा फायदा उठा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि थानाध्यक्ष इस नेटवर्क पर नकेल कसने की जगह मौन साधे बैठे हैं। अगर यही हाल रहा तो जनता का पुलिस से विश्वास पूरी तरह खत्म हो जाएगा और लोग अपने ही दम पर कानून हाथ में लेने को मजबूर हो जाएंगे। तब पुलिस और प्रशासन के पास कोई बहाना नहीं बचेगा।

### गौर पुलिस की नाकामी से अपराधियों के हौसले बुलंद!

सरदहा शुक्ल गांव में हुई डकैती ने न सिर्फ गौर थाना अध्यक्ष की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिए हैं, बल्कि पूरे पुलिस प्रशासन को कटघरे में खड़ा कर दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि अपराधी पुलिस से नहीं, बल्कि पुलिस अपराधियों से डरती है। यही वजह है कि घटनाएं होती रहती हैं और पुलिस महज बयान देकर कर्तव्य की इतिश्री मान लेती है। थाने का आलम यह है कि दर्जनों ऐसी घटनाएं लंबित हैं, जिनका कोई खुलासा आज तक नहीं हो पाया। पीड़ित लगातार दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं, लेकिन पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी है। ग्रामीण तंज कसते हैं कि पुलिस से ज्यादा सक्रिय तो चोर हैं, क्योंकि वे रोज काम पर निकलते हैं और पुलिस आराम से कुर्सी पर बैठकर वक्त काटती है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव पेड़ से लटका मिला, आत्महत्या या हत्या



**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जलालपुर थाना क्षेत्र के पुरेव बैदा गांव में उस वक्त सनसनी फैल गई जब गांव के ही निवासी शिव कुमार राजभर, पुत्र अशोक बाबा, का शव उनके घर से कुछ दूरी पर एक पेड़ से लटकता हुआ पाया गया। इस घटना ने पूरे गांव को स्तब्ध कर दिया है। शव को देखने के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने हत्या की आशंका जताई है।

वहीं, पुलिस प्रारंभिक जांच में इसे आत्महत्या मान रही है। सुबह सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और सभी पहलुओं को ध्यान में रखा जा रहा है।

### परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

मृतक के भाई और अन्य परिजनों का कहना है कि शिव कुमार का किसी से कोई विवाद नहीं था और वह मानसिक रूप से भी पूरी तरह स्वस्थ था। उनका आरोप है कि यह आत्महत्या नहीं, बल्कि सोची-समझी साजिश के तहत की गई हत्या है, जिसे आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की जा रही है। कुछ ग्रामीणों ने भी बताया कि रात में कुछ संदिग्ध गतिविधियाँ देखी गई थीं, लेकिन स्पष्ट रूप से कुछ कहा नहीं जा सकता। परिजनों ने मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

### पुलिस कर रही है जांच

जलालपुर थाना प्रभारी गजानंन्द चौबे और शुभम त्यागी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि परिजनों के आरोपों की जांच की जा रही है और यदि हत्या की पुष्टि होती है तो दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# बीएसए के निरीक्षण में कई शिक्षक मिले लापता, भारी खामियां उजागर



**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. गोरखनाथ पटेल ने गुरुवार को विकास खण्ड रामनगर, बरसठी और मछलीशहर के परिषदीय व सहायता प्राप्त विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई विद्यालयों में साफ-सफाई और पठन-पाठन व्यवस्था बेहतर पाई गई, वहीं कई जगह लापरवाही उजागर होने पर बीएसए ने कड़ी कार्यवाही की।

डॉ. पटेल ने शिक्षकों की उपस्थिति, विद्यार्थियों की संख्या, अधिगम स्तर, मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता और विद्यालय परिसर की स्वच्छता का बारीकी से परीक्षण किया। उन्होंने छात्रों से पाठ सुनाकर पढ़ाई की स्थिति परखी और अध्यापकों से प्रगति रिपोर्ट ली। बीएसए ने चेतावनी दी कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करना सभी की प्राथमिक जिम्मेदारी है और लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### कई शिक्षक अनुपस्थित, वेतन रोका गया

कम्पोजिट विद्यालय जूड़पुर, रामनगर में निरीक्षण के समय प्रभारी प्रधानाध्यापिका समेत चार शिक्षक बिना सूचना अनुपस्थित मिले। बीएसए ने सभी का वेतन/मानदेय रोक दिया। वहीं, उपस्थिति दर्ज कराने में देर से आने वाले शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। विद्यालय में 183 में से केवल 20 छात्र उपस्थित पाए गए, जबकि मध्यान्ह भोजन पंजिका में 100 से अधिक लाभार्थी दर्ज थे।

### अधिगम स्तर कमजोर, ढ्ष्ट्ज्ञ लैब बेकार पड़ी

कम्पोजिट विद्यालय नारायणपुर, रामनगर में 347 नामांकित बच्चों में से केवल 173 उपस्थित थे। कक्षा 7 के बच्चों से गणित पूछने पर मुश्किल से 2 छात्रों ने सही उत्तर दिया। बीएसए ने अधिगम स्तर पर गहरी नाराजगी जताई। विद्यालय में स्थापित ढ्ष्ट्ज्ञ लैब का सामान कक्षा के एक कोने में रखा हुआ मिला, जिसका छात्रों को कोई लाभ नहीं मिल रहा था।

### बरसठी व मछलीशहर क्षेत्र में भी मिली अनियमितताएं

बरसठी के कम्पोजिट विद्यालय हरद्वारी में दो शिक्षक बिना सूचना अनुपस्थित मिले।

कक्षा 8 के बच्चों से गणित पूछने पर केवल एक छात्र ही उत्तर दे सका। यहां खेल-कूद सामग्री पैकेट में बंद मिली। बीएसए ने सभी कर्मचारियों का वेतन अग्रिम आदेश तक रोकते हुए सुधार के निर्देश दिए। इसी तरह मछलीशहर के कई विद्यालयों में उपस्थिति बेहद कम मिली। कहीं मध्यान्ह भोजन पंजिका अद्यतन नहीं थी, तो कहीं शिक्षक लगातार अनुपस्थित मिले।

भिदुना, भाटाडीह और जमुहर विद्यालयों में छात्र संख्या और पंजिका में भारी अंतर पाया गया।


### बीएसए के निर्देश डॉ.पटेल ने स्पष्ट कहा कि

प्रत्येक विद्यालय में नामांकित बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। बच्चों की अधिगम क्षमता बढ़ाने के लिए प्रभावी शिक्षण विधियां अपनाई जाएं। मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता और पोषण मानकों का पालन हर हाल में हो। विभागीय योजनाओं व शैक्षिक गतिविधियों को समय सीमा में पूरा किया जाए।

निरीक्षण के दौरान लापरवाही पर कई प्रधानाध्यापकों व शिक्षकों का वेतन रोका गया और कुछ को नोटिस जारी किया गया। वहीं, बीएसए ने छात्रों को नियमित अध्ययन और अनुशासन के लिए प्रेरित करते हुए शिक्षकों से शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने का सख़्त निर्देश दिया

# तहसीलदार सहित 18 पर धोखाधड़ी, जालसाजी, कूटरचना के दर्ज मुकदमे में तीन गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



सिंगरामऊ थाना पुलिस ने क्षेत्र के कुशहां बाजार स्थित बेशकीमती भूमि कूटरचित ढंग से हड़पने के मामले में दीवानी न्यायालय के आदेश पर बदलापुर के तत्कालीन तहसीलदार राकेश कुमार सहित 18 आरोपितों के विरुद्ध धोखाधड़ी, जालसाजी, कूटरचना आदि धाराओं में दर्ज मुकदमे में 3 आरोपितों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया। कुशहां गांव के स्व. राम निहोर मौर्य की पत्नी सोम्मारी ने दीवानी न्यायालय में प्रार्थना पत्र दिया था कि गांव की बाजार में लबे सड़क स्थित मेरी भूमि आराजी नंबर- 216 (क) रकबा 0.0820 हेक्टेयर को हड़पने की नीयत से 13 जनवरी 2025 को सिंगरामऊ थाना क्षेत्र के गोनौली निवासी देवेंद्र उर्फ धर्मेंद्र उर्फ पप्पू, मल्लूपुर निवासी मुरलीधर उनकी पत्नी इंद्रावती देवी, पुत्र राज कुमार, कछौरा निवासी राम कृपाल, छंगू, छट्टू लाल, रमेश, राजेश, सुरेश, अवधेश, राज कुमार, अजय, मुन्नी लाल, संतोष, सोनू, बृजेश व रूपेश कब्जा करने लगे।

खबर लगने पर मैं पहुंची और मना किया तो देवेंद्र उर्फ पप्पू ने गाली देते कहा भूमि मैंने उपरोक्त लोगों के नाम वरासत करा दिया हूं। इतना ही नहीं पांच जून 2024 का तहसीलदार राकेश कुमार का आदेश भी दिखाया। आदेश की कापी लेकर मैं तहसीलदार के पास पहुंची तो उन्होंने आठ जुलाई 1980 के बैनामे के आधार पर उपरोक्त लोगों का नाम दर्ज करने की बात कहते हुए डांटकर भगा दिया। जब मैंने मुआयना कराया तो पता चला कि 1980 में ऐसा कोई बैनामा ही नहीं हुआ था। मेरे ससुर रामदीन ने सिर्फ एक हजार वर्ग फीट भूमि का बैनामा किया था। पीड़िता थाने से लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय तक चक्कर लगाती रही। कहीं सुनवाई नहीं हुई। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। आरोपितों में से देवेंद्र उर्फ धर्मेंद्र उर्फ पप्पू, बृजेश व छट्टू लाल को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है। विवेचक उपनिरीक्षक राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि शेष आरोपितों की भी तलाश की जा रही है।

# गढ़ही मोहल्ले में अधेड़ पर अस्तुरा से हमला, चार लोग हिरासत में

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जौनपुर मड़ियाहूं कोतवाली क्षेत्र के गढ़ही मोहल्ला में शनिवार सुबह एक अधेड़ पर मोहल्ले के ही युवक द्वारा अस्तुरा से हमला करने का मामला सामने आया है। घटना में घायल अधेड़ को पेट और बांह में मामूली चोटें आईं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर इलाज के लिए सीएचसी भेजा, जहां डॉक्टरों ने परिजनों के दबाव में जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

जानकारी के अनुसार, गढ़ही मोहल्ला निवासी एकरामु रब उर्फ पेक्टर सुबह करीब 9 बजे घर के सामने बैठे थे। तभी मोहल्ले का अरशद उर्फ गुड्डा पुत्र पप्पू वहां पहुंचा और उन पर अस्तुरा से हमला कर दिया। बचाव के दौरान पेक्टर की बांह में भी चोट आ गई। शोर मचाने पर आसपास के लोग पहुंचे, तब तक आरोपी फरार हो गया।

पुलिस ने घटना की जानकारी मिलते ही चार लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। वहीं आरोपी के पिता पप्पू अंसारी का कहना है कि एकरामु रब ने खुद को चाकू से घायल किया है और पुरानी रंजिश के कारण उनके परिवार को फंसाने की कोशिश कर रहा है।

घटना को लेकर मोहल्ले में तरह-तरह की चर्चाएं हैं।

बताया जाता है कि कुछ दिन पहले एकरामु रब का बेटा शादाब, जो सऊदी अरब में काम करता है, घर आया था।

उस दौरान शादाब पर आरोपी पक्ष ने छेड़खानी का आरोप लगाते हुए पुलिस में तहरीर दी थी। हालांकि, पुलिस ने उस मामले में गंभीर धाराओं के बजाय केवल शांति भंग की कार्रवाई की थी। इस बात से नाराज होकर आरोपी अरशद ने हमले की साजिश रची, ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है।


# आसमान में रात को चक्रमण करते ड्रोन ने ग्रामीणों की उड़ायी नींद

## क्या हकीकत, क्या फसाना, बताये स्थानीय पुलिस

- जौनपुर बरसठी, मुंगराबादशाहपुर, सरायख्वाजा से लेकर पूरे जिले तक ड्रोन चक्रमण से सहमे ग्रामीण, पुलिस बता रही अफवाह

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

इन दिनों एक ऐसा मामला प्रकाश में आया है जिसने बरसठी सहित पूरे जिले के कई गांवों में दहशत फैला दी है। रात के अंधेरे में आसमान पर रहस्यमयी रोशनी, ड्रोन जैसी उड़ानों ने सनसनी फैला रखी है। रात होते ही कई गांवों में लोग आसमान की ओर नजरें गड़ाए रखे हैं। मामूली सी हलचल डर और आशंका का कारण बन जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि देर रात आसमान में चमकती टिमटिमाती लाइट और उड़ते यंत्र दिखायी दे रहे हैं जिससे चोरी और जासूसी की आशंका गहरा रही है और लोग घरों से निकलकर पहरा देने को मजबूर हो गये हैं।



### सीसीटीवी में कैद हुई थी तेलंगाना की कार

बीते दिनों बरसठी क्षेत्र के दताव और महुवारी गांव से मिले वीडियो और फोटो में आसमान पर रहस्यमयी रोशनी देखी जा सकती है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के बाहर तेलंगाना नंबर की एक कार देखी गई थी जिस पर कैमरे लगे थे, यह कार गांव के एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई और उसी रात आसमान पर चमकती रहस्यमयी रोशनी दिखने का दावा किया गया। इसके बाद मामला तेजी से चर्चा में आ गया। अखबारों में खबरें भी छपी और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

### 'जागते रहो ड्रोन चोर आ जायेगा' का शोर...

कटवार गांव में ग्रामीणों ने रात भर रतजगा किया लोग टॉर्च लेकर गांव में घूमते रहे माइक पर 'जागते रहो ड्रोन चोर आ जाएगा' का शोर मचाते रहे। शुक्रवार की देर रात बघनरी गांव में 2 से 3 ड्रोन उड़ते देखे जाने का दावा ग्रामीणों ने किया है। गांव में अचानक शोर मचने पर दर्जनों ग्रामीण उसका पीछा करने भी निकले लेकिन कुछ ही देर में वे सभी गायब हो गये। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने तत्काल डायल 112 पुलिस को सूचना दी लेकिन करीब घण्टे भर बीत जाने के बाद भी पुलिस मौके पर नहीं पहुंची जिससे लोगों की चिंता और ज्यादा बढ़ गई।

### जांच में किसी संदिग्ध गतिविधि की पुष्टि नहीं

पूरे मामले में पुलिस विभाग इन घटनाओं को लगातार अफवाह करार दे रहा है। पुलिस का कहना है कि अब तक जांच में किसी संदिग्ध गतिविधि की पुष्टि नहीं हुई है। एहतियात के तौर पर सभी थानों को निर्देशित किया गया कि शादी-विवाह या किसी भी कार्यक्रम में ड्रोन के इस्तेमाल की अनुमति और पहचान अनिवार्य की गयी है। साथ ही बैठकों के जरिये लोगों को समझाया भी जा रहा है कि डरने की कोई जरूरत नहीं है। मालूम हो कि यह मामला बरसठी तक सीमित न रहकर अब जिले के अन्य हिस्सों तक भी पहुंच चुका है।

### तस्वीरें–वीडियो क्यों और कहां से सामने आ रहीं?

मड़ियाहूं, सरायख्वजा, मुंगराबादशाहपुर सहित अन्य क्षेत्र से भी रात में ग्रामीणों ने आसमान पर चमकती रहस्यमयी रोशनी देखे जाने की शिकायत की थी। उधर खुटहन इलाके से भी ऐसा ही वीडियो वायरल हुआ था। वहीं जौनपुर शहर के बाहरी इलाकों करंजाकला और सरायख्वाजा में भी लोगों ने ऐसी ही हलचल की जानकारी दी है। अब ऐसे में बड़ा सवाल यही है कि अगर यह केवल अफवाह है तो हर रोज अलग-अलग गांवों से ऐसी तस्वीरें, वीडियो क्यों और कहां से सामने आ रहे हैं। अगर यह किसी सरकारी या निजी एजेंसी का कार्य है तो रात में ऐसे ड्रोन उड़ाने की मजबूरी क्या है।

यदि कोई शरारती तत्व ग्रामीणों को डराने की कोशिश कर रहा है तो वह अब तक पुलिस की पकड़ से बाहर क्यों है? ठोस जांच कर सच्चाई सामने रखे प्रशासन फ़िलहाल सच्चाई कुछ भी हो लेकिन इन घटनाओं ने गांवों में भय का माहौल खड़ा कर दिया है। कई जगह लोग नींद छोड़कर चौकसी कर रहे हैं। महिलाएं और बच्चे भी दहशत में हैं। प्रशासन अफवाह बताकर ग्रामीणों को समझा रहा है लेकिन लोगों के मन का डर जस का तस है। रहस्य और भय के इस साये को दूर करने के लिये जरूरी है कि प्रशासन न सिर्फ स्पष्टता लाये, बल्कि ठोस जांच कर सच्चाई सामने रखे।

# 15 सितम्बर को महंत अवेद्यनाथ की पुण्यतिथि पर संगोष्ठी और सहभोज



**जन एक्सप्रेस। बस्ती**

राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी महाराज की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि और स्मृति कार्यक्रमों का आयोजन आगामी 15 सितम्बर, सोमवार को किया जाएगा। इस अवसर पर विश्व हिंदू महासंघ की ओर से रोडवेज के निकट गिरिराज मैरेज हाल में संगोष्ठी, भजन संध्या और समरसता सहभोज का आयोजन होगा। इस संबंध में शनिवार को जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह की अध्यक्षता में अमहट घाट स्थित सिद्धेश्वर मंदिर परिसर में बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई। महासंघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह ने बताया कि आयोजन में धर्माचार्य प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डा. हरिओम पाठक मुख्य अतिथि होंगे। उनके साथ राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त अतुल सिंह, प्रदेश महामंत्री दिग्विजय सिंह राना, राजमाता आशिमा सिंह सहित कई विशिष्टजन शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि महंत अवेद्यनाथ जी ने आध्यात्मिक साधना के साथ-साथ सामाजिक हिंदू साधना को भी आगे बढ़ाया। उन्होंने हिन्दू समाज में सोशल इंजीनियरिंग की अवधारणा को महत्वपूर्ण मानते हुए समाज को जागरूक किया। वर्तमान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा गठित हिंदू युवा वाहिनी की प्रेरणा भी कहीं न कहीं अवेद्यनाथ जी की इसी सोच से मिली थी। महासंघ जिलाध्यक्ष ने कहा कि महंत जी ने हिंदुत्व और गौरक्षा के लिए अंतिम सांस तक संघर्ष किया। 12 सितम्बर 2014 को उनके ब्रह्मलीन होने के बाद उनके सपनों और संकल्पों को पूरा करना हम सबका दायित्व है। तैयारी बैठक में मुख्य रूप से सौरभ तिवारी, राकेश सिंह, विंद गोपाल त्रिपाठी, विष्णु प्रताप सिंह, आशीष उर्फ कल्लू बाबा, चंद्रमणि पाठक सानू, विपिन सिंह, शिवम मिश्र, अभिषेक आर्य, अमित त्रिपाठी, विजयशंकर शुक्ल, कुलदीप मिश्र आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# डॉ महेंद्र नाथ पांडेय का जलालपुर में भव्य स्वागत



**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जलालपुर पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ महेंद्र नाथ पांडेय का जलालपुर बाजार में शनिवार को जिलाध्यक्ष भाजपा मछलीशहर डॉ अजय कुमार सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। वह वाराणसी से जौनपुर के टीडी कॉलेज में शहीद उमानाथ सिंह की पुण्यतिथि कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित होने जा रहे थे। जलालपुर चौराहे पर पहुंचते ही पहले से उपस्थित कार्यकर्ताओं ने गाजे बाजे के साथ उनका माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया।

इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष पंकज सिंह, राजेश सोनकर, संदीप सिंह, जटाशंकर सिंह, गुरुचरण सोनकर, श्रवण गुप्ता, रामलाल मौर्या, स्कन्द पटेल, अभिषेक सिंह, विपिन सिंह, धनंजय कश्यप, अनिल सिंह, रणविजय सिंह, सुशील निषाद, धीरेन्द्र सिंह, विपिन मिश्रा, मांधाता पांडेय, विशाल सिंह, सौरभ गुप्ता, किशन सिंह, राजेश यादव, भैयालाल सरोज, अवधेश पटेल, आशुतोष दुबे, रजनीश सिंह, प्रभाकर सिंह, भुवनेश चंद्र चौबे, संजय सिंह, सुरेश सरोज आदि उपस्थित रहे।

### साइकिल चोरी से परेशान बुजुर्ग को एसडीएम ने दी नई साइकिल, मानवीय पहल की पूरे क्षेत्र में चर्चा

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** कुंवारदा गांव निवासी रामजैन यादव पुत्र स्वर्गीय बाबूराम यादव किसी कार्य से कलेक्ट्रेट कचहरी आए हुए थे। लगभग 11 बजे उनकी साइकिल चोरी हो गई। अचानक साइकिल चोरी होने से बुजुर्ग रामजैन यादव काफी परेशान हो गए और बेबस नजर आने लगे। इसी दौरान मामला एसडीएम सदर संतवीर सिंह के संज्ञान में आया। उन्होंने तुरंत मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए अपने मातहतों को निर्देश दिया कि बुजुर्ग को नई साइकिल उपलब्ध कराई जाए। आदेश मिलते ही दुकान से तुरंत नई साइकिल मंगवाई गई और उसे रामजैन यादव को सौंप दिया गया। नई साइकिल मिलते ही बुजुर्ग के चेहरे पर खुशी झलक उठी। उनकी मुस्कान देखकर मौजूद लोग भी भावुक हो गए। इस अनोखी पहल की पूरे क्षेत्र में चर्चा हो रही है और लोग एसडीएम के इस कार्य की सराहना कर रहे हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि जहां आमतौर पर लोग छोटी घटनाओं को नजरअंदाज कर देते हैं, वहीं एसडीएम संतवीर सिंह ने बड़ा दिल दिखाकर मिसाल पेश की है।

### जनसत्ता दल जौनपुर का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** पूर्व जिलाध्यक्ष विराज ठाकुर ने मीडिया को माध्यम से यह जानकारी देते हुए जौनपुर नया जिलाध्यक्ष श्री सुधीर सिंह विद्रोही जी को जिलाध्यक्ष बनाए बनाया गया जौनपुर के बड़े जिम्मेदारी सोपा गया जनसत्ता दल के जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर सारे कार्यकर्ताओं ने दिया बधाई श्री ठाकुर ने कहा कि निश्चितरूप से हम सब मिलकर पार्टी का विस्तार करेंगे और जन- जन तक पार्टी की नीतियों को पहुंचाएंगे, जनसत्ता दल अन्नदाता किसानों और युवाओं के तमाम समस्याओं के निदान के लिए हर संभव मदद और जनांदोलन के लिए प्रतिबद्ध है। पार्टी का प्रचार प्रसार कर ज्यादा से ज्यादा लोगों से संपर्क स्थापित करने की मुहिम चलाई जाएगी श्री ठाकुर ने कहा कि 3 कार्यकाल सफलता पूर्वक निर्वाहन कर मेरा कार्यकाल समाप्त हुआ साथ सहयोग के लिए मैं सभी का आभार प्रकट करता हूं।

# क्रांति की धारा से वन नेशनल वन इलेशन मैराथन

## दौड़ को उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर






कानपुर में एक देश-एक चुनाव को लेकर मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। जिसे उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। नानाराव पार्क फूलबाग से घंटाघर चौराहा भारत माता की प्रतिमा तक हजारों की संख्या में लोगों ने मैराथन दौड़ में प्रतिभाग किया। भाजपा महामंत्री अनूप गुप्ता ने बताया कि पार्टी 1984 से ही इस संकल्प को अपने घोषणा पत्र में शामिल किए है। उन्होंने चुनाव खर्च को बचाने और विकास कार्यों को सुचारू रूप से चलाने के लिए एक देश-एक चुनाव को जरूरी बताया। इससे चुनाव में खर्च होने वाला अपव्यय भी बचेगा, वहीं एक साथ चुनाव होने से लोगों को बार-बार वोट डालने के लिए परेशान होना नहीं पड़ेगा। भाजपा चुनाव खर्च को बचाने के लिए एक देश-एक चुनाव कराने को लेकर गांव-गांव जाकर प्रचार-प्रसार करने में जुटी है। इसी अभियान के तहज जनजागरुकता लाने के लिए दौड़ का आयोजन किया गया है। इस मैराथन दौड़ के कार्यक्रम में कानपुर नगर के सांसद रमेश अवस्थी, विधायक सलिल विश्नोई, सुरेन्द्र मैथानी, महेश त्रिवेदी, पूर्व विधायक रघुनन्दन भदौरिया, पूर्व प्रत्याशी सुरेश अवस्थी एवं अन्य बीजेपी पदाधिकारी मौजूद रहें।

### रन फॉर वन नेशन वन इलेक्शन का व्यापारी समाज ने किया भव्य स्वागत

मैराथन का कानपुर के व्यापारी समाज ने क्षेत्रीय संयोजक विनोद गुप्ता के नेतृत्व में कई प्रमुख एसोसिएशन ने किया भव्य स्वागत। भाजपा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र व्यापार प्रकोष्ठ क्षेत्रीय संयोजक विनोद गुप्ता के नेतृत्व में यात्रा मार्ग पर कई जगह पर भव्य रूप से किया गया किया गया सर्वप्रथम विनोद गुप्ता के नेतृत्व में कानपुर केमिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा दवाई मार्केट बिरहाना रोड, नौघड़ा कपड़ा कमेटी एवं कानपुर कपड़ा बाजार द्वारा पीपल वाली कोठी, नयागंज किराना मर्चेंट एसोसिएशन द्वारा नयागंज, कानपुर चाय व्यापार मंडल, कानपुर मार्बल एंड टाइल्स एसोसिएशन, रेज़गारी मार्केट, सीसामऊ व्यापार मंडल द्वारा, ग्वालटोली व्यापार मंडल द्वारा, नयागंज मर्चेंट द्वारा, युवा व्यापार संघ, लाल बंगला जगईपुरवा व्यापार मंडल, वनस्पति ऑयल, उत्तर प्रदेश खाद्य पदार्थ एसोसिएशन, ट्रांसपोर्ट बाजार, शक्कपट्टी बाजार, कलक्टरगंज व्यापार मंडल आदि प्रमुख एसोसिएशन द्वारा क्षेत्रीय संयोजक विनोद गुप्ता के नेतृत्व में नयागंज नागेश्वर मंदिर पर सामूहिक रूप से भव्य स्वागत किया गया।

क्षेत्रीय संयोजक विनोद गुप्ता ने बताया कि कानपुर महानगर के व्यापारी समाज की ओर से यह अभूतपूर्व स्वागत किया गया है कानपुर का व्यापारी समाज रन फॉर वन नेशन वन इलेक्शन को अपना अभूतपूर्व समर्थन प्रदान करता है। कानपुर के व्यापारी समाज ने कानपुर की धरती से यह संदेश दिया है कि एक राष्ट्र एक चुनाव राष्ट्र हित में सराहनीय पहल है जिसका हम स्वागत करते हैं और इस संबंध में जल्द प्रस्ताव लाकर इसको पारित कराना चाहिए, विनोद गुप्ता के नेतृत्व में 51 किलो पुष्पवर्षा के साथ भव्य स्वागत किया गया। प्रमुख रूप से उपस्थित शेष नारायण त्रिवेदी, रोशन लाल अरोड़ा, अलंकार ओमर, राजू चौधरी, श्याम अग्रहरि, विशाल अग्रवाल, बृज बिहारी वर्मा, राजेश त्रिवेदी, संजय त्रिवेदी, पवन दुबे, विजय गुप्ता, मनोज गुप्ता, संजय गुप्ता, संजय राठौर, सुशील जायसवाल, दीपक खन्ना, अरुण राठौर, रमेश अग्रहरि, रामकृपाल जायसवाल, राजेश गुप्ता, अचल गुप्ता, प्रदीप गुप्ता आदि हजारों की संख्या में व्यापारियों के हुजूम की उपस्थिति रही।

# स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं से संवाद, आय बढ़ाने पर चर्चा

जन एक्सप्रेस। उन्नाव




नवाबगंज। विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश शताब्दी संकल्प 2047 कार्यक्रम के दूसरे दिन नवाबगंज विकासखंड में प्रमुख सचिव अमित घोष और अन्य अधिकारियों ने स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं से संवाद किया। इस दौरान उनकी आय बढ़ाने के तरीकों पर विस्तृत चर्चा हुई। नवाबगंज विकासखंड सभागार में आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख सचिव अमित घोष ने सरकार की विभिन्न योजनाओं और नीतियों की जानकारी दी। सेवानिवृत्त आईएएस एस.पी.आर्या ने महिलाओं को ईमानदारी से मेहनत करने और उत्पादन बढ़ाकर आय बढ़ाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि सरकार योजनाओं के माध्यम से सहयोग करती है, और जब आपकी आय बढ़ेगी तो देश भी आगे बढ़ेगा।

?सेवानिवृत्त आईएएस भानु प्रताप सिंह ने महिलाओं को अपने उत्पादों की बिक्री के लिए डिजिटल होने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि अपने उत्पादों को हाट या बाजार के साथ-साथ ऑनलाइन साइटों के माध्यम से बेचें ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंच बन सके।

सेवानिवृत्त कृषि अधिकारी ऋषिराज सिंह ने आय बढ़ाने के लिए कृषि में पुराने तरीकों को छोड़कर नए तरीके अपनाने का सुझाव दिया। उन्होंने गाय पालन पर विशेष जोर देते हुए कहा कि गाय से मिलने वाले पदार्थ पौष्टिक होते हैं और गोबर का उपयोग भी विभिन्न कार्यों में किया जा सकता है।

?ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रवि प्रताप सिंह ने गांवों में उद्योग लगाने में आने वाली समस्याओं को उठाया और समूह द्वारा बनाए जा रहे पेंट की सरकारी भवनों में सप्लाई के लिए सहयोग मांगा। उन्होंने कहा कि अगर जिले भर के प्रधानों का सहयोग मिले तो यह उद्योग काफी सफल हो सकता है।

इस कार्यक्रम में निदेशक जीआईडीएस हर्ष शर्मा और सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता विवेक श्रीवास्तव ने भी जनसमूह से संवाद किया। कार्यक्रम में बीडीओ ज्वाइंट मजिस्ट्रेट शौर्य अरोड़ा, एडीओ आईएसबी मनोज कुमार, पशु चिकित्साधिकारी डॉ राजेश मौर्या, वीडीओ शैलेन्द्र भारतीय, दिलीप मिश्रा, राकेश यादव, आशीष पटेल, बीएमएम अरविंद सोनी समेत अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना में गुणवत्ता और स्मार्ट कोचिंग पर जोर

जन एक्सप्रेस। कन्नौज




जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के संबंध में बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों एवं शिक्षकों को योजना की सफलता हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि अभ्युदय कोचिंग का मुख्य उद्देश्य बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है। इसके लिए शिक्षकों को लगन और ईमानदारी के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि हमें यह भी आत्ममंथन करना होगा कि आखिर बच्चे कोचिंग में क्यों नहीं आ रहे हैं और इसके लिए आवश्यक माहौल व आकर्षक शिक्षण पद्धति विकसित करनी होगी। उन्होंने निर्देशित किया कि कोचिंग संस्थानों को स्मार्ट कोचिंग के रूप में विकसित किया जाए। शिक्षण कार्य पीपीटी मोड पर किया जाए ताकि बच्चों को बेहतर ढंग से समझ आ सके। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शीघ्र ही डिजिटल बोर्ड एवं रिकॉर्डिंग कैमरों की व्यवस्था हेतु प्रस्ताव तैयार करें। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में संचालित तीनों अभ्युदय कोचिंग सेंटरों में डिजिटल बोर्ड और रिकॉर्डिंग कैमरे स्थापित किए जाएं। सभी कोचिंग संस्थानों में टाइम-टेबल निर्धारित किया जाए तथा टेस्ट पेपर नियमित रूप से कराए जाएं। ऐसे शिक्षकों की पहचान की जाए जिनमें पढ़ाने का जुनून है। बैठक में बताया गया कि वर्तमान में जनपद कन्नौज में तीन अभ्युदय कोचिंग संचालित हैं, जिनमें कन्नौज के पीएसएम कॉलेज में यूपीएससी की कक्षाएं आयोजित की जाती हैं। जिस पर जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि संसाधनों की कोई कमी नहीं है, कमी केवल लगन और परिणाम देने की इच्छाशक्ति की है। यदि मेहनत के बावजूद परिणाम नहीं मिलते तो वह प्रयास व्यर्थ सिद्ध होंगे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी, अपर जिलाधिकारी न्यायिक देवेन्द्र सिंह, ज्वाइट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी सदर सुश्री वैशाली, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित हुये 63,776 वाद

जन एक्सप्रेस। कन्नौज



राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में परिवार न्यायालय में कुल 52 वाद सदर्भित किये गये जिनमें सुलह समझौते के आधार पर 52 वाद निस्तारित कर 25 जोडे खुशी-खुशी अपने घर गये। एम0ए0सी0टी0 न्यायालय में कुल 132 वाद संदर्भित किये गये, जिनमें सुलह समझौते के आधार पर 17 वाद निस्तारित किये गये।

सत्र न्यायालय स्तर पर कुल 285 वाद सदंभित हुये, जिसमें से जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट से 01 वाद निस्तारित, अपर जिला प्रथम कोर्ट से 02 वाद निस्तारित, अपर जिला जज-तृतीय कोर्ट से 87 वाद निस्तारित, विशेष न्यायाधीश एस0सी0/एस0टी0 कोर्ट से 02 वाद निस्तारित, विशेष न्यायाधीश विद्युत अधिनियम कोट से 135 वाद निस्तारित, विशेष न्यायाधीश पाक्सों एक्ट कुल 05 वाद निस्तारित अपर जिला जज एफ0टी0सी0 प्रथम कोर्ट से 04 वाद निस्तारित, अपर जिला जज/एफटीसी-द्वितीय 01 वाद निस्तारित मजिस्ट्रेट एवं सिविल न्यायालय स्तर पर कुल सदर्भित हुये जिसमें से अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कन्नौज में 339 वाद निस्तारित, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट छिबरामऊ में 339 वाद निस्तारित, सिविल जज (सी0डि0) / एफ0टी0सी0 में 255 वाद निस्तारित, अपर सिविल जज (सी0डि0) में 277 वाद निस्तारित, न्यायिक मजिस्ट्रेट में 267 वाद निस्तारित, अपर सिविल जज (जू0डि0) छिबरामऊ में 228 वाद निस्तारित, ग्राम न्यायालय कुल 206 वाद निस्तारित, सिविल जज (सी0डि0) कुल 26 वाद निस्तारित, अपर सिविल जज (जू0डि0) चतुर्थ में कुल 29 वाद निस्तारित हुये, सिविल जज (जू0डि0) / एफ0टी0सी0 प्रथम कोर्ट में 03 वाद निस्तारित, सिविल जज (जू0डि0) / एफ0टी0सी0 द्वितीय कोर्ट में 10 वाद निस्तारित, अपर सिविल जज (जू0डि0) प्रथम में 08 वाद निस्तारित हुये है। इस प्रकार जनपद न्यायालय कन्नौज में निस्तारण हेतु कुल 5139 वाद सदर्भित किये गये थे, जिनमें सुलह समझौते के आधार पर कुल 2321 वाद निस्तारित कर मु0 5,25,86,306 रूपये का अर्थदण्ड अधिरोपित कर वसूल किया गया।

इसके अतिरिक्त प्रशासन स्तर पर कुल 85,254 वाद सदर्भित किये गये थे, जिसमें से 61,455 वाद निस्तारित किये गये जिसमें से सुलह समझौते के आधार पर 14,58, 39,973 रुपए आदेशित किये गये। इस प्रकार राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारण हेतु कुल 90,393 वाद संदर्भित हुते जिसमें से सुलह समझौता के आधार पर कुल 63,776 वाद का निस्तारण कर मु0 19,84,26,79 रुपए आदेशित किया गया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कन्नौज कोर्ट से डाटा प्राप्त नहीं हुआ है मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कन्नौज कोर्ट से डाटा प्राप्त होने के उपरांत निस्तारित वादों की संख्या बढ़ सकती है। इससे पूर्व जनपद न्यायाधीश चन्द्रोदय कुमार, प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय फूल चन्द्र पटेल, इंदु द्विवेदी पीठासीन अधिकारी एम0ए0सी0टी0 कन्नौज, हरि प्रसाद विशेष न्यायाधीश एस0सी0/एस0टी0/ नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत लवली जायसवाल सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नवीन न्यायालय परिसर में माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्जवलित कर राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ कर आयोजन किया गया। बाह्य न्यायालय छिबरामऊ, ग्राम न्यायालय तिर्वा एवं समस्त प्रशानिक कार्यालयों में लोक अदालत का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में समस्त न्यायिक अधिकारीगण, बाह्य न्यायालय छिबरामऊ, ग्राम्य न्यायालय तिर्वा द्वारा भाग लिया गया। इसके अतिरिक्त नोडल अधिकारी स्वास्थ्य विभाग, बार के अध्यक्ष एवं सचिव, बैंक एवं बीमा कम्पनियों के अधिकारी तथा वरिष्ठ अधिवक्तागण, लीगल एडं डिफेन्स काउन्सिल, पैनल अधिवक्ता, पराविधिक स्वयं सेवक, न्यायालय के कर्मचारियों द्वारा भाग लिया गया। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्राप्त निर्देश के अनुपालन में जेल अधीक्षक द्वारा आज नवीन न्यायालय परिसर में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में बंदियों द्वारा तैयार किये गये उत्पादों जैसे-लैम्प, एल0ई0डी0 झालर लाईट, बल्ब, टार्च, झोले, आदि की बिकी हेतु स्टाल लगाया गया। लोक अदालत में आने वाले वादकारियों द्वारा उक्त उत्पादों की खरीददारी भी की गयी।


## एक्सप्रेस खबरें...

### फैक्ट्री में चोरी का मामला, हिरासत में कई कर्मचारी

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर। पनकी इंडस्ट्रियल एरिया में स्थित बालाजी एक्सपोर्टस फैक्ट्री में चोरी का मामला प्रकाश में आया है। फैक्ट्री के निदेशक अभिजीत कश्यप ने पनकी थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में उन्होंने बताया कि 22 और 26 अगस्त की रातों में फैक्ट्री से कई कपड़े के रोल चोरी हो गए थे। प्रारंभिक जांच में सुरक्षा गार्ड सैलेश, बिजली मिस्त्री आयुष वर्मा, इरशाद, मनीष, अमनदीप, दिलशाद उर्फ दिल्लू समेत अन्य कर्मचारियों के शामिल होने की बात सामने आई है। चोरी की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी इस बात का ध्यान रखते थे कि कोई सुराग न बचे। इसी मकसद से आयुष वर्मा ने फैक्ट्री की डीवीआर मशीन को गायब कर दिया था, जिससे सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध नहीं हो सका। वही मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने आरोपितों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। थाना प्रभारी पनकी ने कहा कि जांच की जा रही है। और शीघ्र ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

### घर जाते समय कार ने टक्कर मारी 108 ने सीएचसी में भर्ती कराया

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर। बिल्हौर तहसील क्षेत्र के ककवन कस्बे से गैस सिलेंडर भरा कर पलिया बस खेड़ा निवासी रामपाल 58 वर्षीय रोड क्रॉस करते वक्त आगे से आ रही कार ने टक्कर मार दी टक्कर इतनी जबरदस्ती की साइकिल सवार उछाल कर दूर जा गिरा गली मत रही गैस सिलेंडर कच्ची मिट्टी में जा गिरा रोड पर गिरता तो विस्फोट भी हो सकता था वहीं पर घायल को राहगीरो की सूचना पर 108 एंबुलेंस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ककवन में भर्ती कराया वहां पर मौजूद डॉ विकास ने प्राथमिक उपचार के बाद कानपुर रेफर कर दिया। डॉक्टर ने बताया सर में चोट लगी है कानपुर में सीटी स्कैन हो जाएगा जिससे यह ज्ञात हो जाएगा कही ब्लड का रिसाव कहीं अंदर तो नहीं हुआ खतरे से बाहर है।



### पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय में 1.30 बजे ही ताला लटक रहा था

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर। बिल्हौर तहसील क्षेत्र शिवराजपुर ब्लाक अंतर्गत नदिया खुर्द गांव के पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय में 1:30 पर ताला लटक रहा था वहां पर पहुंचे संवाददाता को ग्रामीणों ने बताया कि 1:00 बजे के आसपास प्रतिदिन स्कूल बंद हो जाता है वहीं पर आधा दर्जन से अधिक अध्यापकों का स्टाफ है। इसके बाद भी विद्यालय बंद हो जाता है बंद होने की सूचना खंड शिक्षा अधिकारी कृपाशंकर सिंह ने फोन पर अवगत कराया ब्लॉक के सबसे अच्छे विद्यालयों में गिनती होती है फिर भी अभी जांच करवाता हूं दोषी होने पर कार्रवाई होगी सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने पर लोग विद्यालय बंद होने पर कमेंट करते कम नजर आए वहीं पर सिफारिश लगाने वालों की संख्या ज्यादा रही लेकिन लाखों रुपया वेतन पाने वाले शिक्षक समय से पहले चले जाते हैं और देर से विद्यालय खोलते हैं इस पर कोई अपना विचार नहीं देताहै। शिवराजपुर ब्लॉक में सीमावर्ती विद्यालयों की यह दशा देखने को मिलती है जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुरजीत कुमार सिंह ने बताया कार्रवाई होगी जांच के उपरांत दोषी सभी शिक्षकों का एक दिन का वेतन काटा जाएगा।




# बड़ी मात्रा में विस्फोटक का जखीरा बरामद कर पुलिस ने अनहोनी को टाला

- अवैध पटाखा निर्माण के लिए जमा 73 किलो विस्फोटक समेत एक गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। कन्नौज



शुक्रवार को जिले की छिबरामऊ क्षेत्र में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर बड़ी सफलता हासिल की। सौरिख रोड पर स्थित कल्याणपुर गांव जाने वाले रास्ते पर बने एक मकान से पुलिस ने 73 किलो से अधिक विस्फोटक सामग्री बरामद की।

पुलिस को सूचना मिली थी कि उक्त मकान में अवैध रूप से विस्फोटक सामग्री तैयार की जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी की और मौके से निर्मित व अर्धनिर्मित विस्फोटक सामग्री जब्त की। इस दौरान मौके से आरोपी संतोष सक्सेना को गिरफ्तार कर लिया गया।

बरामदगी के बाद पुलिस ने आरोपी को विस्फोटक सामग्री सहित कोतवाली लाकर पूछताछ शुरू कर दी है।

पुलिस-फायर टीम की तत्परता से टला बड़ा हादसा

इस कार्रवाई में उप निरीक्षक रावेंद्र सिंह, उप निरीक्षक मनुज चौधरी, फायर ब्रिगेड उप निरीक्षक प्रांशु अवस्थी, कॉन्स्टेबल अनुराग चौहान और मनोज कुमार की अहम भूमिका रही। उनकी सूझबूझ और तत्परता से क्षेत्र में किसी बड़े हादसे की आशंका टल गई। पुलिस ने आरोपी पर विस्फोटक अधिनियम, 1908 की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया है। यह अधिनियम बिना लाइसेंस विस्फोटक सामग्री का भंडारण, निर्माण या परिवहन करने पर कठोर दंड का प्रावधान करता है। इसके अतिरिक्त, भारतीय दंड संहिता (ढ्ढक्क) की धारा 286 (खतरनाक पदार्थों में लापरवाही), धारा 336, 337, 338 (जीवन को संकट में डालने वाली गतिविधियाँ) भी आरोपों में शामिल की जा सकती हैं।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, बरामद सामग्री अत्यधिक खतरनाक है। प्राथमिक जांच से पता चला है कि इसका इस्तेमाल अवैध पटाखों या विस्फोटक तैयार करने में किया जा सकता था। फिलहाल सामग्री को सुरक्षित कर लिया गया है और इसकी जांच के लिए फॉरेंसिक टीम को भेजा गया है। पुलिस-फायर टीम की सतर्कता ने एक बड़े हादसे को टाल दिया। आरोपी की गिरफ्तारी के बाद पुलिस उसके नेटवर्क और मकसद की गहन जांच में जुटी है।

# अभियोजन की समीक्षा में खाद्य सुरक्षा मामलो की प्रभावी पैरवी पर जोर




जन एक्सप्रेस। कन्नौज

जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में अभियोजन कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि टीम भावना के साथ कार्य करते हुए ज्यादा से ज्यादा मुकदमों का निस्तारण किया जाए ताकि न्याय वितरण प्रणाली और अधिक प्रभावी बन सके। उन्होंने निर्देश दिए कि अभियोजन कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अपराध नियंत्रण एवं कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने के लिए अभियोजन की कार्यप्रणाली को और अधिक पारदर्शी एवं परिणाममुखी बनाया जाए। उन्होंने कहा कि परिवार न्यायालय से जुड़े वादों के निस्तारण को प्राथमिकता दी जाए और मामलों को समयबद्ध तरीके से समाप्त किया जाए। उन्होंने खाद्य सुरक्षा संबंधी वादों के निस्तारण की दिशा में ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रकरणों को तेजी से निपटाकर आमजन को राहत दी जाए।अभियोजन अधिकारियों द्वारा न्यायालय में प्रभावी पैरवी की जाए, ताकि दोषियों को दंडित किया जा सके और निर्दोष को शीघ्र न्याय मिल सके। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि तामील कराने वालों को प्रॉपर ट्रेनिंग दी जाए, ताकि न्यायालय से संबंधित कार्यवाही समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से सम्पन्न हो सके। बैठक में अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) देवेन्द्र सिंह सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### मिर्जा इंटरनेशनल पर तीसरे दिन भी जांच जारी

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर। कानपुर में मिर्जा इंटरनेशनल समूह के प्रतिष्ठानों पर आयकर विभाग का छापा शनिवार को लगातार तीसरे दिन भी जारी रही। अफसरों को अब तक करीब 40 लाख की नकदी मिली है जिसे जब्त करने की प्रक्रिया की जा रही है। कुछ प्रतिष्ठानों में सोने-हीरे के गहने और मिले हैं, जिनका मूल्यांकन किया जा रहा है। कंपनी के मुनाफे और खर्च में अंतर मिल रहा है। टीमें लगातार दस्तावेजों की जांच-पड़ताल कर रही हैं। कंपनी से जुड़े निदेशकों, कर सलाहकारों, प्रबंधन, एकाउंट से जुड़े लोगों से फिर से पूछताछ कर बयान भी दर्ज किए गए हैं। निर्यात ऑर्डरों, भुगतान की जांच की जा रही है। कर चोरी की आशंका में गुरुवार को आयकर विभाग की 150 से ज्यादा अलग-अलग अफसरों की टीमों ने देश के प्रमुख चमड़ा निर्यातक मिर्जा इंटरनेशनल समूह के कानपुर, उन्नाव, दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद समेत दिल्ली, उत्तराखंड और कोलकाता में 45 से ज्यादा अलग-अलग प्रतिष्ठानों पर एक साथ छापा मारा था। उन्नाव स्थित पांच टेनरियों और फैक्टरियों के अलावा कानपुर में 25 से ज्यादा स्थानों पर कार्रवाई की गई है। कानपुर के सिविल लाइंस, पार्वती बांग्ला रोड, ग्वालटोली, जाजमऊ, मालरोड स्थित प्रतिष्ठानों के अलावा उन्नाव स्थित पांच टेनरी, सहायक इकाई यूरो फुटवियर फैक्टरी में जांच की जा रही है।

# नो हेलमेट-नो पेट्रोल अभियान निरन्तर चलाएं, जन जागरूकता अभियान भी चले: डीएम

- यह भी निर्देश दिए कि अब तक कितने लोगों को बिना हेलमेट के पेट्रोल पम्पों में पेट्रोल से वंचित किया गया और कितनों को लौटाया गया

जन एक्सप्रेस। कन्नौज



जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी को निर्देश दिए कि सड़क सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए नो हेलमेट-नो पेट्रोल जागरूकता अभियान निरन्तर चलाएं जाएं और लोगों को जागरूक किया जाए कि हेलमेट एक जीवन रक्षा कवच है, यह सिर्फ जुर्माने से बचने के लिए नहीं, बल्कि खुद की और दूसरों की जान बचाने में सहायक है। पेट्रोल पंपों पर बिना हेलमेट पेट्रोल न दिए जाने की कड़ी निगरानी की जाए। यह भी निर्देश दिए कि अब तक कितने लोगों को बिना हेलमेट के पेट्रोल पम्पों में पेट्रोल से वंचित किया गया और कितनों को लौटाया गया, इसकी स्पष्ट सूची तैयार कर उपलब्ध कराई जाए। इस पूरे कार्य में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य आम नागरिकों, विशेषकर युवाओं में हेलमेट पहनने की आदत को अनिवार्य और स्वाभाविक बनाना है। बिना हेलमेट दोपहिया वाहन के चालान की कार्रवाई प्रॉपर होनी चाहिए। स्कूलों में जागरूकता रैली व नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से हेलमेट पहनने का संदेश दिया जाये तथा छात्रों को शपथ दिलाई जाएं कि वे स्वयं हेलमेट पहनेंगे और अपने परिवार व दोस्तों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे। कहा कि पोस्टर, बैनर, होर्डिंग और सोशल मीडिया कैंपेन के माध्यम से भी प्रेरक संदेश व्यापक रूप से फैलाया जाएगा।

जिलाधिकारी ने मेहदीघाट से नेशनल हाईवे तक के मार्ग को सही कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी टी-प्वाइंट्स पर लगे साइनबोर्ड पर दिशा और दूरी की स्पष्ट जानकारी अंकित होनी चाहिए ताकि आमजन को यातायात में सुविधा हो और भ्रम की स्थिति न बने। बैठक में संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# भूपेन हजारिका के जन्म शताब्दी समारोह शामिल हुए पीएम मोदी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। गुवाहाटी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को मणिपुर दौरे के बाद असम पहुंचे। उन्होंने गुवाहाटी में भारत रत्न भूपेन हजारिका की 100वीं जयंती पर आयोजित समारोह में भाग लिया। इस मौके पर उन्होंने भूपेन हजारिका को श्रद्धांजलि अर्पित की। इससे पहले, प्रधानमंत्री मोदी ने गुवाहाटी में रोड शो किया, जहां उन्होंने सड़क पर खड़े लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। लोगों ने फूल बरसाकर उनका स्वागत किया और पूरे उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला।

### पुस्तक विमोचन और 100 रुपये स्मृति सिक्का जारी किया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भूपेन हजारिका पर आधारित एक पुस्तक का विमोचन भी किया। इस कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने भूपेन हजारिका की 100वीं जयंती के अवसर पर एक सौ रुपये का स्मृति सिक्का भी जारी किया। समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, अभी कुछ दिन पूर्व ही आठ सितंबर को भूपेन हजारिका का जन्मदिवस बीता है। इस दिन मैंने भूपेन दा को समर्पित एक लेख में अपनी भावनाएं व्यक्त की थी। मेरा सौभाग्य है कि उनके जन्म शताब्दी वर्ष के इस आयोजन में मुझे शामिल होने का अवसर मिला। उन्होंने कहा, भूपेन दा भारत की एकता और अखंडता के महानायक थे। दशकों पहले जब पूर्वोत्तर उपेक्षा का शिकार था, पूर्वोत्तर को हिंसा और अलगाववाद की आग में जलने के लिए छोड़ दिया गया था। तब भूपेन दा उस मुश्किल समय में भी भारत की एकता को आवाज देते रहे। उन्होंने समृद्ध पूर्वोत्तर का सपना देखा था, उन्होंने प्रकृति के अद्भुत सौंदर्य में बसे पूर्वोत्तर के लिए गीत गाए थे।

### असम के मुख्यमंत्री सरमा ने इस मौके पर क्या कहा?

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने इस अवसर पर कहा कि जब 2011 में भूपेन हजारिका का निधन हुआ था, तब असम की जनता चाहती थी कि प्रधानमंत्री अंतिम विदाई में शामिल हों। उन्होंने खुशी जताई कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अब उनकी 100वीं जयंती पर शामिल हुए और भूपेन दा को श्रद्धांजलि दी। सरमा ने कहा, आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमारे बीच आए हैं और भूपेन दा को सम्मानित किया है। हम असमवासी इसे कभी नहीं भूलेंगे और हम प्रधानमंत्री को हमेशा इसी वजह से याद रखेंगे।

### 'हजारिका को भारत रत्न देकर किया पूर्वोत्तर का सम्मान'

उन्होंने कहा, एक सच्चे राष्ट्र भक्त के हृदय से निकली आवाज कभी निष्फल नहीं होती। आज पूर्वोत्तर को लेकर उनके सपनों को साकार करने के लिए हम दिन-रात काम कर रहे हैं। हमारी सरकार ने भूपेन दा को भारत रत्न देकर पूर्वोत्तर के सपनों और स्वाभिमान का सम्मान किया और पूर्वोत्तर को देश की प्राथमिकता भी बनाया। हमने देश के सबसे लंबे ब्रिज में से एक असम और अरूणाचल को जोड़ने वाला ब्रिज बनाया और उसका नाम भूपेन हजारिका ब्रिज रखा। आज असम और पूरा पूर्वोत्तर तेज गति से आगे बढ़ रहा है। विकास के हर आयाम में नए रिकॉर्ड बनाए जा रहे हैं। विकास की ये उपलब्धियां देश की ओर से भूपेन दा को सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने कहा, असम ने हमेशा देश के स्वाभिमान को स्वर दिया है। यही स्वर हमें भूपेन दा के गीतों में भी सुनाई देते हैं। जब 1962 का युद्ध हुआ तो असम उस लड़ाई को प्रत्यक्ष देख रहा था। तब भूपेन दा ने देश की प्रतिज्ञा को बुलंद किया था... उस प्रतिज्ञा ने देशवासियों में नया जोश भर दिया था।

### 'आज भी लोगों को उर्जा देती है भूपेन हजारिका की आवाज'

मोदी ने कहा कि भूपेन हजारिका आज हमारे बीच शारीरिक रूप से मौजूद नहीं हैं, लेकिन उनकी आवाज आज भी लोगों को ऊर्जा देती है। उन्होंने बताया कि उनका संगीत एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना को दर्शाता है और वह भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं में गहराई से जुड़े हुए थे।

## नौसेना को मिला दूसरा पनडुब्बी रोधी युद्धक पोत 'अंद्रोथ'

# अत्याधुनिक कॉम्बैट सिस्टम है लैस



### पोत अंद्रोथ की खासियतें

- खोजी अभियान और हमला करने में सक्षम
- स्वदेशी 30 मिमी नेवल सरफेस गन से है लैस
- आधुनिक कॉम्बैट मैनेजमेंट सिस्टम से है सुसज्जित
- हल्के टॉरपीडो और पनडुब्बी रोधी रॉकेट भी लगाए जाएंगे
- विमान के साथ संयुक्त पनडुब्बी रोधी अभियान चला सकता है
- तटीय जल में पनडुब्बियों की पूरी निगरानी करने में सक्षम

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय नौसेना को दूसरा पनडुब्बी रोधी युद्धक पोत अंद्रोथ मिल गया है। रक्षा क्षेत्र की सार्वजनिक उपक्रम कंपनी गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) लिमिटेड ने पनडुब्बी रोधी युद्धक पोत अंद्रोथ भारतीय नौसेना को सौंपा दिया है। पनडुब्बी रोधी युद्धक पोत अंद्रोथ मिलने के बाद नौसेना की शक्ति काफी इजाफा होगा। इस पोत का नाम लक्षद्वीप द्वीपसमूह के अंद्रोथ द्वीप पर रखा गया है। यह इस श्रृंखला का दूसरा पोत है। इससे पहले 8 मई को पहला पोत अर्नाला नौसेना को सौंपा गया था। जिसे 18 जून को नौसेना में शामिल कर लिया गया। जीआरएसई के अधिकारी ने बताया कि इस श्रेणी के पोत पर स्वदेशी 30 मिमी नेवल सरफेस गन (एनएसजी) लगाई गई है। जिसे खुद जीआरएसई ने ही तैयार किया है। भारतीय नौसेना ने कुल 16 ऐसे पोतों का ऑर्डर दिया है। जिनमें आठ जीआरएसई और आठ एक अन्य भारतीय शिपयार्ड की ओर से बनाए जा रहे हैं। जीआरएसई द्वारा सभी आठ एएसडब्ल्यूएसडब्ल्यूसी लॉन्च किए जा चुके हैं, लेकिन यह नौसेना को सौंपा गया दूसरा जहाज है। उन्होंने कहा कि ये जहाज तटीय जल की पूर्ण पैमाने पर भूमिगत निगरानी के साथ-साथ खोज और हमले में भी सक्षम हैं। यह पोत विमानों के साथ समन्वित पनडुब्बी रोधी अभियान चलाने में सक्षम है। इनमें अत्याधुनिक कॉम्बैट मैनेजमेंट सिस्टम लगाया गया है और इन्हें हल्के टॉरपीडो तथा पनडुब्बी रोधी रॉकेटों से लैस किया जाएगा।

## तीन विधेयकों की जेपीसी जांच पर बोले लोकसभा अध्यक्ष

# किसी भी दल ने लिखित में बहिष्कार नहीं किया

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शनिवार को कहा कि किसी भी राजनीतिक दल ने उन्हें यह लिखित रूप में जानकारी नहीं दी है कि वह संसद की उस संयुक्त समिति (जेपीसी) का बहिष्कार करना चाहता है, जो उन तीन विधेयकों की जांच करेगी, जिसमें गंभीर आरोप में लगातार तीस दिन तक गिरफ्तार रहने वाले उच्च पदस्थ शीर्ष अधिकारियों को पद से हटाने का प्रावधान है। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी), समाजवादी पार्टी, शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) और आम आदमी पार्टी पहले ही कह चुकी हैं कि वह समिति का हिस्सा नहीं बनेंगी, वहीं, कांग्रेस ने इस मुद्दे पर अब तक अपनी स्थिति स्पष्ट नहीं की है। ओम बिरला ने एक सवाल के जवाब में कहा, संयुक्त समिति को लेकर किसी भी राजनीतिक दल ने मुझे इस विषय पर लिखित रूप में कुछ नहीं बताया है। मानसून सत्र के अंतिम दिन केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने लोकसभा में तीन अहम विधेयक पेश किए थे- केंद्र शासित प्रदेश (संशोधन) विधेयक, संविधान (130वां संशोधन) विधेयक और जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक। इन विधेयकों में यह प्रावधान है कि अगर प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री या मंत्री किसी गंभीर आरोप में लगातार 30 दिनों तक गिरफ्तार रहते हैं, तो उन्हें पद से हटा दिया जाएगा। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि उन्होंने राजनीतिक दलों से अनुरोध किया है कि वे अपने-अपने सांसदों के नाम समिति के लिए भेजें। ओम बिरला ने कहा, जब राजनीतिक दलों से सांसदों के नाम मिल जाएंगे, तब संयुक्त समिति का गठन कर दिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि संसदीय समितियां राजनीति से ऊपर होती हैं और इनमें सदस्य खुलकर अपने विचार रख सकते हैं। वहीं, इन विधेयकों का विपक्ष ने तीखा विरोध किया है। विपक्षी दलों का कहना है कि ये विधेयक असांविधानिक हैं और इनका मकसद राज्यों की सत्ता में बैठे नेताओं को निशाना बनाना है। जैसे ही ये विधेयक पेश किए गए, गृहमंत्री ने लोकसभा अध्यक्ष से आग्रह किया कि इन विधेयकों को जांच के लिए संयुक्त समिति को भेजा जाए, जिसमें लोकसभा से 21 और राज्यसभा से 10 सदस्य होंगे।

# लोनी में अराजक तत्वों का आतंक, पुलिस पर उठे सवाल

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद

गाजियाबाद के लोनी क्षेत्र में अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि दिनदहाड़े फर्नीचर व्यापारी पर चाकू से हमला कर दिया गया। यह सनसनीखेज वारदात थाना लोनी बॉर्डर क्षेत्र के इंद्रापुरी चौकी इलाके में हुई है। सूत्रों के मुताबिक, इंदिरापुरी सर्विस रोड पर पिरामल फाइनेंस के पास एम.के. टिंबर नाम से फर्नीचर की दुकान चलाने वाले व्यापारी अपने केबिन में बैठे थे। तभी कुछ अज्ञात हमलावर अचानक दुकान में घुसे और व्यापारी पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिए। हमले की आवाज सुनकर पास ही स्थित जनता होटल के संचालक और कर्मचारी मौके पर दौड़े, लेकिन तब तक आरोपी वारदात को अंजाम देकर मौके से फरार हो गए। वारदात की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल व्यापारी को अस्पताल में भर्ती कराया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इंद्रापुरी चौकी पुलिस की लापरवाही और इलाके में बढ़ते अपराधियों के हौसले इस घटना के लिए जिम्मेदार हैं। लोगों का कहना है कि आए दिन चोरी, लूट और हमले की घटनाएं हो रही हैं, लेकिन पुलिस सिर्फ गश्त का दिखावा करती है। अब देखना यह होगा कि लोनी पुलिस इस गंभीर वारदात के बाद कितनी तेजी और मजबूती से कार्रवाई करती है या फिर यह मामला भी फाइलों में दबकर रह जाएगा।

## अमित शाह करेंगे एएनटीएफ प्रमुखों के राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन, जारी करेंगे एनसीबी की वार्षिक रिपोर्ट

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह 16 सितंबर को नई दिल्ली में राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के एंटी-नार्कोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) प्रमुखों के दूसरे राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर गृह मंत्री नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) की वार्षिक रिपोर्ट-2024 जारी करेंगे। इसके अलावा ऑनलाइन ड्रग विनष्टीकरण अभियान की शुरुआत की जाएगी। 16 और 17 सितंबर को आयोजित होने वाले इस सम्मेलन में 36 राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के एएनटीएफ प्रमुखों के साथ-साथ अन्य सरकारी विभागों के हितधारक भाग लेंगे। यह सम्मेलन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नशा-मुक्त भारत के संकल्प को मजबूत करने और इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए एक रोडमैप तैयार करने के लिए एक रणनीतिक मंच प्रदान करेगा। नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो द्वारा आयोजित इस सम्मेलन का विषय संयुक्त संकल्प, साझा जिम्मेदारी÷ है। सम्मेलन में सभी संबंधित हितधारकों द्वारा देश में मादक पदार्थों की समस्या से निपटने के लिए किए गए सामूहिक प्रयासों की व्यापक समीक्षा और विश्लेषण किया जाएगा तथा भविष्य के रोडमैप पर विचार-विमर्श होगा। सम्मेलन में मादक पदार्थों की आपूर्ति, मांग और नुकसान कम करने सहित विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा के साथ ही उनके राष्ट्रीय सुरक्षा निहितार्थ और देश में मादक पदार्थों के कानून प्रवर्तन को मजबूत करने के लिए उठाए जाने वाले कदमों पर भी विचार किया जाएगा।

## पांडुलिपियों को संजोने के लिए नई दिल्ली घोषणा पत्र जारी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

भारत की पांडुलिपि विरासत पर एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में नई दिल्ली घोषणा पत्र अपनाया गया। इसका मकसद पांडुलिपियों को सुरक्षित रखना, उनका डिजिटलीकरण करना और उनके माध्यम से ज्ञान को फैलाना है। इस घोषणा पत्र में कहा गया, पांडुलिपियां किसी भी देश की जीवंत स्मृति होती हैं और उसकी सभ्यता की पहचान की नींव मानी जाती हैं। नई दिल्ली घोषणा पत्र में संकल्प लिया गया, हम इस विशाल खजाने को संरक्षित करेंगे, उसे डिजिटलीकृत करेंगे और उसका व्यापक प्रसार करेंगे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का हुआ सफल आयोजन

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद

गाजियाबाद जिला न्यायालय परिसर में आज राष्ट्रीय लोक अदालत का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपर जिला जज प्रथम ने जानकारी देते हुए बताया कि लोक अदालत का उद्देश्य आम जनता को त्वरित और सुलभ न्याय उपलब्ध कराना है। इसमें विभिन्न प्रकार के वादों का निस्तारण सुलह और समझौते के आधार पर मौके पर ही किया जाता है, जिससे लोगों का समय और धन दोनों की बचत होती है। उन्होंने बताया कि लोक अदालत के आयोजन को सफल बनाने के लिए पूर्व से ही व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया गया था, ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें। इस प्रक्रिया से एक ओर जहां विभिन्न विभागों को राजस्व की वसूली में मदद मिलती है, वहीं दूसरी ओर न्यायालयों पर लंबित मुकदमों का बोझ भी कम होता है। अपर जिला जज प्रथम ने कहा कि लोक अदालत का आयोजन न्याय व्यवस्था को अधिक प्रभावी और जनहितकारी बनाने का महत्वपूर्ण कदम है। इसके माध्यम से पक्षकार आपसी सहमति से विवादों का समाधान कर सकते हैं। न्यायालय ने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया है कि वे अधिक से अधिक मामलों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें, ताकि जनता को शीघ्र न्याय मिल सके और लोक अदालत की सार्थकता सिद्ध हो।

# लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने सड़क पर उतरकर संभाली ट्रैफिक व्यवस्था

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद



गाजियाबाद के लोनी में शनिवार सुबह दिल्ली-सहारनपुर रोड पर भयंकर ट्रैफिक जाम ने लोगों को परेशान कर रखा था। इस बीच, बीजेपी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने लोनी तिराहे पर स्थिति को देखते हुए स्वयं कमान संभाली। अपनी कार से उतरकर वे सड़क पर पहुंचे और ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु करने में जुट गए। उनकी इस तत्परता ने न केवल जाम को जल्दी खत्म करवाया, बल्कि जनता के बीच उनकी सक्रियता की एक बार फिर मिसाल कायम की। जाम की स्थिति को नियंत्रित करने के दौरान विधायक ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने कहा, ÷सुबह से धूप में खड़ा हूं, और एक अधिकारी मेरे सामने से निकल गया, लेकिन रुका तक नहीं। ऐसी लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं होगी।÷ विधायक ने स्पष्ट किया कि जनता को जाम और खराब सड़कों की समस्या से राहत दिलाना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने चेतावनी दी कि इस दिशा में कोताही बरतने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। नंदकिशोर गुर्जर ने मौके पर वाहन चालकों से बात की और ट्रैफिक को व्यवस्थित करने के लिए तत्काल निर्देश दिए। उनके हस्तक्षेप के बाद करीब आधे घंटे में जाम की स्थिति सामान्य हो गई। विधायक ने स्थानीय लोगों को आश्वासन दिया कि लोनी की सड़कों को जल्द ही गड्ढामुक्त किया जाएगा और ट्रैफिक जाम की समस्या का स्थायी समाधान निकाला जाएगा। स्थानीय लोगों ने विधायक की इस सक्रियता की जमकर सराहना की। कई लोगों ने कहा कि जनता की समस्याओं को सीधे सड़क पर उतरकर सुलझाने का उनका अंदाज अनूठा है। यह पहला मौका नहीं है जब नंदकिशोर गुर्जर ने प्रशासनिक लापरवाही के खिलाफ सख्त रुख अपनाया हो। वे लगातार क्षेत्र की समस्याओं, जैसे सड़क, पानी, और बिजली, को लेकर सक्रिय रहते हैं और अधिकारियों को जवाबदेह बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ते। लोनी में ट्रैफिक जाम और खराब सड़कों की समस्या लंबे समय से चली आ रही है। विधायक के इस प्रयास ने न केवल तात्कालिक राहत प्रदान की, बल्कि प्रशासन को भी यह संदेश दिया कि जनता की समस्याओं के प्रति गंभीरता दिखानी होगी। भविष्य में ऐसे प्रयास क्षेत्र की समस्याओं को हल करने में महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं।

# केंद्र ने ब्यूरोक्रेसी में किया बड़ा फेरबदल

## 35 अधिकारियों को नई जिम्मेदारी, पवन शर्मा बने उप निर्वाचन आयुक्त



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने शनिवार को बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए कई वरिष्ठ अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी है। इसमें दो सीनियर आईएएस अधिकारियों का भी नाम शामिल है, जिन्हें अहम जिम्मेदारियां सौंपी गई है। इसके तहत वर्तमान में रक्षा मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव के पद पर कार्यरत मध्यप्रदेश कैडर के 1999 बैच के आईएएस अधिकारी पवन कुमार शर्मा अब उप निर्वाचन आयुक्त नियुक्त किए गए हैं। उन्हें भारत सरकार में अतिरिक्त सचिव के वेतन और रैंक में यह जिम्मेदारी दी गई है। साथ ही पश्चिम बंगाल कैडर की 2008 बैच की आईएएस अधिकारी वी ललितालक्ष्मी को उपराष्ट्रपति सचिवालय में संयुक्त सचिव बनाया गया है।

### 35 नियुक्तियों में कुछ प्रमुख नियुक्तियां इस प्रकार है

बता दें कि केंद्र सरकार ने प्रशासनिक दक्षता बढ़ाने के उद्देश्य से 35 वरिष्ठ अधिकारियों की नई नियुक्तियां की हैं। इन अधिकारियों को विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में संयुक्त सचिव और समकक्ष पदों पर तैनात किया गया है। इनमें फार्मास्युटिकल्स विभाग में अमन शर्मा, पर्यावरण मंत्रालय में तरुण कुमार पिथोड़े, आर्थिक मामलों में अमित सिंगला, व्यय विभाग में एकरूप कौर, वित्तीय सेवा विभाग में शालिनी पंडित और परमाणु ऊर्जा विभाग में निधि पांडेय को नियुक्त किया गया है।

### राष्ट्रीय संग्रहालय में अतिरिक्त महानिदेशक बनीं मीनाक्षी जॉली

वहीं, मीनाक्षी जॉली को संस्कृति मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय संग्रहालय में अतिरिक्त महानिदेशक बनाया गया है। इसके अलावा, अद्विता सिन्हा को राष्ट्रीय रक्षा कॉलेज में, चेतना नंद सिंह को सड़क परिवहन मंत्रालय में, हरीकिशोर एस को पर्यटन मंत्रालय में और शिल्पा शिंदे को जल व विद्युत परामर्श सेवा कंपनी का अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक नियुक्त किया गया है।

### जल संसाधन विभाग में संयुक्त सचिव बने सुमंत

वहीं सुमंत नारायण को जल संसाधन विभाग, अजीत कुमार और राधिका झा को महिला एवं बाल विकास मंत्रालय तथा मंसूर हसन खान को युवा मामले विभाग में संयुक्त सचिव और वित्तीय सलाहकार की जिम्मेदारी दी गई है। सभी नियुक्तियों के आदेश कार्मिक मंत्रालय द्वारा जारी किए गए।

## न्यायपालिका-कार्यपालिका में संतुलन अहम, विदाई समारोह पर बोले कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवज्ञानम ने शनिवार को कहा कि न्यायपालिका और कार्यपालिका के बीच संबंधों में कूटनीति यानी राजनय जरूरी है। उन्होंने साफ कहा कि अपने कार्यकाल में उन्होंने हमेशा दोनों पक्षों के बीच एक नाजुक संतुलन बनाए रखने की कोशिश की। मुख्य न्यायाधीश 15 सितंबर को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। शिवज्ञानम ने कहा कि कोलकाता ने उनके कार्यकाल को खास बना दिया। वे अक्टूबर 2021 में कलकत्ता हाईकोर्ट में जज बने और मई 2023 में मुख्य न्यायाधीश के पद पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट का मुखिया होना सिर्फ न्यायिक फैसले देने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें राज्य सरकार और न्यायपालिका के बीच संतुलन बनाए रखना भी बड़ी जिम्मेदारी है। मुख्य न्यायाधीश ने टाउन हॉल में आयोजित विदाई समारोह में कहा कि न्यायपालिका और कार्यपालिका के बीच राजनय बेहद जरूरी है।

# 'दक्षिण मुंबई जमीन सौदा रद्द करे, वरना जाएंगे अदालत'

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई




मुंबई के नरिमन पॉइंट स्थित एक जमीन की बिक्री को लेकर कांग्रेस ने महाराष्ट्र सरकार को कड़ी चेतावनी दी है। कांग्रेस ने शनिवार को महाराष्ट्र सरकार से मांग की कि वह दक्षिण मुंबई के नरिमन पॉइंट स्थित उस जमीन की बिक्री को रद्द करे, जिसे हाल ही में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) को बेचा गया है। पार्टी ने चेतावनी दी है कि अगर यह फैसला वापस नहीं लिया गया, तो वह कोर्ट का रुख करेगी। बता दें कि मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (एमएमआरसी) ने बीते पांच सितंबर को लगभग 16,842 वर्गमीटर (करीब 4.1 एकड़) जमीन का बिक्री करार आरबीआई के साथ किया। यह सौदा 3,471.82 करोड़ रुपये में हुआ है, जिससे मेट्रो-3 (कोलाबा-बांद्रा-एसईईपीजेड) परियोजना के लिए धन जुटाया जाना है।

### कांग्रेस ने सौदे को बताया धोखाधड़ी

मामले में कांग्रेस प्रवक्ता सचिन सावंत ने इस सौदे को एकतरफा और धोखाधड़ी बताया। उन्होंने कहा कि इस जमीन पर पहले विभिन्न राजनीतिक दलों के दफ्तर थे। सरकार और मेट्रो प्राधिकरण ने 2015-16 में यह आश्वासन दिया था कि मेट्रो कार्य पूरे होने के बाद सभी दलों को उसी जगह पर नए दफ्तर दिए जाएंगे। इस दौरान उन्होंने आरोप लगाया कि कि सौदे से पहले किसी भी पार्टी से सलाह-मशविरा नहीं किया गया। जमीन की वास्तविक बाजार कीमत करीब 5,200 करोड़ है, जबकि यह 3,400 करोड़ में बेची गई, जिससे राज्य को 1,800 करोड़ का नुकसान हुआ। यहां तक कि आरबीआई को भी गुमराह किया गया, उसे पहले किए गए आश्वासन की जानकारी नहीं दी गई।

### गणेश पाटिल ने दिया कोर्ट जाने की चेतावनी

वहीं कांग्रेस के उपाध्यक्ष गणेश पाटिल ने कहा कि पार्टी ने इस संबंध में सरकार और एमएमआरसी को पत्र लिखकर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि अगर पुराने आश्वासन के अनुसार उन्हें दफ्तर नहीं मिला, तो वे अदालत जाएंगे। गौरतलब है कि 33 किलोमीटर लंबी मेट्रो-3 लाइन के दो फेज पहले से चालू हैं। तीसरा और अंतिम फेज़ वर्ली से कफ परेड तक जल्द शुरू होने की उम्मीद है।

# कबूतरों से कोई नुकसान नहीं, पटाखों का प्रदूषण में ज्यादा योगदान: मेनका गांधी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी ने शनिवार को उम्मीद जताई कि मुंबई के कबूतरखानों को फिर से खोला जाएगा। उन्होंने कहा कि कबूतरों से किसी को कोई नुकसान नहीं हुआ है, जबकि प्रदूषण फैलाने में पटाखों का बड़ा योगदान है। मुंबई में एक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद मेनका गांधी ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कबूतरखानों को लेकर फैसला लेने के लिए एक समिति बनाई है। मुझे भरोसा है कि समिति की रिपोर्ट कबूतरखानों को खोलने के पक्ष में होगी।

### कबूतरों की वजह से नहीं हुई किसी की मौत

बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) ने पिछले महीने कबूतरों को सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए खतरा मानते हुए शहर के कुछ पुराने कबूतरखाने बंद कर दिए थे और वहां पर दाना डालने पर रोक लगा दी थी। मेनका गांधी ने कहा कि भारत की नींव करुणा पर टिकी हुई है। यह जीवन जीने और दूसरों को भी जीने देने के सिद्धांत पर आधारित है। आज तक ऐसा कोई उदाहरण नहीं है कि किसी की मौत कबूतरों की वजह से हुई हो। कबूतरों से किसी को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। उन्होंने बताया कि मुंबई में 57 कबूतरखाने हैं, जिनमें से कुछ को बंद कर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने इस मामले पर फैसला लेने के लिए एक समिति गठित की है, जो एक महीने के भीतर अपनी रिपोर्ट देगी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध निदेशक- इन्द्र बहादुर सिंह, प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)